
हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

वेनेजुएला में आए भूकंप से बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान

अब तक 600 लोगों की मौत की पुष्टि जबकि 2,980 घायल







## वेनेजुएला तबाह, मलबे के नीचे से आ रहीं आवाजें

# सैकड़ों की मौत, हजारों अब भी लापता

एजेंसी ▶▶| कराकस

हरिभूमि फॉलोअप

दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में बुधवार को आए विनाशकारी भूकंप ने भारी तबाही मचाई है। अब तक 600 लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है, जबकि 2,980 लोग घायल हैं और 39 हजार से ज्यादा लोग लापता हैं। राजधानी कराकस सहित कई शहरों में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। अब तक सैकड़ों लोगों ▶▶| शेष पेज 7 पर



कर्मियों ने महिला को सुरक्षित निकाला

### 10 हजार से ज्यादा के मरने की आशंका

अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक भूकंप से 10 हजार से ज्यादा लोगों के मारे जाने की 44% आशंका है। वहीं, एक लाख लोगों के जान गंवाने की 30% आशंका है। इस आपदा से वेनेजुएला की अर्थव्यवस्था को 10 लाख करोड़ रुपए के नुकसान का अनुमान है। कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने आपातकाल लगा दिया है। दुनियाभर से मदद की पेशकश की गई है।

### चमत्कार की कहानी मलबे में बच्ची का जन्म

मौत और तबाही के बीच इंसानी जज्बे की ये कहानियां दुनिया भर के लोगों को भावुक कर रही हैं। तबाही के बीच चमत्कार भी नजर आया है। रेस्क्यू टीम ने ढह चुकी इमारत की छत को तोड़कर एक नवजात बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला। मलबे के नीचे दबी एक गर्भवती महिला ने बच्ची को जन्म दिया था। चारों तरफ कंक्रीट और तबाही होने के बावजूद, मां और नवजात बच्चा दोनों सुरक्षित बच गए। बचाव दल ने मौके पर ही उन्हें जरूरी मेडिकल मदद दी और फिर सावधानी से अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों का इलाज चल रहा है. ▶▶| शेष पेज 7 पर




# आखिरकार चंपत और अनिल ने दिया इस्तीफा

# चंदा चोरी विवाद के बीच राम मंदिर ट्रस्ट छोड़ा

राम मंदिर दान प्रकरण में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। राम जन्मभूमि ट्रस्ट के दो सदस्य चंपत राय और अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया है। एसआईटी की शुरुआती रिपोर्ट में कठोर संस्तुति के बाद यह बड़ा फैसला लिया गया। एसआईटी की सिफारिश पर मामले में एफआईआर पहले ही दर्ज की जा चुकी है। इस्तीफों को जांच में हुई कार्रवाई से जोड़कर देखा जा रहा है। इधर, शुक्रवार को सभी 8 आरोपियों का मेडिकल कराने के बाद इन्हें कोर्ट में पेश कर 14 दिन के लिए जेल भेज दिया गया है।

- राम मंदिर दान प्रकरण में सामने आया बड़ा घटनाक्रम
- गिरफ्तार 8 आरोपियों को भेजा गया न्यायिक हिरासत में
- चोरी का मामला पहली बार 7 जून को आया था सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अयोध्या के राममंदिर में चंदाचोरी को लेकर देशभर में बवाल मचा हुआ है। लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। इस मामले में गिरफ्तारी के बाद अब ताजा घटनाक्रम में राम जन्मभूमि ट्रस्ट के दो सदस्य चंपत राय और अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों के अनुसार, यह घटनाक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त रुख और एसआईटी की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के बाद सामने आया है। इसी क्रम में ▶▶| शेष पेज 7 पर





### जेल भेजे गए टिन्नू सहित 8 आरोपी

चढ़ावा चोरी मामले में गुरुवार देर शाम ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर पहली एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसमें चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा समेत अन्य बड़े पदाधिकारियों के नाम नहीं हैं। इसके बाद गुरुवार देर रात रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू समेत 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आज शुक्रवार को सभी 8 आरोपियों का मेडिकल कराने के बाद इन्हें कोर्ट में पेश किया गया। सीजेएम कोर्ट ने सभी आरोपियों को 14 दिन के लिए जेल भेज दिया है।

### जानिए किस पर क्या आरोप

- **रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू:** अगर पूरे सिस्टम को देखें तो टिन्नू की जिम्मेदारी सबसे शुरुआती चरण की थी। एफआईआर के मुताबिक, वे मंदिर परिसर में रखे दानपात्रों की निगरानी करते थे और उन्हें बेसमेंट तक पहुंचाने का काम देखते थे। आरोप है कि इसी दौरान करोड़ों रुपये के चढ़ावे में कथित गबन किया गया और उससे अयोध्या व आसपास के जिलों में संपत्तियां बनाई गईं।
- **लवकुश मिश्रा:** लवकुश मिश्रा कैश काउंटिंग टीम का हिस्सा थे। उन पर आरोप है कि कैश काउंटिंग के दौरान रकम में कथित हेराफेरी की गई। जांच के दौरान उनके घर से करीब 12 लाख रुपये कैश मिलने का दावा किया गया है। जांच एजेंसियां अब इस रकम के सोर्स की भी जांच कर रही हैं।
- **अनुकल्प मिश्रा:** अनुकल्प मिश्रा भी कैश काउंटिंग रूम में काम करते थे। एफआईआर के अनुसार, उन पर आरोप है कि गिनती के दौरान कथित तौर पर रकम ▶▶| शेष पेज 7 पर

# इस्लाम अपनाने के बाद नहीं कर सकते ओबीसी आरक्षण का दावा




एजेंसी ▶▶| चेन्नई

मद्रास हाई कोर्ट ने कहा कि इस्लाम धर्म अपनाने के बाद व्यक्ति पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का मुसलमान होने का दावा नहीं कर सकता। साथ ही कोर्ट ने ऐसे मामलों में आरक्षण देने वाले तमिलनाडु सरकार के 2024 के आदेश को असंवैधानिक घोषित कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कुछ संप्रदायों को पिछड़ा और बाकी को उभरता कहना कुरान के आदेशों के विपरीत है।जस्टिस जी. आर. स्वामीनाथन और पी. बी. बालाजी की बेंच ने एक व्यक्ति के ▶▶| शेष पेज 7 पर

### यह कहा कोर्ट ने

हिंदू व्यक्ति का इस्लाम अपनाना भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत उसके मौलिक अधिकार का प्रयोग माना जा सकता है, लेकिन जब वह इस तरह के आरक्षण का लाभ लेने का दावा करता है, तो इससे इस मांग की वैधता और कानूनी औचित्य पर एक और बहस छिड़ जाती है। याचिकाकर्ता ने 2016 में इस्लामी रीति-रिवाजों के मुताबिक एक महिला से निकाह किया था और उनके दो बच्चे हैं। उन्होंने मुस्लिम लेब्बाई के रूप में अपना पहचान-पत्र बनवाने के लिए आवेदन किया था, क्योंकि वह उस विशेष समुदाय के धर्म का पालन करते हैं।

## खबर संक्षेप

### दीक्षित नए आईबी चीफ डेका की लेंगे जगह

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के स्पेशल डायरेक्टर महेश दीक्षित को देश की आंतरिक खुफिया एजेंसी का नया चीफ नियुक्त किया है। वे 30 जून को कार्यकाल पूरा कर रहे तपन कुमार डेका की जगह लेंगे। केंद्र सरकार ने महेश को दो साल के लिए आईबी डायरेक्टर नियुक्त किया है। फिलहाल आईबी में स्पेशल डायरेक्टर और एजेंसी के दूसरे सबसे वरिष्ठ अधिकारी थे।

नारको सेंटर की बैठक

## ड्रग माफियाओं पर प्रहार, शाह ने जारी किया नया रोडमैप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश में नशीले पदार्थों के कारोबार के खिलाफ केंद्र सरकार अपनी कार्रवाई को और तेज करने जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को नारको-कोऑर्डिनेशन सेंटर की 10वीं शीर्ष-स्तरीय बैठक की की। इस दौरान उन्होंने 'नारकोटिक्स कंट्रोल विजन डॉक्यूमेंट 2026-2029' जारी किया। इससे देश को ड्रग्स मुक्त बनाने के लिए अगले तीन वर्षों का रोडमैप तय किया गया। केंद्र और राज्य सरकारों के साथ विभिन्न जांच एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

### छह हजार करोड़ के नशीले पदार्थ किए गए नष्ट

गृह मंत्री ने इस दौरान 'ऑनलाइन ड्रग डिस्पोजल फोर्टनाइट कैंपेन' की भी शुरुआत की। इस अभियान के तहत देशभर में जब्त किए गए लगभग 2,09,500 किलोग्राम नशीले पदार्थों को कानूनी प्रक्रिया के तहत नष्ट किया। इन नशीले पदार्थों की अनुमानित कीमत करीब 6,000 करोड़ रुपये बताई गई है। सरकार का मानना है कि यह अभियान ड्रग तस्करी के नेटवर्क को कमजोर करने में अहम भूमिका निभाएगा। इसके लिए देशभर में अभियान चलाया जाएगा।

## घर में घुस युवती के बारे में पूछा सामने आते ही गोली मारकर की हत्या

*बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने सिर में मारी गोली, तीन राउंड फायरिंग के बाद फरार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सक्ती

जिले के जोंगरा गांव में शुक्रवार सुबह बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर एक युवती की गोली मारकर हत्या कर दी। हमलावरों ने उसके सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर ताबड़तोड़ तीन राउंड फायरिंग की और कुछ ही सेकंड में मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दिनदहाड़े गोलीकांड की वारदात ने पूरे जिले को झकझोर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे दो अज्ञात ▶▶| शेष पेज 7 पर



### तकनीकी साक्ष्य खंगाल रही पुलिस

फोरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और वारदात में प्रयुक्त बाइक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। जिले से बाहर जाने वाले मार्गों पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस का कहना है कि तकनीकी साक्ष्यों और प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के आधार पर जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने की उम्मीद है।

### हत्या का कारण अब भी रहस्य

फिलहाल हत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस व्यक्तिगत रंजिश, पेशेवर विवाद सहित सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही है। परिजनों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। दिनदहाड़े घर में घुसकर हुई इस हत्या ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

परमिट लिया लेकिन गाड़ी नहीं चलाते, वजह दूसरों का समय बरबाद करना

# बसों के संचालन में टाइमिंग घोटाला, 120 बसों के संचालकों को नोटिस, चेतावनी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में बसों का परमिट लेकर भी गाड़ी नहीं चलाने वाले और परमिट का नवीनीकरण नहीं कराने वाले 120 बस संचालकों को परिवहन विभाग ने नोटिस जारी किया है और कहा है कि वे परमिट का नवीनीकरण कराएं, नहीं तो उनके परमिट निरस्त कर दिए जाएंगे। ऊपरी तौर पर ये एक सामान्य मामला नजर आता है, लेकिन परिवहन विभाग के उच्च पदस्थ आधिकारिक ▶▶| शेष पेज 7 पर

### ये है मामला

छत्तीसगढ़ में बस संचालन में करोड़ों का कारोबार करने वाले अब टाइमिंग घोटाला भी कर रहे हैं। दरअसल एक यात्री बस के बस स्टैंड से छूटने के लिए एक निर्धारित समय दिया जाता है। इसी समय पर गाड़ियां रवाना होतीं। एक के बाद दूसरी गाड़ी के लिए समय दिया जाता है, लेकिन कई बस संचालक अपनी गाड़ी के आगे के समय के 2-3 परमिट ले लेते हैं, लेकिन उस परमिट पर गाड़ी नहीं चलाते, इसकी वजह से उनकी गाड़ी में सवारी भरने के ▶▶| शेष पेज 7 पर



### रिनीवनल नहीं तो परमिट होगा कैंसिल

छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को नियमित करने के लिए क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) ने गैर-नवीनीकृत बस परमिटों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। आरटीए, नवा रायपुर ने ऐसे सभी बस संचालकों को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है, जिन्होंने निर्धारित समय सीमा के बावजूद अपने परमिट का नवीनीकरण नहीं कराया है। चेतावनी दी गई है कि संतोषजनक जवाब नहीं मिलने या नवीनीकरण नहीं कराने की स्थिति में संबंधित परमिट रद्द कर दिए जाएंगे और उन रूटों के लिए नए आवेदन आमंत्रित कर अन्य इच्छुक बस संचालकों को परमिट जारी किए जाएंगे।

### अब जीपीएस से रखी जाएगी नजर

परिवहन विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार बस संचालकों के इस टाइमिंग घोटाले पर नई तकनीक जीपीएस सिस्टम से शिकंजा कसा जाएगा। बताया गया है कि 2019 के बाद बनी सभी बसों में जीपीएस सिस्टम इनबिल्ट है। लेकिन बस वाले इसे बंद करके रखते हैं। लेकिन अब परिवहन विभाग ने जीपीएस सिस्टम को चालू रखना अनिवार्य कर दिया है। अब जीपीएस सिस्टम से ये भी देखा जाएगा कि किस ▶▶| शेष पेज 7 पर



## होर्मुज में फिर बढ़ा तनाव

# ओमान के पास जहाज पर हमला जहाजों का निकासी अभियान रोका

एजेंसी ▶▶| ताइवान

मिडिल ईस्ट में सामान्य होते हालात के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर नई चिंता सामने आई है। ब्रिटिश समुद्री सुरक्षा एजेंसी यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस के मुताबिक, सिंगापुर के झंडे वाला मालवाहक जहाज एवर लवली ओमान के समुद्री क्षेत्र के पास यात्रा कर रहा था, तभी उस पर एक प्रोजेक्टाइल (विस्फोटक वस्तु) से हमला हुआ।

इस घटना के बाद संयुक्त राष्ट्र के इंटरनेशनल मैरीटाइम ऑर्गनाइजेशन ने खाड़ी क्षेत्र से फंसे जहाजों को निकालने का काम अस्थायी रूप से रोक दिया है। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते पर सहमत होने के बाद, यूएन की एजेंसी इस क्षेत्र में फंसे जहाजों और नाविकों को निकालने में जुटी थी।



### गलत रास्ते का कर रहे थे इस्तेमाल : ईरान

यह घटना उस समय सामने आई जब ईरान ने जहाजों को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के उन रास्तों से न गुजरने को कहा था जिस मार्ग को तेहरान ने मंजूरी नहीं दी है। ईरान के पर्शियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी ने कहा था कि जो भी जहाज तय किए गए मार्गों के बाहर से गुजरेंगे, उन्हें सुरक्षित रास्ते की गारंटी नहीं दी जाएगी। हालांकि आईएमओ ने यह भी साफ किया कि जिस जहाज पर हमले की रिपोर्ट आई है, वह उसके निकासी अभियान का हिस्सा नहीं था।

### स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से निकलने के लिए बनाए गए थे दो रास्ते

आईएमओ की ओर से शुरू किए गए इस अभियान के तहत जहाजों को खाड़ी क्षेत्र से बाहर निकलने के लिए दो वैकल्पिक रास्ते दिए गए थे. पहला मार्ग ईरानी जल क्षेत्र से होकर जाता था, जबकि दूसरा ओमान के समुद्री क्षेत्र से होकर गुजरता था. इस पूरी प्रक्रिया पर अमेरिका की निगरानी थी. हालांकि, हमले की घटना के बाद इस व्यवस्था की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

### ईरान ने कहा- रास्तों पर रहेगा उसका नियंत्रण

ईरान ने संकेत दिया कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में नौवहन व्यवस्था पर उसका नियंत्रण जारी रहेगा। आईआरजीसी ने कहा कि सुरक्षित मार्ग केवल उन्हीं रास्तों पर मिलेगा जिन्हें तेहरान ने निर्धारित किया है। ईरानी गार्ड्स ने चेतावनी दी कि जो जहाज इन निर्देशों का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

## नीट यूजी रिफंड का ऐलान, 30 तक बैंक जानकारी करें अपडेट



**नई दिल्ली।** अगर आपने नीट यूजी 2026 की दोबारा परीक्षा दी थी, तो आपके लिए एक अच्छी खबर है। एनटीए ने रिफंड की प्रक्रिया शुरू कर दी है। छात्रों को बस 30 जून तक एनटीए पोर्टल पर अपनी बैंक की जानकारी अपडेट या कन्फर्म करनी होगी, ताकि आपका पैसा आपको समय पर मिल जाए। अगर आप यह समय सीमा चूक जाते हैं, तो आपको रिफंड के लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

### बैंक की जानकारी अपडेट करें

छात्र **neet.nta.nic.in** पर अपने एप्लिकेशन नंबर और पासवर्ड का इस्तेमाल करके लॉगिन करें। ओटीपी से वेरिफाई करने के बाद आप अपनी बैंक की जानकारी जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही, अगर आप 21 जून को हुई परीक्षा के किसी भी जवाब को चुनौती देना चाहते हैं, तो प्रोविजनल आंसर की भी जारी कर दी गई है। आप 25 जून से 28 जून की रात 11:50 बजे तक प्रति प्रश्न 200 रुपये का शुल्क देकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए आपको पोर्टल पर सहायक दस्तावेज अपलोड करने होंगे।

## वाहन खराबी की चिंता नहीं, अब हाईवे पर मिलेंगी गैराज सुविधाएं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सड़क पर लंबी यात्रा करने वालों के लिए एक अच्छी खबर है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण राजमार्ग विश्राम स्थलों पर गाड़ियों की तुरंत मरम्मत और पंक्चर बनाने की सुविधाएं शुरू करने की योजना बना रहा है। इस सुविधा को कई जगह प्रेक्टिकल के तौर पर आजमाया भी जा रहा है जिसका अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। यह फैसला उन कई शिकायतों के बाद लिया गया है, जहां लोग गाड़ी खराब होने पर बीच रास्ते में फंस जाते थे और उन्हें आसपास कोई मदद नहीं मिल पाती थी। फिलहाल, ये विश्राम स्थल हर 40 से 60 किलोमीटर पर बने होते हैं और सिर्फ बुनियादी सुविधाएं ही देते हैं।



### एनएचएआई ने सेवा जल्द शुरू करने कहा

एनएचएआई ने विश्राम स्थलों पर पेट्रोल पंप, रेस्टोरेंट, शौचालय, ईवी चार्जिंग पॉइंट और ट्रक ड्राइवरों के रुकने की जगह जैसी सुविधाएं पहले से ही मौजूद हैं। अब एनएचएआई की लॉजिस्टिक्स शाखा चाहती है कि फील्ड टीमें मरम्मत सेवाएं जल्द से जल्द शुरू करें, ताकि ड्राइवरों को किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद मिल पाए। इसका मकसद है कि गाड़ी खराब होने पर लोगों को ज्यादा इंतजार न करना पड़े और सड़क पर सफर करने वाले सभी लोग सुरक्षित रहें।

## सेशेल्स से होंगे अहम समझौते आज से मोदी का तीन दिनी दौरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 वर्ष बाद सेशेल्स की राजकीय यात्रा पर जाकर दोनों देशों के रणनीतिक और कूटनीतिक संबंधों को नई मजबूती देंगे। यात्रा के दौरान शीर्ष नेतृत्व के बीच द्विपक्षीय सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा होने की संभावना है।

मोदी आज 27 से 29 जून तक सेशेल्स की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। वह सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉक्टर पैट्रिक हर्मिनी के विशेष आमंत्रण पर राष्ट्रीय दिवस स्वर्ण जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस समारोह में भारतीय रक्षा बलों की एक टुकड़ी और नौसेना के दो युद्धपोत भी हिस्सा लेंगे।

**11 साल बाद जा रहे दूसरी बार**



### भारत के लिए काफी खास है पीएम का दौरा

भारत और सेशेल्स के बीच संबंध सदियों पुराने जुड़ाव पर आधारित हैं। भारत के महासागर विजन के तहत सेशेल्स एक बेहद अहम समुद्री पड़ोसी है। हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और समुद्री डकैती रोकने और सुरक्षित व्यापारिक मार्ग सुनिश्चित करने में सेशेल्स की भौगोलिक स्थिति भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है।

*11 साल बाद दूसरा दौरा, संसद को संबोधित करेंगे मोदी: पीएम मोदी सेशेल्स की संसद को संबोधित करेंगे और वहां रह रहे भारतीय समुदाय से संवाद करेंगे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले साल 2015 में सेशेल्स की यात्रा की थी। मौजूदा यात्रा पूरे 11 साल बाद दोबारा होने जा रही है।*

## ताजिया जुलूस हाई-टेंशन तार की चपेट में आया, 3 की मौत



एजेंसी ▶▶| भोपाल

मध्य प्रदेश के रतलाम में गुरुवार रात को एक तजिया जुलूस के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। जुलूस निकालते समय तजिया हाई-टेंशन बिजली के तारों से छू गया। इस हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हो गए। यह घटना रात करीब 11:15 बजे हत्नारा गांव में हुई। पुलिस का कहना है कि वे अभी भी इस बात की जांच कर रहे हैं कि आखिर यह हादसा कैसे हुआ।

- मप्र के रतलाम में हादसा

**मातमी जुलूस बदला मातम में, समुदाय में सदमा**

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बिजली का झटका सबसे पहले उन लोगों को लगा जो तजिया उठा रहे थे, और फिर इसकी चपेट में पास खड़े दूसरे लोग भी आ गए।

## नगरासू और कर्णप्रयाग गुरुद्वारा पर था विवाद

# बातचीत के बाद उत्तराखंड में निहंगों का विरोध शांत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नगरासू और कर्णप्रयाग गुरुद्वारा विवाद को लेकर निहंग सिखों और उत्तराखंड पुलिस के बीच चला तनाव अब खत्म हो गया है। पूरी रात चली बातचीत के बाद शुक्रवार सुबह तड़के निहंग वापस लौट गए।

दरअसल 25 जून को निहंगों ने पहले से ऐलान कर रखा था कि वे पंजाब और हिमाचल प्रदेश से उत्तराखंड की तरफ कूच करेंगे। इसकी वजह कर्णप्रयाग और नगरासू गुरुद्वारों में हुआ एक पुराना विवाद था, जिसमें पुलिस ने चार निहंगों को गिरफ्तार कर लिया था। इसी गिरफ्तारी के विरोध में निहंगों का जत्था हिमाचल-उत्तराखंड बॉर्डर पर मौजूद कुल्हाल चेक पोस्ट पर पहुंचा था। पांवटा साहिब में प्रशासन के साथ बातचीत हुई और मामला शांत हो गया।

वार्ता में शामिल कांग्रेस नेता और सिख समाज के प्रतिनिधि अमरजीत सिंह, डीएम आशीष चौहान और एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने भी कहा कि पूरा मामला शांति से संभाल गया है और स्थिति सामान्य है।



### *निहंगो की रिहाई की थी मांग*

*निहंगों ने साफ कहा था कि उनका मकसद टकराव या कानून व्यवस्था बिगाड़ना नहीं है, बल्कि वे शांति से हेमकुंड साहिब की यात्रा करना चाहते हैं और अपने गिरफ्तार साथियों की जमानत चाहते हैं। इसके बाद निहंग वापस पांवटा साहिब लौट गए. कुछ निहंग छोटे-छोटे गुटों में अलग-अलग जगहों पर चले गए।*

ITSA Kanha CHILDREN'S HOSPITAL

यूनिफॉर्म
जूते
किताबें
स्टेशनरी
बच्चे की सेहत ?



एक टिक अभी बाकी है...

बचपन की इस नई शुरुआत को सुरक्षित बनाने के लिए

Children's Health Package
14 हेल्थ पैरामीटर्स की जाँच
ग्रोथ और न्यूट्रिशन असेसमेंट
पीडियाट्रिशियन कंसल्टेशन
डायटीशियन कंसल्टेशन
कॉम्प्लिमेंट्री फूड & बेवरेजेस

Needleless Vaccination
सुई के डर के बिना वैक्सीनेशन
NFIS Injector से आसान
और आरामदायक सुरक्षा

ITSA PRICE
₹ 3,199/-

अंबुजा सिटी सेंटर मॉल के पास, सड्डू, रायपुर (छ.ग) 492014
पीडियाट्रिक इमरजेंसी हेल्पलाइन +91-7880120000

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


- पर्यटक खुली जीप में वन भैंसा, टाइगर और अन्य वन्य जीवों का कर सकेंगे दीदार
- स्थानीय संस्कृति, रहन-सहन व प्राकृतिक जीवनशैली को देखने का मिलेगा अवसर
- 2799 वर्ग किमी में फैला आईटीआर देश के प्रमुख बाघ अभयारण्यों में शामिल






प्रदेश में लगभग **34 बाघ**

## नक्सल खात्मे के बाद बड़ा फैसला, 40 साल से बंद

# इन्द्रावती टाइगर रिजर्व पर्यटकों के लिए खुलेगा

महेन्द्र विश्वकर्मा ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर का बारिश के बाद पर्यटकों की आवाजाही से गुलजार होने जा रहा है। लगभग 40 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद नक्सल मुक्त होने और क्षेत्र में शांति बहाली ने पर्यटकों की राह आसान की है। वन विभाग ने आईटीआर में ईको-पर्यटन को पुनर्जीवित करने के लिए एक व्यापक ▶▶| शेष पेज 7 पर



### अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाएगा रिजर्व

बीजापुर का यह रिजर्व अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाएगा और यहां आने वाले पर्यटक खुली जीप में वन भैंसा, टायगर एवं अन्य वन्य जीवों का दीदार भी कर सकेंगे। रिजर्व से सटे हुए गांवों में ग्रामीणों को वन विभाग जागरूक कर रहा है। इस इलाके में पाए जाने वाले वन्य प्राणियों की जानकारी के साथ उनके संरक्षण के बारे में बताया जा रहा है। ताकि वे उन्हें नुकसान न पहुंचाएं बल्कि संरक्षम में योगदान दें।

### आईटीआर का खुलना सुखद अनुभव होगा

वन मंत्री केदार कश्यप का कहना है कि इंद्रावती टाइगर रिजर्व में बाघ, वन भैंसा, गिद्धों का झुंड देखा गया है। इंद्रावती टाइगर रिजर्व का बारिश के बाद पर्यटकों के लिए खुलना सुखद अनुभव होगा। उन्होंने बताया कि अब तक प्रदेश में लगभग 34 बाघ हैं, अब भी टायगर रिजर्व में बाघ की गणना चल रही है।

### पर्यटन को और मिलेगा बढ़ावा

इन्द्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि बस्तर क्षेत्र में स्थित आईटीआर एक आदर्श राष्ट्रीय उद्यान की सभी विशेषताओं से परिपूर्ण है। यहां विशाल ग्रासलैंड, जल संरचनाएं, बांस के जंगल और समृद्ध जैव विविधता मौजूद है। उन्होंने बताया कि रिजर्व के अन्य क्षेत्रों को भी विकसित करने की योजना बनाई जा रही है, जिससे पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### जापानी पीएम ताकाइची 1 जुलाई से भारत दौरे पर



**नई दिल्ली।** जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची 1 से 3 जुलाई तक भारत के दौरे पर रहेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर वह नई दिल्ली आएंगी और दोनों नेताओं के बीच 16वीं भारत-जापान वार्षिक शिखर बैठक होगी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, बैठक में व्यापार, निवेश, रक्षा समेत दोनों देशों के सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा होगी। प्रधानमंत्री बनने के बाद ताकाइची का यह पहला भारत दौरा होगा।

### झारखंड : ट्रक. वैन की टक्कर में 7 की मौत

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ ज़िले में कोयले से लदे एक ट्रक ने बैंड पार्टी को लेकर जा रही वैन को टक्कर मार दी, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया। यह हादसा आधी रात के करीब राजरप्पा पुलिस थाना क्षेत्र के बारलोंग बुधबाजार में हुआ। राजराप्पा पुलिस थाने के प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया, 'शुरुआत में इस हादसे में सात लोगों की मौत हुई थी। इलाज के लिए रांची के रिम्स भेजे गए एक घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिससे मरने वालों की कुल संख्या आठ हो गई है।'

### अवैध रूप से रह रहे छह बांग्लादेशी गिरफ्तार

**कोच्चि।** केरल पुलिस ने यहां एरूर क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे छह बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।



अधिकारियों के अनुसार, खुफिया एजेंसियों से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने बृहस्पतिवार को एरूर स्थित कुट्टिपडम रोड पर कबाड़ की एक दुकान पर छापेमारी की। जांच के दौरान पुलिस ने दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों के पहचान पत्र और अन्य दस्तावेजों की जांच की, जो कथित तौर पर फर्जी पाए गए।

### कामाख्या मंदिर के कपाट फिर खुले

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी में नीलाचल पर्वत पर स्थित कामाख्या मंदिर का कपाट शुक्रवार को खुलने के साथ ही मशहूर अंबुबाची मेले का समापन हो गया और हजारों श्रद्धालु सुबह से ही देवी के दर्शन के लिए कतार में खड़े रहे। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि इस वर्ष आयोजित इस वार्षिक मेले में आठ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह मेला उस अवधि में आयोजित होता है जब मंदिर के कपाट बंद रहते हैं, क्योंकि मान्यता है कि यह देवी की रजस्वला अवधि है। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'मां कामाख्या में अंबुबाची अपने आप में अद्वितीय है। यह असम की सांस्कृतिक विरासत में नारी शक्ति की अहमियत का प्रतीक है।' उन्होंने कहा, 'पिछले कुछ दिनों में आठ लाख से अधिक श्रद्धालु इस अनोखे उत्सव में शामिल हुए।'

## सुस्त मौसम और अलनीनो से भारत की 300 अरब डॉलर की कृषि आपूर्ति श्रृंखला पर मंडराया ख़तरा

# अलनीनो बिगाड़ेगा मानसून की चाल, धीमी रफ्तार से ठिठके किसान, 'सूखे' का खतरा

*देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून की धीमी रफ़्तार खरीफ़ सीज़न की बुआई पर असर डालने लगी है। जून का महीना धान, कपास, सोयाबीन, बाजरा जैसी खरीफ़ फसलों की बुआई के लिए सबसे अहम माना जाता है लेकिन कई हिस्सों में बारिश में हुई देरी के कारण किसान अब भी पर्याप्त वर्षा का इंतज़ार कर रहे हैं। मानसून की यह सुस्ती ऐसे समय में आई है, जब देश की लगभग 300 अरब डॉलर की कृषि अर्थव्यवस्था और खाद्य आपूर्ति श्रृंखला बड़े पैमाने पर समय पर होने वाली वर्षा पर निर्भर रहती है।*


हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रशांत महासागर में विकसित हो रहा अल नीनो आने वाले महीनों में भारत के मानसून को और कमज़ोर कर सकता है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे न केवल खरीफ़ फसलों का उत्पादन प्रभावित होने का ख़तरा बढ़ेगा, बल्कि खाद्य तेल, चीनी, कपास और दालों जैसी आवश्यक कृषि जिंसों की क़ीमतों पर भी दबाव बढ़ सकता है। इससे महँगाई पर भी असर पड़ने की आशंका जताई गई है। भारत में दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्यतः जून में समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ता है और उसी के आधार पर खरीफ़ फसलों की बुआई का कैलेंडर तय होता है। इस बार मुंबई तक मानसून पहुँचने में लगभग दो सप्ताह की देरी हुई, जिससे किसानों के बीच चिंता बढ़ गई है। जून खरीफ़ फसलों की बुआई का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। किसान पहली अच्छी बारिश के बाद ही खेतों में बुआई शुरू करते हैं। ऐसे में जून के अंतिम सप्ताह तक कई क्षेत्रों में पर्याप्त वर्षा नहीं होने से खेती प्रभावित हो रही है।

### विशेषज्ञों के अनुसार बढ़ सकती हैं किसानों की मुश्किलें

### छत्तीसगढ़ सहित मध्यभारत पर पड़ेगा प्रभाव

*ब्लूमबर्ग के अनुसार, सूखे जैसी स्थिति का सबसे अधिक असर मध्य भारत और दक्कन क्षेत्र में देखा जा रहा है। इसमें राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के बड़े कृषि क्षेत्र शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, यही क्षेत्र देश के लगभग 90 प्रतिशत सोयाबीन और गन्ना, 80 प्रतिशत कपास तथा 70 प्रतिशत मूँगफली और दलहन, जैसे मसूर और चने का उत्पादन करते हैं। इसके अलावा फल और सब्जियों की खेती में भी इन राज्यों की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है, जिससे इन क्षेत्रों का असर देशभर के कृषि बाजारों पर पड़ता है।*



### मौसम विभाग ने जताया अनुमान

भारत में इस समय दक्षिण-पश्चिम मानसून सक्रिय है, जो देश के अधिकांश हिस्सों, विशेषकर महाराष्ट्र, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ चुका है और उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। इसके प्रभाव से कई क्षेत्रों में गरज, चमक और हल्की से भारी बारिश हो रही है। मध्य भारत (छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश): दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति के कारण रायपुर सहित मध्य भारत में बारिश का दौर जारी है। तापमान सामान्य से कम हो गया है और उमस भरी स्थिति के बीच रुक-रुक कर बारिश हो रही है।

### अलनीनो क्या है?

अलनीनो एक प्राकृतिक जलवायु घटना है, जो मध्य और पूर्वी प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह के तापमान के सामान्य से अधिक गर्म होने पर होती है। इसका असर केवल प्रशांत महासागर तक सीमित नहीं रहता, बल्कि दुनिया भर के मौसम, बारिश और तापमान के पैटर्न को प्रभावित करता है। भारत में अल नीनो अक्सर मानसून को कमजोर कर देता है, जिससे सामान्य से कम बारिश होने की आशंका बढ़ जाती है। यह घटना आमतौर पर हर 2 से 7 साल में एक बार होती है और 12 से 18 महीने तक बनी रह सकती है।

### बढ़ेगी मानसून की रफ्तार

आईएमडी के अनुसार, 26 जून तक दक्षिण-पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा सूरत, इंदौर, मंडला, डाल्टनगंज और मोतिहारी से होकर गुजर रही है। अगले 3 से 4 दिनों के दौरान उत्तर अरब सागर, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के शेष हिस्सों, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ और इलाकों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं।

### अलनीनो से और कमज़ोर पड़ सकता है मानसून

भारतीय मानसून को प्रभावित करने वाले सभी कारकों की पूरी समझ अभी वैज्ञानिकों के पास नहीं है। इसलिए मानसून की शुरुआती देरी का कारण केवल एल नीनो को नहीं माना जा सकता। हालाँकि, जैसे-जैसे वर्ष आगे बढ़ेगा, एल नीनो का प्रभाव बढ़ने की संभावना है।

## देर रात पुरुष से बात करने से महिला 'चरित्रहीन' नहीं

कोर्ट ने कहा- कॉल डिटेल सुरक्षित रखने का यह आधार नहीं बन सकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने कहा है कि सिर्फ इस आधार पर किसी महिला के चरित्र पर सवाल नहीं उठाया जा सकता कि वह देर रात किसी पुरुष से फोन पर बात करती है। अदालत ने कहा कि यह किसी महिला की निजता में दखल देने और उसके कॉल डिटेल रिकॉर्ड सुरक्षित रखने की मांग करने का उचित आधार नहीं हो सकता। एडिशनल सेशन जज शुनाली गुप्ता ने एक अपील खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। उस व्यक्ति ने ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें घरेलू ▶▶| शेष पेज 7 पर

### पति का तर्क

अपील करने वाले पति ने तर्क दिया था कि रिकॉर्ड को सुरक्षित रखना जरूरी था, क्योंकि शिकायतकर्ता देर रात कुछ लोगों के साथ नियमित रूप से फोन पर संपर्क में थी और समय बीतने के साथ सर्विस प्रोवाइडर रिकॉर्ड को मिटा सकता है। ट्रायल कोर्ट के आदेश को सही ठहराते हुए सेशन कोर्ट ने कहा कि हालांकि प्राइवेसी का अधिकार पूरी तरह से असीमित नहीं है और उचित मामलों में निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार के लिए इसे सीमित किया जा सकता है, लेकिन किसी अन्य व्यक्ति के कॉल रिकॉर्ड को ▶▶| शेष पेज 7 पर

### यह कहा अदालत ने

अदालत ने कहा, 'महिलाएं हर क्षेत्र में मल्टीनेशनल कंपनियों आदि में काम कर रही हैं और उनके पुरुष सहकर्मी भी होते हैं। सिर्फ इसलिए कि कोई महिला रात में फोन पर बात करती हुई पाई जाती है.. इसे उसके मोबाइल नंबर के सीडीआर को सुरक्षित रखने की मांग का आधार नहीं बनाया जा सकता।' कोर्ट ने कहा कि किसी की निजता में दखल तभी दिया जा सकता है जब उसके लिए उचित और ठोस आधार मौजूद हो. इन्हीं कारणों के आधार पर अदालत ने निचली अदालत के आदेश को सही ठहराते हुए पति की अपील खारिज कर दी।

## वॉर मेमोरियल की वेबसाइट पर किया गया दर्ज

# पहली बार ऑपरेशन सिंदूर के 6 शहीदों के नाम आए सामने




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए छह जवान अब औपचारिक रूप से देश के सामने आए हैं। सरकार ने पहली बार इन शहीदों के नाम सार्वजनिक किए हैं। इन नामों को नेशनल वॉर मेमोरियल की वेबसाइट पर रोल ऑफ ऑनर में शामिल किया गया है। युद्ध स्मारक की वॉल 3डी पर 2025 सेक्शन में अंकित किया गया है। यह पहली बार है जब सरकार ने मई 2025 में पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ चलाए गए क्रॉस-बॉर्डर ऑपरेशन सिंदूर में हुई मौतों की आधिकारिक पुष्टि की है।

### शहीदों के नाम और उनकी यूनिट

- सूबेदार मेजर पवन कुमार – हेडक्वार्टर 10 इन्फैंट्री ब्रिगेड
- राइफलमैन सुनील कुमार, वीर चक्र – 4 जम्मू एंड कश्मीर लाइट इन्फैंट्री
- लांस नायक दिनेश कुमार – 5 फील्ड रेजिमेंट
- एविएशन टेक्नीशियन मूड मुरलीनायक – 851 लाइट रेजिमेंट
- हवलदार सुनील कुमार सिंह – 237 फील्ड वर्कशॉप कंपनी
- सार्जेंट सुरेंद्र कुमार, वायु मेडल – 39 विंग

### पहलगाम हमले के बाद शुरू किया गया था ऑपरेशन सिंदूर

*'ऑपरेशन सिंदूर' 7 मई 2025 की सुबह शुरू किया गया था। यह ऑपरेशन 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए उस आतंकी हमले के कुछ हफ्ते बाद शुरू हुआ, जिसमें 26 आम नागरिक मारे गए थे। मरने वालों में ज्यादातर पर्यटक शामिल थे। भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवाद से जुड़े नौ ठिकानों पर सटीक हमले किए। इन हमलों में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। दोनों देशों के 'डायरेक्टर जनरल ऑफ़ मिलिट्री ऑपरेशन्स' के बीच बातचीत के बाद, भारत और पाकिस्तान 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमत हुए।*

# सीएम साय बोले- हर परिवार के पक्के घर का सपना पूरा करने में लगी है हमारी सरकार

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के नए लोगो का किया विमोचन




खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, प्रत्येक परिवार का अपना पक्का घर होने का सपना होता है और राज्य सरकार इस सपने को पूरा करने में लगी है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को नया रायपुर स्थित सर्किट हाउस में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं ▶▶| शेष पेज 7 पर

### सुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा, सुशासन हमारे सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। 'सेवा सेतु' के माध्यम से 450 से अधिक शासकीय सेवाएं अब मोबाइल ऐप के जरिए घर बैठे उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 भी प्रारंभ की गई है, जहां नागरिक अपनी शिकायतें दर्ज कर समयबद्ध समाधान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उल्लेख करते हुए कहा, प्रदेश में लगभग 65 हजार घरों में रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं।

### कपालफोड़ी की घटना

# तालाब में डूबने से नहाने गई दो मासूम बच्चियों की मौत, गांव में शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मगरलोड



धमतरी जिले के मगरलोड के कपालफोड़ी गांव के तालाब में नहाने गई दो बच्चियों की डूबने से मौत हो गई। इस घटना से गांव में शोक की लहर है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार शुकवार की सुबह लगभग 9 बजे ग्राम कपालफोड़ी की बच्ची खुशबू साहू (8 वर्ष) पिता दीपक साहू अपनी सहेली गीतिका साहू ( 8 वर्ष) पिता नारद साहू के साथ गांव के बाजार तालाब में नहाने गई थी। नहाते वक्त दोनों गहरे पानी में जाकर डूब गईं। कुछ ही दूरी में गांव की महिला पेमिन बाई साहू भी नहा रही थी। थोड़ी देर बाद बच्चियां नहाते हुए नहीं दिखीं, लेकिन तालाब किनारे कपड़े व बाल्टी पड़ी थी। पेमिन को संदेह होने पर बच्चियों के परिजनों को सूचना दी। दोनों बच्ची के परिवार वाले ▶▶| शेष पेज 7 पर

## सीबीएसई का बड़ा फैसला : नई भाषा नीति पुराने छात्रों पर नहीं होगी लागू

# 10वीं तक पुराने नियम ही, नहीं लागू होगी नई भाषा नीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के छात्रों के लिए बड़ी राहत की खबर है। शिक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, वर्तमान में कक्षा 7, 8 और 9 में पढ़ रहे वे छात्र जिन्होंने तीन-भाषा नीति के तहत दो विदेशी भाषाओं का चयन किया है, वे कक्षा 10 तक उसी भाषा संयोजन के साथ पढ़ाई जारी रख सकेंगे। उन्हें बीच में अपने विषय बदलने की आवश्यकता नहीं होगी। सूत्रों ने बताया कि तीन-भाषा नीति के तहत कम ▶▶| शेष पेज 7 पर

### दो भाषा की अनिवार्यता छठवीं से भविष्य के बैचों के लिए होगी लागू

### यह यू-टर्न नहीं, सिर्फ स्पष्टता

शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह फैसला किसी तरह की नीति में बदलाव या पीछे हटना नहीं है। उनके अनुसार, यह प्रावधान पहले भी मौजूद था, लेकिन इसे स्पष्ट रूप से नहीं बताया गया था। अब छात्रों और अभिभावकों के बीच भ्रम दूर करने के लिए स्थिति साफ की गई है।

### केवल कुछ हजार छात्र ही होंगे प्रभावित

मंत्रालय के अनुसार, हर साल लगभग 24 लाख छात्र सीबीएसई की 10वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होते हैं। इनमें से करीब 30 हजार छात्र ही दो विदेशी भाषाओं का विकल्प चुनते हैं। यानी लगभग 98.5 प्रतिशत छात्र पहले से ही तीन-भाषा फॉर्मूले का पालन कर रहे हैं। यह राहत मुख्य रूप से महानगरों और शहरी क्षेत्रों के उन छात्रों के लिए दी गई है।




### सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम राहत देने से किया था इंकार

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इस नीति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया था। अदालत ने इन याचिकाओं को पहले से लंबित समान मामलों के साथ जोड़ने का निर्देश दिया था।

### मई के सर्कुलर के बाद शुरू हुआ था विवाद

*गौरतलब है कि मई 2026 में सीबीएसई ने राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ) के तहत एक सर्कुलर जारी किया था। इसमें कहा गया था कि 2026-27 सत्र से कक्षा 9 में प्रवेश लेने वाले छात्रों को तीन भाषाएं पढ़नी होंगी, जिनमें कम से कम दो भारतीय भाषाएं शामिल हों। इस फैसले के बाद कई छात्रों और अभिभावकों ने विरोध जताया था और मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया था।*

## चिंतन

# धार्मिक संस्थाओं में पारदर्शिता जरूरी

देश में मंदिर केवल पूजा-अर्चना के केंद्र नहीं हैं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था, विश्वास और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं। श्रद्धालु बिना किसी अपेक्षा के मंदिरों में दान और चढ़ावा अर्पित करते हैं। उनका विश्वास होता है कि उनकी मेहनत की कमाई धर्म, सेवा और जनकल्याण के कार्यों में उपयोग होगी। ऐसे में यदि चढ़ावे में चोरी, गड़बड़ी या वित्तीय अनियमितता के आरोप सामने आते हैं तो यह केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर गहरा आघात है। हाल ही में अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे में कथित चोरी का मामला सामने आने के बाद पूरे देश में चिंता का माहौल बना है। इससे पहले तिरुपति बालाजी मंदिर में प्रसाद के लिए उपयोग किए जाने वाले घी की गुणवत्ता को लेकर विवाद भी श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचा चुका है। इन घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि धार्मिक संस्थाओं में केवल श्रद्धा पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही भी उतनी ही आवश्यक है। अयोध्या मामले में जांच के बाद कई आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने अपने पदों से इस्तीफा दिया है, जबकि मंदिर निर्माण से जुड़े अधिकारी गोपाल राव को भी जिम्मेदारियों से अलग किया गया है। हालांकि इस्तीफा देना नैतिक जिम्मेदारी का एक पहलू हो सकता है, लेकिन यदि किसी स्तर पर लापरवाही या जवाबदेही तय होती है तो केवल पद छोड़ देना पर्याप्त नहीं माना जा सकता। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। शिकायत दर्ज होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी हुई और उन्हें न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया, वह काफी सराहनीय है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा भी पूरे घटनाक्रम पर नजर रखे जाने की जानकारी सामने आई है। इससे यह संदेश गया है कि धार्मिक संस्थाओं से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की अनियमितता को हल्के में नहीं लिया जाएगा, लेकिन केवल दोषियों को सजा देना ही समाधान नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि देश के सभी बड़े धार्मिक संस्थानों में आय-व्यय की आधुनिक और पारदर्शी व्यवस्था विकसित की जाए। दान और चढ़ावे का डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाए, नियमित स्वतंत्र ऑडिट कराया जाए और उसकी रिपोर्ट समय-समय पर सार्वजनिक की जाए। मंदिर ट्रस्टों की कार्यप्रणाली में जवाबदेही सुनिश्चित हो तथा वित्तीय प्रबंधन के लिए स्पष्ट और समान मानक बनाए जाएं। तकनीक के इस दौर में डिजिटल निगरानी, सीसीटीवी, ऑनलाइन लेखा-जोखा और स्वतंत्र निगरानी तंत्र जैसी व्यवस्थाएं भ्रष्टाचार की संभावनाओं को काफी हद तक कम कर सकती हैं। देश के अधिकांश मंदिर और धार्मिक संस्थान ईमानदारी और सेवा भाव से समाज के लिए कार्य कर रहे हैं। इसलिए आवश्यक है कि दोषियों और संस्थाओं के बीच स्पष्ट अंतर किया जाए तथा व्यवस्था को अधिक मजबूत बनाया जाए। आस्था तभी मजबूत रहती है जब उसके साथ विश्वास भी जुड़ा हो। श्रद्धालु मंदिरों में केवल धन नहीं, बल्कि अपनी भावनाएं और उम्मीदें भी समर्पित करते हैं। इसलिए सरकार, मंदिर ट्रस्टों और समाज तीनों की जिम्मेदारी है कि धार्मिक संस्थाओं के संचालन में पूर्ण पारदर्शिता, ईमानदारी और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। यही करोड़ों श्रद्धालुओं के विश्वास की सबसे बड़ी रक्षा होगी और यही धर्मस्थलों की गरिमा बनाए रखने का सर्वोत्तम मार्ग भी है।

# क्या हमें वास्तव में कोचिंग संस्थानों की आवश्यकता है?



**कोचिंग का मायाजाल**
डा. जवाहर सूरीसेट्टी

कोटा में युवा छात्र पंखों से लटककर आत्महत्या कर रहे हैं, ज़हर खा रहे हैं, हॉस्टल की खिड़कियों से छलांग लगा रहे हैं। पिछले एक दशक में केवल इसी शहर में 147 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की है। यह प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी का 'आत्महत्या का शहर' बन चुका है। 2024 और 2026 में कुछ स्थानों पर नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक हुए, जिसके कारण दोबारा परीक्षा (री-नीट) करानी पड़ी। प्रश्नपत्र कोचिंग संस्थानों तक पहुँच गए। भारत की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) पूरी तरह विफल साबित हुई।

अब सवाल सीधा है-क्या हमें वास्तव में कोचिंग संस्थानों की ज़रूरत है? हम यहाँ तक कैसे पहुँचे? कोचिंग संस्थानों की शुरुआत एक समाधान के रूप में हुई थी। स्कूल प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की पर्याप्त तैयारी नहीं करा पा रहे थे। अभिभावक अपने बच्चों के लिए अतिरिक्त सहायता चाहते थे। यह व्यवस्था सफल भी हुई। नीट और जी के टॉपर कोचिंग से आने लगे। लेकिन धीरे-धीरे सब बदल गया। आज कोचिंग शिक्षा का पूरक नहीं, बल्कि शिक्षा का पर्याय बन चुकी है। छात्र 6–7 घंटे स्कूल में बिताता है, फिर 4–5 घंटे कोचिंग में, और आधी रात तक होमवर्क करता है। यह शिक्षा नहीं है। यह बच्चों को परीक्षा हल करने वाली मशीनों में बदलने की प्रक्रिया है।

और हर उस मशीन की तरह जिसे केवल परिणाम देने के लिए तैयार किया जाता है, यह व्यवस्था भी निर्मम, लापरवाह और भ्रष्ट होती चली गई।

**असली समस्या**

कोचिंग संस्थान अभिभावकों की मजबूरी से लाभ कमाते हैं। एक मध्यमवर्गीय परिवार अपने एक बच्चे की तैयारी पर हर वर्ष लाखों रुपये खर्च करता है-फीस, हॉस्टल, भोजन, यात्रा आदि पर। गरीब इसे वहन नहीं कर सकता, और अमीर को इसकी आवश्यकता नहीं पड़ती। कोचिंग ने शिक्षा को समान बनाने के बजाय और अधिक असमान बना दिया है। इन संस्थानों के पास अनैतिक रास्ता अपनाने की भी संरचनात्मक प्रेरणा होती है। अच्छी शिक्षा देने में समय लगता है, लेकिन यदि प्रश्नपत्र पहले ही मिल जाएँ तो टॉपर तुरंत तैयार हो जाते हैं। जब पूरा व्यवसाय परिणाम दिखाने पर टिका हो, तो गलत रास्ते का प्रलोभन क्यों न होगा?

कोटा की आत्महत्याएँ हमें एक भयावह सच बताती हैं-यह व्यवस्था ऐसा मानसिक दबाव पैदा करती है जिसे किशोर सह नहीं पाते। 17 वर्ष का छात्र यह मान बैठता है कि उसका पूरा भविष्य केवल एक दिन होने वाली एक परीक्षा पर निर्भर है। यह तनाव संयोग नहीं है। डर ही कोचिंग की सीटें भरता है। भय ही पाठ्यक्रम बेचता है।

सिर्फ 2023 में कोटा में 36 छात्रों ने आत्महत्या की। यह शहर अब हॉस्टल कमरों में लटके हुए युवाओं की तस्वीरों के लिए बदनाम हो चुका है। फिर भी कोचिंग उद्योग लगातार बढ़ रहा है। इन मौतों को व्यक्तिगत त्रासदी मान लिया जाता है, जबकि वे पूरी व्यवस्था की विफलता हैं।

**ऐसे समाधान जो वास्तव में काम कर सकते हैं**

कोचिंग को सुधारने के बजाय हमें उन परीक्षाओं को बदलना चाहिए जिन्होंने कोचिंग उद्योग को जन्म दिया।

विकल्प 1: विश्वविद्यालय में प्रवेश के अनेक रास्ते

नीट और जी जैसी एकमात्र परीक्षा पर निर्भरता समाप्त की जाए। विश्वविद्यालय स्वयं प्रवेश प्रक्रिया तय करें। कुछ बोर्ड परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर प्रवेश दें, कुछ योग्यता परीक्षण लें और कुछ दोनों का संयोजन अपनाएँ। इससे एक परीक्षा का दबाव समाप्त होगा और कोचिंग उद्योग स्वतः कमजोर पड़ जाएगा।

**विकल्प 2: वर्षभर सतत मूल्यांकन**

एक परीक्षा के बजाय पूरे वर्ष में 10–12 मूल्यांकन हों। तब सफलता एक दिन के प्रदर्शन पर नहीं, बल्कि लगातार सीखने पर निर्भर होगी। ऐसी स्थिति में 'एक परीक्षा फोड़ने' वाली कोचिंग की आवश्यकता ही समाप्त हो जाएगी।

**विकल्प 3: कौशल आधारित प्रवेश**

छात्रों का मूल्यांकन इस आधार पर हो कि वे वास्तव में क्या कर सकते हैं-समस्या समाधान, रचनात्मकता, संवाद क्षमता और शोध कौशल। मेडिकल कॉलेज प्रयोगशाला कार्य, केस स्टडी और व्यावहारिक समझ को भी महत्व दें, केवल वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को नहीं।

**विकल्प 4: विश्वविद्यालयों को स्वायत्तता**

विश्वविद्यालयों को अपनी प्रवेश नीति तय करने की स्वतंत्रता मिले। कुछ उच्च अंक वालों को चुनें, तो कुछ प्रतिभा और रचनात्मकता को महत्व दें। जब प्रत्येक संस्थान के मानदंड अलग होंगे, तब कोचिंग अप्रासंगिक हो जाएगी।

**विकल्प 5: पोर्टफोलियो आधारित चयन**

छात्र अपने स्कूल प्रोजेक्ट, सामाजिक कार्य, शोध और प्रतियोगिताओं का पोर्टफोलियो तैयार करें। विश्वविद्यालय उसी के आधार पर चयन करें। इससे वास्तविकता सीखने को प्रोत्साहन मिलेगा, न कि केवल परीक्षा की तैयारी को। दुनिया के अधिकांश विकसित देशों में ऐसे मॉडल सफलतापूर्वक लागू हैं। वहाँ तनाव कम है, बेहतर छात्र चयन होता है और असफलता की दर भी कम है।

**विकल्प 6: सभी के लिए एक राष्ट्रीय एप्टीट्यूड परीक्षा (सीएटी मॉडल)**




सबसे प्रभावी समाधान यह हो सकता है कि नीट और जी को समाप्त कर एक ऐसी राष्ट्रीय योग्यता परीक्षा आयोजित की जाए जो सीएटी की तरह केवल तार्किक क्षमता, विश्लेषण, डेटा इंटरप्रिटेशन और भाषा कौशल को परखे। विषय ज्ञान या रटने की क्षमता नहीं-सिर्फ सोचने की क्षमता। चिकित्सा, इंजीनियरिंग, कानून, प्रबंधन-सभी क्षेत्रों के लिए यही एक परीक्षा हो। इसकी सबसे बड़ी विशेषता होगी कि एप्टीट्यूड की कोचिंग नहीं कराई जा सकती। तर्कशक्ति और विश्लेषण को रटकर नहीं सीखा जा सकता। ऐसी परीक्षा आते ही कोचिंग उद्योग की पूरी व्यावसायिक संरचना ढह जाएगी।

सीएटी पहले ही यह सिद्ध कर चुका है कि वह केवल परीक्षा देने वाले नहीं, बल्कि समस्याओं का समाधान करने वाले लोग चुन सकता है। एक परीक्षा। पूरे देश के लिए। निष्पक्ष। कोचिंग से लगभग अप्रभावित। यही वह निर्णायक कदम हो सकता है जो बिना किसी अतिरिक्त कानून के कोचिंग उद्योग की अनावश्यकता सिद्ध कर दे।

**यदि कोचिंग जारी रखनी है तो...**

उसे स्कूलों की तरह कड़ाई से नियंत्रित करना होगा—

- वास्तविक अग्नि सुरक्षा निरीक्षण और कठोर दंड
- शिक्षकों की न्यूनतम योग्यता अनिवार्य
- छात्र-शिक्षक अनुपात निर्धारित
- पारदर्शी और नियंत्रित फीस
- बिना सूचना के निरीक्षण और कठोर कार्रवाई

लेकिन सच्चाई यह है कि केवल नियमन शायद पर्याप्त नहीं होगा। कोचिंग उद्योग ने बार-बार साबित किया है कि युवाओं की सुरक्षा और शिक्षा को उसके भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता।

**नैतिक प्रश्न**

जो समाज एक ही शहर में 147 से अधिक छात्रों की आत्महत्या देखता है, और राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा के प्रश्नपत्र चोरी होने देता है, उसे स्वयं से कठिन प्रश्न पूछने होंगे। समस्या की जड़ कोचिंग नहीं है। जड़ वे परीक्षाएँ हैं जिन्होंने ऐसी व्यवस्था बनाई जहाँ सफलता समझ पर नहीं, बल्कि रटने और गति पर निर्भर हो गई।

कोचिंग संस्थानों ने बस उसी व्यवस्था का बेरहमी से लाभ उठाया। वे टूटे सपनों और अभिभावकों की मजबूरी से कमाई करते हैं। वे भारी फीस लेते हैं। असुरक्षित भवनों में पढ़ाते हैं। छात्रों को आत्महत्या की कगार तक पहुँचा देते हैं। और यह सब कानून के दायरे में होता है, क्योंकि इसे रोकने की राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं है।

**असली सवाल**

क्या हमें कोचिंग चाहिए?

नहीं।

हमें यह पूछना चाहिए कि हमने ऐसी व्यवस्था क्यों बनाई जिसमें 3 से 4 करोड़ किशोर अपने जीवन के सबसे सुंदर वर्ष परिवार से दूर, तनाव में और भय के वातावरण में बिताने को मजबूर हैं। यह व्यवस्था छात्रों की नहीं, बल्कि हजारों करोड़ रुपये के उद्योग की सेवा कर रही है।

**आगे का रास्ता**

लखनऊ और कोटा जैसी त्रासदियाँ हमारे लिए अंतिम चेतावनी होनी चाहिए। हम विश्वविद्यालय प्रवेश प्रणाली का विकेंद्रीकरण कर सकते हैं। स्कूलों को मजबूत बना सकते हैं। उच्च शिक्षा तक पहुँचने के अनेक रास्ते बना सकते हैं। छात्रों का मूल्यांकन केवल अंकों से नहीं, बल्कि उनके कौशल और क्षमता से कर सकते हैं। दुनिया के कई ऐसे देश, जो भारत से भी कम संसाधनों वाले हैं, यह कर चुके हैं। या फिर हम उसी व्यवस्था का बचाव करते रहें जो हमारे बच्चों को मानसिक और शारीरिक रूप से तोड़ रही है, केवल इसलिए कि कोचिंग उद्योग का मुनाफा बना रहे। चुनाव हमारे सामने है। अब समय आ गया है कि हम स्वयं से पूछें-हम वास्तव में हासिल क्या करना चाहते हैं? यदि उद्देश्य सबसे योग्य छात्रों को अच्छे विश्वविद्यालयों तक पहुँचाना है, तो उसके बेहतर रास्ते मौजूद हैं। यदि उद्देश्य शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाना है, तो कोचिंग उसका समाधान नहीं, बल्कि सबसे बड़ी बाधा है। वास्तविक सुधार का अर्थ है नीट और जी जैसे एकमात्र परीक्षा-आधारित दबाव को समाप्त करना। बाकी सब तो बस डूबते जहाज़ पर कुर्सियाँ इधर-उधर करने जैसा है।

(लेखक प्रसिद्ध शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## अधिकार
सुशील देव



# फुटपाथ पर दादागिरी दिखाता अतिक्रमण !

बढ़ती आबादी के कारण सड़कों पर वाहनों का दबाव लगातार बढ़ रहा है और सड़कें छोटी पड़ती जा रही हैं। ऐसे में अवैध पार्किंग जहां एक नासूर बनती जा रही है, वहीं सड़कों के किनारे पैदल चलने वालों के लिए भी पर्याप्त जगह नहीं बची है। इससे राहगीरों को न केवल चलने-फिरने में परेशानी होती है, बल्कि फुटपाथों पर अवैध कब्जों और अतिक्रमण के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। स्थिति यह है कि अतिक्रमण ने एक तरह से फुटपाथों को निगल लिया है। कई शहरों में तो फुटपाथ दिखाई तक नहीं देते। कहीं उन पर अवैध पार्किंग का कब्जा है, कहीं दुकानों, रेहड़ी-पटरी और ढेलों ने रास्ता रोक रखा है, तो कहीं कूड़े-कचरे और अव्यवस्थित रखरखाव के कारण वे पूरी तरह बाधित हैं। नतीजतन, पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित रास्ते लगातार कम होते जा रहे हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि फुटपाथों पर पहला अधिकार पैदल चलने वालों का है। अदालत ने स्पष्ट किया कि सड़कों पर वाहनों की निर्बाध आवाजाही से भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि पैदल यात्री फुटपाथों पर बिना किसी बाधा के सुरक्षित रूप से चल सकें। यह निर्णय स्वागत योग्य और सराहनीय है, जिसने सरकारों को उनकी जिम्मेदारी का एहसास कराया है तथा नागरिकों को उनके मौलिक अधिकार की याद दिलाई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फुटपाथ केवल सड़क दुर्घटनाओं से बचने की जगह नहीं हैं, बल्कि लोगों के चलने के अधिकार का प्रतीक हैं। सुरक्षित और सुविधाजनक फुटपाथ हर नागरिक का बुनियादी अधिकार हैं। उनका उद्देश्य लोगों को स्वतंत्र और सुरक्षित रूप से पैदल चलने की सुविधा देना है, जो स्वस्थ जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा है। फुटपाथ केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि अभिव्यक्ति, शांतिपूर्ण प्रदर्शन और सामाजिक जुड़ाव के लिए भी महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थान हैं। सड़क निर्माण के दौरान केवल वाहनों की सुविधा का ही नहीं, बल्कि पैदल यात्रियों की जरूरतों का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। दुर्भाग्यवश, देश के अधिकांश हिस्सों में अतिक्रमण के कारण फुटपाथ लगभग गायब हो चुके हैं। कई विकासशील देशों की तुलना में भारत में फुटपाथ बड़े पैमाने पर अतिक्रमण के शिकार हैं। कहीं रेहड़ी-पटरी वालों ने कब्जा जमा रखा है, तो कहीं दुकानदारों के साइन बोर्ड और सामान ने रास्ता घेर लिया है। ऐसे में पैदल चलने वाले आखिर करें तो क्या करें? आमतौर पर उन्हें सड़क के किनारे चलने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे वे दुर्घटनाओं की चपेट में आ जाते हैं। हर वर्ष हजारों लोग ऐसी दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा देते हैं। दूसरी ओर, अवैध पार्किंग और अतिक्रमण के कारण यातायात जाम की समस्या भी गंभीर होती जा रही है, जिससे आम लोगों को घंटों परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



सबसे चिंता की बात यह है कि इस गंभीर समस्या की ओर ट्रैफिक पुलिस, प्रशासन और सरकारें अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखातीं। परिणामस्वरूप सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप कर यह याद दिलाना पड़ता है कि फुटपाथ पर सुरक्षित और बाधारहित रूप से चलना जनता का मौलिक अधिकार है। फुटपाथों का उपयोग पूरी तरह बाधारहित और सुविधाजनक होना चाहिए। इनके रखरखाव और संरक्षण की जिम्मेदारी जिन विभागों पर है, उन्हें ईमानदारी और जवाबदेही के साथ अपनी भूमिका निभानी चाहिए। नगर निगम, नगर पालिकाएं, शहरी विकास प्राधिकरण तथा पंचायतों को इस दिशा में सक्रिय कदम उठाने होंगे। जिस प्रकार यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान और जुर्माने का प्रावधान है, उसी प्रकार फुटपाथों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। यदि किसी अतिक्रमण के कारण सड़क दुर्घटना होती है, तो जिम्मेदार लोगों को कठोर कानूनी दायरे में लाया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि सुरक्षित, चौड़े और अतिक्रमण-मुक्त फुटपाथ हर नागरिक का अधिकार हैं और इन्हें उपलब्ध कराना सरकारों की जिम्मेदारी है। इसके लिए आवश्यक हो तो अलग कानून बनाया जाए तथा पैदल यात्रियों की शिकायतों के निवारण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक स्वतंत्र नियामक (रेगुलेटर) की स्थापना की जाए। तभी फुटपाथों को अतिक्रमण की दादागिरी से मुक्त कर पैदल यात्रियों को उनका वास्तविक अधिकार दिलाया जा सकेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं



संकलित
**दर्शन**

सामान्यतया सर्प अपनी भयंकरता के लिए जाने जाते हैं। पर दो बड़े देवता उन्हें अंगीकार किए हुए हैं। एक तो संसार के पालक विष्णु जी, जो उन्हें अपनी शय्या बनाए हुए हैं और दूसरे देवों के देव भगवान शंकर, जो उन्हें हारतुल्य कंठ में डाले हुए हैं। फिर वे पूज्य क्यों न माने जाएं? सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं। कृषि के शत्रु और मानवता के क्षतिकारक चूहों व कीट आदि का भक्षण करते रहते हैं और विष को आत्मसात करते हैं। दंश वे तभी देते हैं, जब दब-कुचल जाएं या उन्हें ऐसा कोई भ्रम हो जाए। वे अनेक औषधियों के निर्माण में भी सहायक होते हैं। सर्पों की अनेक प्रजातियां विषहीन भी होती हैं। शास्त्रों के अनुसार, वे शेषनाग के रूप में पृथ्वी को धारण करते हैं और वासुकि के रूप में कष्ट उठाकर समुद्र मंथन में रज्जु का काम करते हैं। रावण जैसे राक्षसों के संहार में शेषावतार लक्ष्मण रूप से श्रीराम की सहायता करते हैं। वराह पुराण के अध्याय 24 में एक कथा आई है। सर्पगण कश्यप ऋषि व उनकी पत्नी कद्रू की संतान हैं। उनसे अनंत, वासुकि, कंबल, कर्कोटक, पद्म, महापद्म, शंख, कुलिक, पापराजिल आदि सर्प हुए। ये गरुड़ के सौतेले भाई हैं, जो ऋषि की अन्य पत्नी विनता से जन्मे। जब ये मानवता को कष्ट देने लगे, तो ब्रह्मा जी ने वासुकि आदि को बुलवा कर डांटा और अभिशप्त किया। सर्पों द्वारा अनुनय-विनय करने पर उन्हें रहने के स्थान सीमित किए और काटने की भी सीमा रेखाएं खींची। यह सारा वृत्तांत पंचमी तिथि को हुआ। मान्यता है कि इस दिन उनकी पूजा-अर्चना से मानव को सर्प भय से मुक्ति मिल जाती है।

# किसी के बारे में पहले से राय नहीं बनानी चाहिए



संकलित
**प्रेरणा**

बुद्ध अपने शिष्यों को अलग-अलग घटनाओं की मदद से भी उपदेश दिया करते थे। उनका एक शिष्य ऐसा था जो किसी से ज्यादा कुछ बोलता नहीं था। वह सिर्फ अपने काम पर ध्यान देता, काम पूरा होने के बाद एकांत में चला जाता। वह ध्यान में बैठे रहता था। कुछ शिष्य बुद्ध से एकांत में रहने वाले शिष्य की शिकायतें करने लगे। धीरे-धीरे उस शिष्य की बुराई ज्यादा होने लगी। बुद्ध के पास उस शिष्य की शिकायतें और ज्यादा पहुंचने लगी तो बुद्ध ने सोचा कि इस शिष्य से बात करनी होगी, उसके लिए इतनी शिकायतें क्यों आ रही हैं? एक दिन बुद्ध ने एकांत में रहने वाले शिष्य से पूछा कि तुम ऐसा क्यों करते हो? सभी लोग तुम्हारी शिकायतें कर रहे हैं। उस शिष्य ने कहा कि तथागत आपने घोषणा कर रखी है कि कुछ दिनों में आप ये संसार छोड़ देंगे तो मैंने ये तय किया है कि जब तक आप यहां हैं, मैं आपसे एकांत और मौन का महत्व समझ लूं। आपके बाद मुझे इन बातों को कोई और कैसे समझाएगा। शिष्य की बातें सुनकर बुद्ध ने अन्य शिष्यों से कहा कि तुम सभी इस शिष्य की गलत शिकायतें कर रहे हो। तुम लोगों ने इसे जाने बिना इसके बारे अपनी गलत राय बना ली है। तुमने देखा कुछ और समझा कुछ। तुम सभी की आदत है कि दूसरों को गलत तरीके से परखते हो।ध्यान रखें हमें किसी भी व्यक्ति के लिए जल्दबाजी में कोई राय नहीं बनानी चाहिए। किसी व्यक्ति से मिलते समय उसके बारे में पहले से कोई राय न बनाएं। पहले उस व्यक्ति की गतिविधियों को देखें, समझें और फिर किसी नतीजे पर पहुंचना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### टीबी अब लाइलाज बीमारी नहीं

एक समय था जब टीबी यानी क्षय रोग का नाम सुनते ही मरीज और उसके परिवार में डर का माहौल बन जाता था। लोगों को लगता था कि यह बीमारी जीवन भर पीछा नहीं छोड़ेगी और इसका इलाज संभव नहीं है। जानकारी की कमी और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के कारण अनेक मरीज समय पर उपचार नहीं ले पाते थे। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में चिकित्सा विज्ञान ने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। आज टीबी का प्रभावी इलाज उपलब्ध है और लाखों मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी रहे हैं। यही कारण है कि अब टीबी को लाइलाज बीमारी नहीं माना जाता, बल्कि समय पर पहचान और नियमित उपचार से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है।

- **परेश उपाध्याय**, सरगुजा

## करंट अफेयर


# बकिंघम पैलेस में नहीं रहेंगे महाराज चार्ल्स तृतीय



ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय बकिंघम पैलेस के 10 वर्षों तक 36 .9 करोड़ पाउंड (लगभग 48 .7 करोड़ अमेरिकी डॉलर) के व्यापक नवीनीकरण कार्यक्रम के पूरा होने के बाद भी वहां स्थायी रूप से नहीं रहेंगे। राजशाही का मानना है कि इस ऐतिहासिक भवन को आम जनता के लिए अधिक सुलभ बनाया जाना चाहिए। हालांकि, शाही अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि महाराजा चार्ल्स और महारानी कैमिला बकिंघम पैलेस से अपने आधिकारिक कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह महल आगे भी राजशाही का ' 'औपचारिक और प्रशासनिक केंद्र' ' बना रहेगा, लेकिन चार्ल्स के पूरे शासनकाल के दौरान महाराजा और महारानी (बकिंघम पैलेस के) निकट स्थित क्लेरेंस हाउस में निवास करेंगे। महाराजा के वित्तीय मामलों की देखरेख करने वाले वरिष्ठ शाही अधिकारी जेम्स चाल्मर्स ने कहा, ' 'बकिंघम पैलेस राजशाही का मुख्यालय है और आगे भी बना रहेगा। यह हमारे राष्ट्रीय भवनों का सबसे अनमोल रत्न है।' ' इस निर्णय की घोषणा बृहस्पतिवार को शाही वित्तीय मामलों पर आयोजित एक ब्रीफिंग के दौरान की गई। इसी अवसर पर किंग चार्ल्स देश के पहले ऐसे सम्राट भी बने, जिन्होंने सार्वजनिक रूप से यह जानकारी दी कि उन्होंने सरकार को कितना कर अदा किया।

## ऑफ बीट

# तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है विटामिन बी6




ऑस्ट्रेलिया के औषधि नियामक ने दावा किया है कि विटामिन बी6 की अत्यधिक मात्रा तंत्रिकाओं को क्षति पहुंचाने सहित ऐसे कई घातक दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकती है जो हमारी सोच से कहीं अधिक होंगे। ऑस्ट्रेलिया की दवा नियामक संस्था 'थेरेप्यूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन' (टीजीए) ने यह दावा किया है। इस सप्ताह के शुरु में एबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि टीजीए के एक प्रवक्ता के मुताबिक, विटामिन बी6 के दुष्प्रभावों की गंभीरता का अब तक शायद कमतर ही आकलन किया गया था। बहरहाल, सुरक्षा संबंधी चिंताओं के मद्देनजर, विटामिन बी6 की उच्च मात्रा वाले सप्लीमेंट की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। देशभर में लोगों के रक्त के नमूनों में विटामिन बी6 की जांच करने वाले एक पैथोलॉजिस्ट ने बताया कि मई में की गई जांच में लगभग 4 .5 प्रतिशत नमूनों में ऐसे संकेत मिले जो तंत्रिकाओं को नुकसान की संभावना की ओर इशारा करते हैं। विटामिन बी6 को पायरीडॉक्सीन भी कहा जाता है। यह शरीर में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा के चयापचय में अहम भूमिका निभाता है। यह मस्तिष्क में न्यूरोट्रांस्मीटर के उत्पादन, प्रतिरक्षा प्रणाली के समर्थन और हीमोग्लोबिन उत्पादन में भी सहायक होता है। मस्तिष्क के कामकाज और व्यक्ति के मिजाज के नियमन में न्यूरोट्रांस्मीटर की अहम भूमिका होती है।

## ट्रेंड

### नार्को-कार्टेल्स



भारत ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग की वैश्विक चुनौती के ख़िलाफ़ सबसे मज़बूत लड़ाई लड़ी है; इसके तहत नार्को-कार्टेल्स को सख्ती से खत्म किया गया है और प्रभावित लोगों का उचित देखभाल और सहानुभूति के साथ इलाज किया गया है।

- **अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### मारवाड़ी समाज का योगदान



आधुनिक असम की नींव कई समुदायों की दशकों की कड़ी मेहनत पर टिकी है, जिसमें मारवाड़ी समाज भी शामिल है। अस्पतालों से लेकर समाज-सेवा करने वाली संस्थाओं तक, हर संस्थान उनके अहम योगदान की गवाही देता है।

- **हिमंत बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

### आत्मनिर्भर भारत



भारत की रक्षा शक्ति को मिली एक और बड़ी मजबूती। स्वदेशी 'नेत्र' एईडब्ल्यू और सी सिस्टम को अंतिम परिचालन मंजूरी मिलने से भारतीय वायुसेना की निगरानी, समय रहते खतरे की पहचान और रणनीतिक क्षमता को नई ताकत मिलेगी। आत्मनिर्भर भारत का संकल्प निरंतर साकार हो रहा है।

- **सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार

### बंकिम चंद्र को नमन



बंकिम चंद्र के दोनों हाथों में समान शक्ति थी, वे दोनों हाथों का समान रूप से उपयोग करने वाले) थे... एक हाथ से उन्होंने साहित्यिक ज्ञान का प्रकाश फैलाया और दूसरे हाथ से अज्ञानता और गलत धारणाओं के धुएं और राख को दूर किया।

- **मल्लिकार्जुन खड़गे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# रणबीर की रामायणम करेगी 3300 करोड़ से ज्यादा कमाई?

**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी के निर्देशन बन रही रामायणम दो पार्ट में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। लेकिन, अभी से ही इस फिल्म की बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर अनुमान आने शुरू हो गए हैं। मशहूर थिएटर ओनर और फिल्म ट्रेड एनालिस्ट विश्वेक चौहान का कहना है कि रामायणम कमाई के मामले में रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर फ्रैंचाइजी के 3300 करोड़ रुपए के कलेक्शन के रिकॉर्ड को तोड़ देगी। धुरंधर फ्रैंचाइजी ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। यह आमिर खान की दंगल के बाद दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। अब सबकी नजर रणबीर की रामायणम पर टिकी हुई है। विश्वेक चौहान ने आगे कहा कि रामायणम लोगों के दिल के बहुत करीब है।

लाइफ Style

# संचिता

## परिवार के खिलाफ जाकर की एक्टिंग

एजेंसी ⏭ मुंबई



मुझे बस अच्छे प्रोजेक्ट का इंतजार था, जिसमें मैं अपनी भूमिका न्यायसंगत तरीके से निभा सकूं। 'ठुकरा के मेरा प्यार' के पहले सीजन के पहले मैं इस इंडस्ट्री में बिल्कुल नई थी। उसके बाद मुझे कास्टिंग निर्देशकों के जिस तरह से फोन या मैसेज आए हैं, उससे ये पता चलता है कि अब लोग मुझे इंडस्ट्री में पहचान गए हैं।' शो का नायक और संचिता के पात्र का प्रेमी आगे चलकर आईएएस अधिकारी बन जाता है। ऐसे में बिहार के भागलपुर से आने वाली संचिता अपने अभिनय सफर के बारे में बताती हैं, 'मेरे पापा चाहते थे कि मैं आईएएस अधिकारी बनूं, क्योंकि मैं बिहार से हूं। वहां के माता-पिता की अपने बच्चों से यही उम्मीद होती है कि उनका बच्चा इंजीनियर, डॉक्टर बने या यूपीएससी पास कर आईएएस अधिकारी बने। हालांकि, मैंने इनमे से कुछ नहीं किया मैंने तीसरा रास्ता (अभिनय) चुना।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे बचपन से ही फिल्मों की दुनिया बहुत पसंद रही है। जब भी मैं कोई फिल्म देखती थी तो अंदर से दिल करता था कि मैं भी एक्टिंग करूं। मैंने आठवीं या नौंवी कक्षा में टिकटॉक वीडियोज से एक्टिंग करना शुरू किया था। धीर-धीरे मेरा सफर आगे बढ़ता गया, लोगों को मेरे वीडियोज पसंद आने लगे। उसी प्रवाह में आगे बढ़ते हुए मैंने अपना पहला ऑडिशन दिया, जिससे मुझे मेरी पहली तेलुगु फिल्म मिली। फिर धीरे-धीरे मैं पूरी तरह से इस पेशे में ढल गई।'

माना जाता है कि एक सफल प्रोजेक्ट कलाकार की आगे की राहें आसान कर देता है। हालांकि, साल 2024 में प्रदर्शित वेब सीरीज 'ठुकरा के मेरा प्यार' की सफलता के बाद भी अभिनेत्री संचिता बासु की कहानी कुछ अलग दिखती है। हाल ही में इस शो का दूसरा सीजन जियो हॉटस्टार पर प्रदर्शित हुआ, दोनों सीजन के बीच में संचिता ने कोई दूसरा शो नहीं किया। वह कहती हैं, "मैंने ऐसा सोच समझकर नहीं किया। मैं तो काम रही थी, लगातार ऑडिशन दे रही थी।

# तब्बू को माचिस के लिए नेशनल अवॉर्ड मिलने पर हुई थी जलन



**नई दिल्ली।** साल 1996 में आई गुलजार की फिल्म 'माचिस' को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। खासतौर फिल्म में तब्बू की अदाकारी ने लोगों का दिल जीत लिया था। वहीं, इस फिल्म में दमदार एक्टिंग के लिए तब्बू को साल 1997 में 'बेस्ट एक्ट्रेस' का पहला नेशनल फिल्म अवॉर्ड भी मिला था। दिलचस्प बात ये है क उस साल अवॉर्ड की दौड़ में सोनाली कुलकर्णी भी शामिल थीं। हालांकि, तब्बू ने बाजी मार ली थी। अब सोनाली ने खुलासा किया है कि उन्हें उस समय बहुत गुस्सा आया और तब्बू से काफी जलन भी हुई थी। बता दे कि सोनाली कुलकर्णी की फिल्म 'दायरा' साल 1996 में आई थी। अमोल पालेकर की इस फिल्म में सोनाली की एक्टिंग की काफी तारीफ हुई थी। वहीं, उस दौर को याद करते हुए, सोनाली ने कहा कि उस समय अवॉर्ड जीतने वाले हर किसी से उन्हें जलन होती थी। उन्होंने बताया कि उनकी कई फिल्में लगातार नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स के फाइनल राउंड तक पहुंचती थीं, लेकिन हर साल यह सम्मान न मिल पाने से उन्हें बहुत निराशा होती थी। हालांकि उन्हें दूसरे अवॉर्ड्स से पहचान मिल रही थी, लेकिन उन्होंने माना कि नेशनल अवॉर्ड ही वह सम्मान था जिसे पाने की उनकी सबसे ज़्यादा इच्छा थी, इसलिए हर बार हार को स्वीकार करना और भी मुश्किल हो जाता था।उस पल को याद करते हुए सोनाली ने माना कि उन्होंने खुद को यह सोचकर समझाने की कोशिश की, वह तो इंडस्ट्री की ही हैं न! यह बहुत मशहूर लाइन थी।






# तलाक के बाद अब प्यार की कमी हो रही महसूस

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा देओल और बिजनेसमैन भरत तख्तानी की शादी साल 2024 में टूट गई थी। इस कपल ने अलग होने का ऐलान कर हर किसी को हैरान कर दिया था। हालांकि, दोनों अपनी दो बेटियों की परवरिश मिलकर कर रहे हैं। वहीं, ईशा ने अब अपनी पर्सनल ज़िंदगी के बारे में बात करते हुए माना है कि उन्हें अपनी लाइफ में प्यार की कमी महसूस होती है। फिर भी, उन्होंने ये भी कहा कि वह उम्मीद बनाए हुए हैं और दोबारा प्यार पाने के लिए तैयार हैं। हाल ही में, ईशा 'कर्ली टेल्स' के एक पॉडकास्ट में शामिल हुई थीं यहां उन्होंने भरत तख्तानी से अलग होने के बारे में खुलकर बात की. ईशा ने माना कि उन्हें अपनी जिंदगी में अभी प्यार और रोमांस की कमी महसूस हो रही है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि प्यार और रोमांस किसी इंसान की जिंदगी में सबसे जरूरी चीजें हैं, जिनकी मुझे अभी कमी महसूस हो रही है, मुझे रोमांटिक होना पसंद है।

# लोग कहते हैं अकेली रह जाओगी मुझे यही पसंद : मुनमुन



**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बबीता जी का किरदार निभाने वाली मुनमुन दत्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी जिंदगी की खूबसूरत झलकियां फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी जर्नी का एक खूबसूरत वीडियो शेयर किया, जिसने लोगों का ध्यान खींच लिया। इस वीडियो के साथ मुनमुन ने एक ऐसा कैप्शन लिखा, जिसने उनकी सोच साफ जाहिर कर दी। उन्होंने लिखा, 'लोग कहते हैं कि तुम हमेशा अकेली रह जाओगी और मेरा जवाब है- बहुत बढ़िया, मुझे यही पसंद है।' उन्होंने कहा- मैंने अपनी जिंदगी अपनी शर्तों पर जीने का फैसला किया है और मैं इसे किसी और तरीके से नहीं जीना चाहती। वीडियो में मुनमुन अलग-अलग जगहों पर घूमते हुए, नई चीजें सीखते हुए और हर पल का आनंद लेते हुए नजर आ रही हैं। उन्हें घूमने-फिरने का काफी शौक है और वह अक्सर विदेश यात्राओं की तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं।




# द इंडिया स्टोरी का टीजर रिलीज, कीटनाशक के खिलाफ कोर्ट में उतरीं काजल!

एजेंसी ⏭ मुंबई



एक्ट्रेस काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े अगली फिल्म 'द इंडिया स्टोरी'में नजर आने वाले हैं। शुक्रवार को इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। द इंडिया स्टोरी 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज की जाएगी। टीजर की शुरुआत एक बड़े प्रदर्शन से होती है, जहां किसान और आम लोग सड़कों पर उतरकर वकील अर्चना (काजल अग्रवाल) के खिलाफ विरोध करते नजर आते हैं। भीड़ उनकी गिरफ्तारी की मांग करती है और गुस्से में उनके पोस्टरों पर कालिख पोतती दिखाई देती है। इसके बाद कहानी कोर्टरूम में पहुंचती है। यहां श्रेयस तलपड़े का किरदार योगेश पांडे अपनी 7 साल की बेटी की मौत के लिए न्याय मांगता है।

उसका कहना है कि उसकी बेटी की मौत कैंसर से नहीं, बल्कि खाने में मौजूद मिलावट और पेस्टिसाइड की वजह से हुई है। इस केस में काजल अग्रवाल का किरदार अर्चना पेस्टिसाइड बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ लड़ाई करती नजर आती हैं। टीजर के आखिर में एक चौंकाने वाला सीन भी है, जहां प्रदर्शन के बीच एक महिला काजल अग्रवाल को थप्पड़ मार देती है। यह फिल्म पेस्टिसाइड और खाने में मिलावट जैसे गंभीर मुद्दे को सामने लाती है और दिखाती है कि कैसे यह धीरे-धीरे हमारी सेहत और आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित कर रहा है। फिल्म का निर्देशन चेतन डीके ने किया है और इसे सागर बी शिंदे ने लिखा और प्रोड्यूस किया है। फिल्म में भारत के एक बड़े लेकिन कम चर्चा में रहने वाले पब्लिक हेल्थ इश्यू को दिखाया जाएगा। फिल्म के को-प्रोड्यूसर्स में स्वाति विनायक सैंदाने, अनीता जाधव, विनायक सैदानी, कल्पेश शाह, देवयानी खोराटे और प्रेम जोशी शामिल हैं।वहीं, फिल्म की टेक्निकल टीम में सिनेमैटोग्राफर निशांत भगवत, म्यूजिक कंपोजर मंगेश धाकड़े, एडिटर आशीष म्हात्रे, गीतकार शकील आजमी और साउंड डिजाइनर अनमोल भावे हैं।

# 1952 में छपा हिंदी उपन्यास 1992 में बनी फिल्म



**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में कई ऐसी फिल्में हैं जो मसालेदार एंटरटेनमेंट से अलग अपनी अनोखी कहानी और प्रेजेंटेशन के लिए याद की जाती हैं। 1992 में रिलीज हुई एक ऐसी ही फिल्म ने दर्शकों को प्रेम, समाज और इंसानी रिश्तों को देखने का बिल्कुल अलग नजरिया दिया। खास बात ये है कि इसकी कहानी 1952 में लिखे गए एक चर्चित हिंदी उपन्यास पर बेस्ड थी। फिल्म में एक ऐसा कथावाचक है जो अपने दोस्तों को तीन महिलाओं की कहानियां सुनाता है और इन कहानियों के जरिए प्यार, उम्मीद, कास्टिज्म और समाज की परतें खुलती चली जाती हैं। रिलीज के बाद इस फिल्म को क्रिटिक्स ने खूब सराहा और इसे नेशनल लेवल पर भी बड़ा सम्मान मिला।

### मानेक मुल्ला और तीन महिलाओं की कहानी

फिल्म का फोकस मानेक मुल्ला नाम का किरदार पर है। जो अपने दोस्तों को तीन महिलाओं से जुड़ी कहानियां सुनाता है। ये महिलाएं हैं जमुना, लिली और सत्ती। दिलचस्प बात ये है कि ये सिर्फ तीन अलग-अलग प्रेम कहानियां नहीं हैं, बल्कि समाज के तीन अलग-अलग वर्गों से बिलॉन्ग करती हैं। जमुना मिडिल क्लास दुनिया की झलक दिखाती है, लिली एजुकेटेड वर्ग का प्रतीक है, जबकि सत्ती समाज के गरीब तबके की कहानी सामने लाती है। मानेक मुल्ला की नजर से सुनाई गई ये कहानियां प्रेम के पारंपरिक नजरिए को चुनौती देती हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती हैं।फिल्म की सबसे खास बात इसका अनोखा कहानी कहने का तरीका है। पूरी कहानी यादों, किस्सों और अलग-अलग नजरिए से आगे बढ़ती है। हम बात कर रहे हैं श्याम बेनेगल की फिल्म सूरज का सातवां घोड़ा की। ये फिल्म प्रसिद्ध साहित्यकार धर्मवीर भारती के इसी नाम के उपन्यास पर बेस्ड है। धर्मवीर भारती का ये उपन्यास 1952 में प्रकाशित हुआ था और हिंदी साहित्य में इसका खास स्थान है। श्याम बेनेगल ने उपन्यास की कॉम्पलेक्सिटी और मेटाफर्स को बेहद खूबसूरती से फिल्म में पेश किया। यही वजह रही कि फिल्म को 1993 में बेस्ट हिंदी फीचर फिल्म का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला।




# बदलते दौर के साथ बदली है कॉमेडी



**नई दिल्ली।** अली असगर उन सधे हुए कलाकारों में से है, जिन्होंने हर किरदार में जान डाली है। बात कॉमेडी की आई, तो उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी है, जो ताउम्र दुनिया को हंसाते रहेगी। टीवी पर कॉमेडी सर्कस, जरा नचके दिखा, एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा जैसे शोज के जरिए वह दशकों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। 55 साल के अली कहते हैं कि बदलते दौर के साथ अब कॉमेडी भी बदल गई है। एक बातचीत में उन्होंने कॉमेडी के बदलते स्वरूप पर दो टूक राय दी। कहा, 'जैसे-जैसे दौर बदलता है, वैसे-वैसे कॉमेडी भी बदलती है। जब 'कॉमेडी सर्कस' शुरू हुआ तो बहुत लंबा चला। लेकिन मुझे नहीं लगता कि वही चीज आज उतना चल पाएगी, क्योंकि आखिर आप कितनी चीजें क्रिएट करोगे।' अली असगर मानते हैं कि समय के साथ ही ऑडियंस भी जल्दी ऊब जाती है। अब दर्शकों का अटेंशन स्पैन कम हो गया है। अब इंस्टाग्राम रील्स वगैरह के कारण 15-30 सेकंड तक या ज्यादा से ज्यादा 1 मिनट तक ही आप दर्शकों को रोक सकते हैं।

# प्रधानआरक्षक को 15 हजार की रिश्वत लेते एसीबी ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एंटी करप्शन ब्यूरो ने शुक्रवार को जिले में कार्रवाई करते हुए थान खम्हरिया थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक अजय लहरे को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। प्रधान आरक्षक ने मारपीट के एक प्रकरण में अतिरिक्त धाराएं नहीं जोड़ने तथा मामले को रफा-दफा कराने के नाम पर शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। मामला 15 हजार रुपए में तय हुआ। एसीबी दुर्ग की टीम ने उप पुलिस अधीक्षक मनीष तंबोली के नेतृत्व में थाना परिसर में ही जाल बिछाकर आरोपी को रिश्वत लेते हुए दबोच लिया। एसीबी की 11 सदस्यीय टीम ने करीब पांच घंटे तक थाना परिसर में जांच और आवश्यक कार्रवाई की। शाम लगभग पांच बजे आरोपी प्रधान आरक्षक को अपने साथ दुर्ग ले गई। खैरझिटीकला निवासी दुर्गेश पटेल ने 22 जून को एंटी करप्शन ब्यूरो दुर्ग में बताया कि गांव में बबूल का पेड़ काटने को लेकर कमलेश पटेल से उसका विवाद हुआ था। प्रधान आरक्षक अजय लहरे ने उसे फोन कर थाने बुलाया और कहा कि यदि मामला कोर्ट तक गया तो दोनों पक्ष फंस जाएंगे। अतिरिक्त धाराएं नहीं जोड़ने तथा समझौता कर फाइल बंद करने के एवज में 20 हजार रुपए की मांग की।


आरोपी

### वैधानिक कार्रवाई की जा रही

प्रधान आरक्षक अजय लहरे को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

-मनीष तंबोली
उप पुलिस अधीक्षक, एंटी करप्शन ब्यूरो, दुर्ग

# बच्ची को रौंदकर 60 किमी तक ट्रक ड्राइवर ने मचाया तांडव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहला

जिले से हिट एंड रन का बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है। आज सुबह 10.30 बजे के लगभग राजनांदगांव-चंद्रपुर हाईवे में अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के गुंडरदेही गांव में तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी एक मासूम बच्ची को कुचल दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद नशे में धुत हालत में ट्रक सहित फरार



हो रहे ट्रक चालक ने तेज रफ्तार ट्रक को तीन थाना, एक पुलिस चौकी को क्रॉस करते 60 किलोमीटर तक मौत के तांडव के बीच कोहराम मचा दिया। अंततः बेहद मशकत के बाद ट्रक को घेराबंदी कर कोरकोट्टी में पुलिस द्वारा आरोपी ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है। उल्लेखनीय है कि आज सुबह 10.30 बजे के लगभग राजनांदगांव-चंद्रपुर स्टेट हाईवे में ट्रक के नशे में चूर ड्राइवर देवेंद्र सिंह ने तेज रफ्तार ट्रक से अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम गुंडरदेही में सड़क किनारे खड़ी 11 वर्षीय मासूम बच्ची पूनम खवाश पिता राजेश खवाश को रौंद डाला। हादसे के तुरंत बाद ट्रक को रोकने के बजाय धुत ट्रक चालक ट्रक सहित फरार होने लगा।

### ट्रक के आगे-पीछे पुलिस सायरन बजाते चलती रही

ट्रक से हाईवे में राहगीरों की जान ना चली जाए एवं जिला मुख्यालय मोहला का साप्ताहिक बाजार होने के कारण भीड़ कुचल ना जाए। जिसके लिए आगे से पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी हाईवे से लोगों को हटा रही थी तो पीछे से सायरन बजाते पुलिस की अन्य गाड़ी ट्रक का पीछा करती रही।

## खबर संक्षेप

### दो मेडिकल स्टोर और एक क्लिनिक सील

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के विकासखंड बकावंड के ग्राम पंचायत मुली में स्वास्थ्य विभाग ने अवैध दवा कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते दो मेडिकल स्टोर्स और एक क्लीनिक को सील कर दिया है। यह कार्रवाई बीएमओ डॉ. हरीश मरकाम के नेतृत्व में ड्रग इंस्पेक्टर, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को की। जांच के दौरान सामने आया कि संबंधित प्रतिष्ठान में बिना वैध चिकित्सकीय योग्यता के मरीजों का इलाज किया जा रहा था। मेडिकल स्टोर के लाइसेंस की आड़ में क्लीनिक संचालन के साथ-साथ दवाओं का खुदरा और थोक कारोबार भी किया जा रहा था, जो नियमों का खुला उल्लंघन है। निरीक्षण के दौरान बड़ी मात्रा में शेड्यूल एच-1 श्रेणी की एंटी बायोटिक दवाएं, इंजेक्शन और अन्य नियंत्रित दवाइयां मिलीं। अधिकारियों ने दवाओं के स्टॉक, खरीद-बिक्री रजिस्टर और रिकॉर्ड जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

# वन विभाग ने बीएसपी को जारी किया नोटिस
# वनपाल-वनरक्षक हटे, रेंजर-एसडीओ घेरे में

*रावघाट लौह अयस्क परियोजना के लिए बनाई गई सड़क में कथित रूप से बिना वन विभाग की वैधानिक अनुमति सैकड़ों पेड़ों की कटाई का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। हरिभूमि द्वारा जमीनी पड़ताल कर प्रकाशित खबर के बाद वन विभाग पूर्व वनमंडल भानुप्रतापपुर ने पुराने दस्तावेजों की जांच और जमीनी स्तर पर जाँच करके यह तो साबित कर दिया कि पेड़ की अवैध कटाई करके अवैध सड़क बना दी गई। वन विभाग ने बीएसपी को नोटिस जारी कर दिया। इसके साथ ही रेंजर, एसडीओ को भी नोटिस के घेरे में लेते हुए पांच वनरक्षक एव वनपाल को क्षेत्र से हटाते हुए नोटिस जारी हुआ।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हरिभूमि ने अपनी ग्राउंड रिपोर्ट में सबसे पहले यह सवाल उठाया था कि वन विभाग की अनुमति के बिना सड़क निर्माण कैसे किया गया और इसके लिए बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई किसकी अनुमति से हुई। समाचार प्रकाशित होने के बाद विभाग ने पुराने रिकॉर्ड खंगाले और मौके पर जांच के लिए पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल के वनमंडलाधिकारी ने पांच सदस्यीय जाँच टीम गठित करके मामले की जाँच करवाया। जाँच में यह तथ्य आया है कि 1340 मीटर लंबी और लगभग 9.95 मीटर चौड़ी सड़क को बिना अनुमति के बनाया गया है और प्रथम दृष्टया 540 के आसपास पेड़ काटे गए है, यह संख्या बढ़ भी सकती है। इस सड़क को पहाड़ काटकर बनाया गया है, जो फोटो सबसे पहले केवल हरिभूमि में ही प्रकाशित हुई थी। इसके बाद हडकंप मच गया।

खबर का असर

### 1340 मीटर लंबा और 9.95 चौड़े पहाड़ को काटकर बनाई अवैध सड़क


अनदेखी : एसडीओ बोले- बीएसपी ने नहीं ली अनुमति
रावघाट में लौह अयस्क परिवहन के लिए बनाई जा रही सड़क से वन विभाग अनजान

### कार्रवाई होना तय

*पूर्व वनमंडल भानुप्रतापपुर वन मंडल के वनमंडलाधिकारी ऋषभ जैन ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि यह जो रोड़ बनाया गया है, इसमें वन विभाग की अनुमति नही ली गई है। भारतीय वन अधिनियम 1927 और वन संरक्षण अधिनियम 1980 का भी उल्लंघन हुआ है। बीएसपी रावघाट प्रबंधन को अभी नोटिस जारी किया गया है। बीएसपी रावघाट प्रबंधन से जवाब आने के उपरांत संबंधितों पर कानूनी कार्रवाई की प्रकिया शुरू की जाएगी।*

### एसडीओ, रेंजर सहित 7 को नोटिस, 5 को हटाया

वनमंडलाधिकारी ऋषभ जैन के अनुसार इस मामले में जाँच रिपोर्ट मिलने के उपरांत एसडीओ विजय चंद्रवंशी और रेंजर वीरेंद्र यादव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, इसके अलावा दीनदयाल नेताम वनपाल परिक्षेत्र सहायक भैसगांव, आत्माराम पोटाई वनपाल परिक्षेत्र सहायक फूलपाड़, अश्विनी कुमार नेताम वनरक्षक, दक्षिण भैसगांव, सहादुर सिंह ठाकुर वननरक्षक फूलपाड़, योगेश कुमार ठाकुर वनरक्षक अंजरेल पूर्व को इन क्षेत्रो से हटाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। रावघाट परियोजना में सामने आए कथित अनियमितताओं के बाद अब सवाल केवल सड़क निर्माण और पेड़ों की कटाई तक सीमित नहीं रह गए हैं।

# प्रकाश इंडस्ट्रीज में हादसा, ऊंचाई से गिरकर ठेका श्रमिक की मौत

**चांपा।** प्रकाश इंडस्ट्रीज में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। करीब 8 फीट ऊंचाई पर एंगल की कटाई के दौरान ठेका श्रमिक अचानक नीचे गिर गया। इलाज के दौरान ठेका श्रमिक की मौत हो गई। घटना शुक्रवार 26 जून को करीब दोपहर 1 से 1.30 बजे के बीच की है। सभी मजदूर काम में जुटे हुए थे। ठेकेदार के सुपरविजन में गोरेलाल कंवर उम्र 42 वर्ष 8 फीट ऊंचाई पर स्ट्रक्चर के एंगल की कटाई कर रहा था। अचानक ठेका श्रमिक एंगल सहित गिरकर घायल हो गया है। हादसे के बाद प्लांट प्रबंधन के लोग तत्काल ठेका श्रमिक को उपचार के लिए जांजगीर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। मामले में चांपा पुलि1स ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

# माध्यमिक शाला झालापारा भवन पर गाज गिरने से 4 छात्राएं घायल

**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत बैकोना के पूर्व माध्यमिक शाला झालापारा में गुरुवार को दोपहर में उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब स्कूल भवन पर अचानक आकाशीय बिजली गिरी। गाज की चपेट में आने से कक्षा में पढ़ाई कर दोपहर की छुट्टी के बाद कक्षाएं संचालित हो रही थी। अपराह्न ढाई बजे गरज-चमक के साथ स्कूल भवन पर आकाशीय बिजली गिरी तथा कक्षा में पढ़ाई कर रही छात्रा मनशीला (13वर्ष), नेहा (14वर्ष), रीना पैकरा (14वर्ष) एवं राधिका (13वर्ष) गाज की चपेट में आकर घायल हो गई। नेहा एवं राधिका के कपड़े तक झुलस गए। एम्बुलेंस से छात्राओं को अस्पताल पहुंचाया। बीएमओ डॉ. अजीत दीवान के निर्देशन में इलाज किया गया।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

## एजूकेशन स्पेशल

प्रवेश प्रारंभ
श्री बालाजी इंस्टीट्यूट
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. | 2 Years |
| Paramedical Course | Duration |
| Lab tech, OT tech, X-Ray tech,Ortho tech | 1 Year |
| Pharmacy Course | Duration |
| D Pharmacy | 2 Years |
| B Pharmacy | 4 Years |

Eligibility- B.Sc. Nursing-Biology (PBCE), P.B.B.Sc. Nursing-GNM Pass
M.Sc. Nursing-BSc.,P.B.B.Sc. Pass,
Paramedical Course - 12th pass (Bio)
Pharmarcy - 12th pass , Maths, Bio

HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS

क्लीनिकल सुविधा
श्री बालाजी हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 250 सीटो का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु : 7694016816, 6266631615, 7999665899
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु 9201622400, 9201641200, 9201631200

## Appointment आवश्यकता

### शिक्षक

**आवश्यकता है-** ज्ञान भारती हायर सेकेंडरी स्कूल में फिजिक्स, मैथ्स, बायो, केमेस्ट्री, कंप्यूटर ऑपरेटर, अंग्रेजी सब्जेक्ट हेतु शिक्षक की आवश्यकता है वेतन 10 से 15 हजार योग्यताअनुसार **संपर्क MIG 1068 के सामने वीर सावरकर नगर हीरापुर रायपुर मोबाइल- 8319496635.** (RO-868)

**आवश्यकता है-** महारानी लक्ष्मीबाई विद्यापीठ उच्चत्तर. माध्यमिक विद्यालय, तीन दर्शन मंदिर, केम्प-1 भिलाई को एकाउन्ट एवं प्रायमरी शिक्षक की आवश्यकता है। **विद्यालय में सम्पर्क करें ।** (आरो न -303)

**आवश्यकता है-** नया सबेरा विद्यालय गोकुल नगर/राम नगर में कामर्स, बायो समूह एक 6 से 10 वीं तक सभी विषयों पढ़ाने हेतु शिक्षक/शिक्षिकाए की आवश्यकता है । **संपर्क करें:- 9993453324.** (RO-870)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** रायपुर में सड्डू बंजरपारा में स्थित दाल मिल में कार्य हेतु 2 कर्मचारी अनाजलाईन दाल मिल अनुभवी प्राथमिकता वेतन 15000/- से आरंभ, एक दालमिल मिस्त्री जिसको सारटेक्स/कम्प्रेशर मशीन चलाने का अनुभवी वेतन योग्यतानुसार, 1 मिल इंचार्ज जो Account/ मिल का भी काम कर सके वेतन 18000से 20000 **संपर्क 9826141178.** (RO-A)

### हाउसकीपिंग/सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** हाउसकीपिंग- पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने के लिए), ड्राइवर- केवल रायपुर लोकल के लिए, ऑफिस बॉय- केवल रायपुर लोकल के लिए, हाउस सुपरवाइजर, **संपर्क करे- 6232022676.** (आरो-460)

### पैकिंग/लोडिंग कार्य

**आवश्यकता है-** चायपत्ती में पैकिंग कार्य के लिए लेडिस व लोडिंग अनलोडिंग के लिए पुरुष की आवश्यकता है **संपर्क जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM आकृति विहार अमलीडीह रायपुर मोबाइल :- 74699-80000, 0771-4075490.** (RO-A)

### कुक/सफाई कर्मी

**आवश्यकता है-** रायपुर में पालतू कुत्तों के लिए खाना बनाना, साफ़ सफाई और उनके कपड़े बर्तन धोने के लिए बाई चाहिए। साथ ही घर की साफ सफाई, झाड़ू, कपड़ा, बर्तन। सुबह शाम का काम है। वेतन 6000 महीना। **संपर्क - 7987155452.** (RO-093)

### वर्क/फील्ड स्टाफ

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु स्टाफ की आवश्यकता है मैनुअल क्लेरिकल वर्क स्टॉफ (फीमेल), फील्ड स्टॉफ, आफिस बॉय (जिसके पास दो पहिया वाहन हो) अकाउंटेंट Tally ERP9 (मेल/फीमेल) **संपर्क- जय अम्बे एग्रो इंडस्ट्रीज, अवंति विहार, 400 मीटर आगे एटीएम चौक से एस्थेटिक इनस्टिट्यूट ऑफ़ डिज़ाइन कॉलेज के पास रायपुर। फोन- 86025 98092 , 93039 80093.** (RO-724)

### घरेलु नौकर

**आवश्यकता है-** रायपुर (सिविल लाइन्स) स्थित एक प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12 घंटे एवं 24 घंटे कार्य हेतु अनुभवी, ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की तत्काल आवश्यकता है। अनुभवः कम से कम 5 वर्ष शिक्षा न्यूनतम 10वीं पास वेतन 20,000- 25,000 प्रतिमाह (अनुभवनुसार) सुविधाएं रहने की व्यवस्था है **स्थानः सिविल लाइन्स, रायपुर संपर्कः- 9109972720, 9109125252.** (RO-038)

**आवश्यकता है-** बच्चा सँभालने हेतु एवं घर कार्य हेतु 24 घंटे की बाई (लड़की) चाहिये। रहना एवं ख़ाना दिया जाएगा। **स्थान तेलीबांधा, रायपुर संपर्क करें मोबाइल नंबर 9575042814.** (RO-OM)

### हेल्पर/वेल्डर/फिटर

**आवश्यकता है-** तुरंत सिलतरा रायपुर स्टील प्लांट परमानेंट हेल्पर 70, वेल्डर 10, फिटर 10, रिगर 10, ड्यूटी 8 घंटे, पी एफ, एसआईसी, बोनस, साप्ताहिक छुट्टी, वेतन -14000/-, ठेकेदार । **मो .- 7869284963, 9329280863, 07883556724.** (आरो न -302)

छोटा विज्ञापन

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** रायपुर स्थित प्रतिष्ठित कार्यालय के लिए 12 घंटे की ड्यूटी हेतु अनुभवी, अनुशासित एवं जिम्मेदार सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है। अनुभवः न्यूनतम 5 वर्ष शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं पास वेतन योग्यता एवं अनुभवनुसार आकर्षक वेतन **कार्य स्थल सिविल लाइन्स, रायपुर संपर्कः- 9109972720, 9109125252.** (RO-037)

### लॉन्ड्री कार्य

**आवश्यकता है-** लॉन्ड्री शॉप के लिए कपड़े लेने और पहुंचाने (पिक एण्ड ड्रॉप) के लिए लड़को की आवश्यकता है। समय सुबह 9:30 से रात 09 बजे तक **युक्लीन लॉन्ड्री पचपेड़ी नाका रायपुर संपर्कः- 7999519526.** (RO-871)

### घरेलु महिला सहायक

**आवश्यकता है-** घरेलू महिला सहायक चाहिए (18–40 वर्ष)। 24 घंटे रहना होगा, रहना-खाना मुफ्त। खाना बनाना नहीं - घर के बाकी सभी काम। अनुभवी हों। महीने में 2 छुट्टी। **स्थानः न्यू चंगोराभाठा, रायपुर। संपर्कः 8305037010.** (RO-901)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** किराना दुकान में काम करने हेतु मेहनती लड़को की आवश्यकता हैं। पढ़ाई में बाधा नहीं। आकर्षक वेतन। **सम्पर्क करें- भगत किराना, गोल बाजार, रायपुर, मो. 7828644611.** (RO-094)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### टेक्नीशियन

**आवश्यकता है-** इंडस्ट्रीयल एवं कमर्शियल वाटर सॉफनर एवं RO PLANT की फिटिंग/इंस्टालेशन एवं मेंटेंनेस हेतु अनुभवी टेक्नेशियन एवं कार्य सिखने हेतु ट्रेनी युवकों की आवश्यकता है। **संपर्क करें:-बेलकेम इंडस्ट्रीज 16/5 दीक्षित कॉलोनी नेहरू नगर भिलाई - 94062-41383, 89658-39883.** (आरो न -304)

### अकाउन्टेंट/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** हार्डवेयर दुकान और गोदाम में काम के लिए लड़के चाहिए। अकाउंट, कंप्यूटर और सेल्स वाले भी संपर्क करें। सैलरी 14,000 से शुरू। **जगह - नहरपारा & बॉम्बे मार्केट, राज टॉकीज के सामने। कॉल करें - 9302702087.** (RO-4146)

### ऑफिस कार्य

**शीघ्र आवश्यकता है-** जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के, आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री +गाड़ी किराया +कोई शुल्क नहीं लगेगा **संपर्क, 7880003160, 7880003190.** (RO-528)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की जो बाहर (उज्जैन इंदौर उदयपुर ) मे रह कर काम कर सके सैलरी 12000 + कमीशन + बोनस के साथ महीना 25000/ कमाए रहना खाना फ्री लिमिटेड सीट **संपर्क - 7777800422, 9993044523.** (Ro -366)

हरिभूमि क्लासीफाईड

## Property प्रापर्टी

### मकान

**मकान बेचना है-** दो बेडरुम दोनों में अटेच्ड लैटबाथ, हॉल किचन, बालकनी.आनंदपुरम सोसाइटी फेस 2, फस्ट फ्लोर .650 स्क्वायर फुट **संपर्क करें- 6266033910.** (आरो -300)

### प्लाट

**बेचना है -** केंद्री रेल्वे स्टेशन के पास, 37x76 स्क्वेयर फीट का कमर्शियल प्लॉट बिक्री हेतु उपलब्ध। हॉस्पिटल, होटल या किसी भी कमर्शियल सेटअप के लिए परफेक्ट जगह। जल्दी करें– सीमित ऑफर! **संपर्क करें:- 9990440140, 9991118972.** (RO-039)

## For Rent किराया

**किराये पर उपलब्ध-** बिलासपुर, व्यापार विहार में गुम्बर पैट्रोल पम्प के पीछे VR NEXUS बिल्डिंग में फर्स्ट फ्लोर 2560 वर्गफुट, सेकेण्ड फ्लोर 1910 वर्गफुट, किराये पर उपलब्ध। (पार्किंग सुविधा) **सम्पर्क करें- 9589740766, 9425530355.** (RO-40953)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** बंधना फाइनेंस द्वारा दुकानदार, होलसेल, कृषि लोन, ग्रुपलोन, बिजनेस लोन 2 प्रतिशत ब्याज में। 25. हजार से 30 लाख तक लोन वीकली या मंथली आसान किश्तों में। **संपर्कः- 9770833099.** (RO-4282)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ





### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## Healthcare

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र मे सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## आयातित दवाओं की एक्सपायरी डेट से जुड़ा नियम बदलने का प्रस्ताव

# केंद्र सरकार ने मसौदा जारी किया, लोगों से मांगे सुझाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगर कोई दवा विदेश से भारत लाई जाती है, तो अब उसके लिए लागू नियमों में बड़ा बदलाव हो सकता है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने ड्रग्स रूल्स, 1945 के नियम 31 में संशोधन का मसौदा (ड्राफ्ट) जारी किया है और इस पर आम लोगों व संबंधित पक्षों से सुझाव मांगे हैं। अभी तक नियम यह था कि भारत में आयात की जाने वाली दवा की कुल शेल्फ लाइफ का 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बचा होना जरूरी था। अब सरकार इस नियम को आसान बनाते हुए प्रस्ताव लाई है कि दवा के भारत पहुंचने के समय उसकी एक्सपायरी में कम से कम 12 महीने बाकी होने चाहिए। हालांकि, बायोलॉजिकल दवाओं और रेडियोफार्मास्यूटिकल्स जैसी विशेष श्रेणी की दवाओं के लिए पुराना 60 प्रतिशत वाला नियम ही लागू रहेगा।

### भारत में दवा पहुंचने के समय एक साल की एक्सपायरी डेट होना जरूरी

### गुणवत्ता और सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं

*स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह भी साफ किया है कि नए प्रस्ताव का मतलब गुणवत्ता के नियमों में ढील देना नहीं है। सरकार का कहना है कि दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। यानी नई व्यवस्था का मकसद सिर्फ नियमों को अधिक व्यावहारिक बनाना और दवाओं की बर्बादी कम करना है।*



### आम आदमी को मिल सकेंगी जरूरी दवाएं

इस बदलाव का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि विदेश से आने वाली कई जरूरी दवाएं अब आसानी से भारत पहुंच सकेंगी। कई बार सिर्फ 60 प्रतिशत शेल्फ लाइफ की शर्त पूरी न होने के कारण अच्छी गुणवत्ता वाली दवाएं भी आयात नहीं हो पाती थीं। नई व्यवस्था लागू होने पर मरीजों को जरूरी दवाएं समय पर मिलने की संभावना बढ़ेगी। दवाओं की कमी की स्थिति कम होगी। दवाओं की बर्बादी घटेगी। दवा कंपनियों की सप्लाई बेहतर होगी, जिससे लागत भी कम हो सकती है।

### सुझावों पर होगा विचार

*सरकार ने इस मसौदे पर सभी हितधारकों और आम लोगों से सुझाव व आपत्तियां मांगी हैं। सुझाव निर्धारित अवधि के भीतर स्वास्थ्य मंत्रालय को भेजे जा सकते हैं। सुझावों पर विचार करने के बाद अंतिम नियम जारी किया जाएगा। सरकार का कहना है कि इस बदलाव से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा, दवा आपूर्ति श्रृंखला अधिक प्रभावी बनेगी, दवाओं की बर्बादी कम होगी और देश में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बेहतर होगी। मरीजों को भी पर्याप्त शेल्फ लाइफ वाली दवाएं मिलती रहेंगी।*

## खबर संक्षेप

### सहारनपुर में एक ही परिवार के 4 की मौत



**सहारनपुर।** दिल्ली-देहरादून इकोनामिक कॉरिडोर पर हलगोया कट के पास सोनीपत से हरिद्वार जा रहे श्रद्धालुओं की टाटा टियागो कार में पीछे से आ रही स्कार्पियो कार ने टक्कर मार दी। जिससे टियागो में बैठे 9र्षीय बच्चे, दो महिलाओं व एक व्यक्ति की मौत हो गई। गांव मड़ोरा निवासी सात लोग टाटा टियागो में सोनीपत, बागपत, शामली होते हुए हरिद्वार जा रहे थे।

### जेल से भागा कैदी दबोचा, पैर में लगी गोली

**परतापुर।** आजीवन कारावास की सजा काट रहा सिद्धदोष कैदी इज्जतनगर स्थित केंद्रीय कारागार से भाग गया था। चार दिन बाद पुलिस ने उसे परतापुर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी से बचने के लिए कैदी ने पुलिस पर फायरिंग भी की, जवाबी फायरिंग में कैदी के पैर में गोली लगी।बंदी दिनेश ने बताया कि वह अमरोहा के डिडोली थाना क्षेत्र का निवासी है।

### मुंडका में जहरीली गैस से 3 की मौत

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के मुंडका में शुक्रवार को एक फैक्टरी में हादसा हुआ। 3लोगों की मौत हो गई। वेसेप्टिक टैंक के अंदर जहरीली गैस की चपेट में आ गए।दिल्ली फायर सर्विस के अनुसार,दोपहर 12:03 बजे एक कॉल आई जिसमें बताया गया कि मुंडका इंडसट्रियल एरिया की एक फैक्टरी में कुछ लोग सेप्टिक टैंक के अंदर फंस गए हैं।

## सेना की 60 पैरा फील्ड अस्पताल की 41 सदस्यीय टीम पहुंचाएगी मदद

# भारत का 'ऑपरेशन अमिस्ताद', 2 सी-17 विमान वेनेजुएला की मदद के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वेनेजुएला में आए भयावह भूकंप के बाद बड़े पैमाने पर हुई जानमाल की क्षति के बीच तत्काल मदद पहुंचाने के लिए भारत ने शुक्रवार को 'ऑपरेशन अमिस्ताद' की शुरुआत कर दी है। अमिस्ताद शब्द का स्पेनिश भाषा में अर्थ मित्रता होता है। विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने अपनी एक्स पोस्ट में इस अभियान का औपचारिक रूप से ऐलान करते हुए बताया, अमिस्ताद जारी है।

हिंडन एयरबेस से वायुसेना के 2 सी-17 विशालकाय परिवहन विमान 6 टन मेडिकल सप्लाई सहित कुल 35 टन से अधिक जरूरी राहत सामग्री (भीष्म क्यूब, एंबुलेंस शामिल), 60 पैरा फील्ड अस्पताल के 41 कर्मियों की टीम लेकर दक्षिण-अमेरिका के इस महत्वपूर्ण देश की ओर उड़ान भर चुके हैं। शनिवार को यह दोनों विमान वेनेजुएला पहुंच सकते हैं, जिसमें मौसम की अहम भूमिका रहेगी।

### पीएम मोदी ने दिया था मदद का आश्वासन

बताते चलें कि यह पूरा घटनाक्रम इस अत्यंत दुखद प्राकृतिक आपदा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जताई गई शोक-संवेदनाओं के तुरंत बाद सामने आया है। जिसमें नई दिल्ली ने संकट की इस घड़ी में अपने मित्र देशों को तुरंत मदद पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती के साथ दोहराया है।

### भारत का सबसे लंबी दूरी वाला राहत अभियान

अमिस्ताद भारत का पहला सबसे लंबी दूरी वाला राहत अभियान है। भारत-वेनेजुएला के बीच हवाई दूरी लगभग 15 हजार किलोमीटर से ज्यादा है। जिसमें सामान्य यात्रियों को 24 से 32 घंटे तक का वक्त लग जाता है। दिल्ली से कराकस के बीच कोई सीधी फ्लाइट नहीं है। पूर्व में भारत ने कैरेबियन सागर वाले दो देशों क्यूबा और जमैका को 2025 में आए तूफान मेलिसा के बाद चलाए गए राहत अभियान के जरिए सहायता प्रदान की थी।

### 35 टन से अधिक राहत सामग्री भेजी जा रही





### अस्पताल से जरूरतमंदों को मिलेगा इलाज

सेना ने बताया कि भूकंप से सबसे ज्यादा प्रभावित उत्तरी वेनेजुएला को मदद देने के लिए सेना की फील्ड अस्पताल की विशेषज्ञ चिकित्सा कर्मियों की टीम सी-17 विमानों की लैंडिंग के साथ इलाके में युद्धस्तर पर राहत-बचाव कार्य में जुट जाएगी। टीम में 41 कर्मियों में 9 मेडिकल अधिकारी भी शामिल हैं। जो कि भूकंप प्रभावितों को आपातकालीन चिकित्सा देखभाल, ट्रामा प्रबंधन, जीवन रक्षक शल्य चिकित्सा सहायता और अन्य जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे। यह टीम अपने साथ विदेश मंत्रालय द्वारा दी गई 6 टन मेडिकल सहायता और मानवीय राहत सामग्री लेकर वेनेजुएला रवाना हुई है।



### अस्पताल तत्काल दूसरी जगह हो जाते हैं शिफ्ट

इस फील्ड अस्पताल में एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने में सक्षम वेंटीलेटर, रोगी की निगरानी, जांच-सर्जरी के उपकरण, पावर जनरेटर और ऑक्सीजन सपोर्ट सिस्टम शामिल हैं। भीष्म क्यूब ने सराहनीय रूप से भारत की दुनियाभर में मानवीय संकट के समय पर मेडिकल सहायता प्रदान करने की क्षमता को कई गुना बढ़ा दिया है।

### 200 मरीजों का इलाज संभव

भीष्म क्यूब एक स्टेट ऑफ द आर्ट स्वदेशी और तेजी के साथ कहीं पर भी तैनात की जाने वाली मेडिकल सुविधा है। जिसे खासतौर पर प्राकृतिक आपदाओं तथा मानवीय प्रतिक्रिया के दौरान इस्तेमाल किया जाता है। क्यूब में ऐसे मेडिकल मॉड्यूल हैं, जो कहीं पर कभी भी आसानी से लगाए जा सकते हैं और एक पूर्ण रूप से संचालित फील्ड अस्पताल का रूप ले सकते हैं। जिससे उन्नत ट्रॉमा देखभाल, आपातकालीन सर्जरी, इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) के अलावा 200 मरीजों को जरूरी चिकित्सा उपचार प्रदान किया जा सकता है।

# भाजपा अध्यक्ष नवीन की बांकीपुर सीट से ताल ठोंकने की तैयारी में जुटे प्रशांत किशोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के इस्तीफे के बाद खाली हुई बिहार की बांकीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में रोचक मुकाबला देखने को मिल सकता है।

चर्चा है कि इस सीट पर जन सुराज के मुखिया प्रशांत किशोर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। किशोर ने कहा है कि बांकीपुर में 40-45 साल का भारतीय जनता पार्टी का किला तोड़ने के लिए जो करना पड़े, वो करेंगे। उन्होंने कहा कि बांकीपुर की जनता सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने से नाराज हैं। उनका मानना है कि 2025 विधानसभा चुनाव में बांकीपुर की जनता ने वोट सम्राट चौधरी के लिए नहीं बल्कि नीतीश कुमार के नाम पर दिया था। उन्होंने कहा कि अगर मेरे चुनाव लड़ने से भाजपा बांकीपुर जैसी मजबूत सीट हारती है तो मैं चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरीके से तैयार हूं।

### विस चुनाव के बाद प्रशांत के लिए बड़ी चुनौती

प्रशांत किशोर ने बांकीपुर उपचुनाव के इस मुकाबले को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व पर जनमत संग्रह बता रहे हैं, जिसका उद्देश्य राज्य में अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता फिर से स्थापित करना है। उनकी 'जन सुराज' पार्टी के पिछले विधानसभा चुनावों में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, यह उनके लिए एक बड़ी चुनौती है।

### जनसुराज का जनसंपर्क अभियान शुरू

*जन सुराज पार्टी के कोर टीम के सदस्य और पूर्व विधायक किशोर कुमार ने बताया कि पार्टी के संस्थापक और सूत्रधार प्रशांत किशोर और उनकी टीम ने बांकीपुर में जनसंपर्क अभियान चला रखा है। उन्होंने कहा कि जन सुराज की ओर से लगातार अलग-अलग वर्ग के लोगों के साथ बैठकें हो रही हैं। प्रशांत किशोर भी बुद्धिजीवियों, व्यापारियों और अन्य वर्ग के लोगों से सीधा संवाद कर रहे हैं। इस क्षेत्र की जनता और पार्टी के लोग भी प्रशांत किशोर को उम्मीदवार बनाने के पक्ष में हैं।*

# अकूत संपत्ति मिली.. 12 लाख कैश,1.20 करोड़ के गहने जब्त

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

तेलंगाना एंटी-करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने सस्पेंड शमीरपेट की तहसीलदार और जॉइंट सब-रजिस्ट्रार थुम्माकोम्मा सुचरिता के खिलाफ आय के ज्ञात स्त्रोतों से कहीं ज़्यादा संपत्ति जमा करने का मामला दर्ज किया है। उन्होंने नौकरी के दौरान भ्रष्ट और संदिग्ध तरीकों से अकूत संपत्ति जुटाई थी। उसके घर रिश्तेदारों और सहयोगियों से जुड़ी 3 अन्य जगहों पर तलाशी ली।

### करोड़ों की संपत्ति का खुलासा

सिद्दिपेट जिले के डामराकुंटा गांव में 2 एकड़ और 17 गुंटा ज़मीन, हैदराबाद में 3 फ्लैट और कीसारा व खानामेट गांवों में दो प्लॉट मिले। लगभग 12 लाख नकद, 2कारें, 1.20 करोड़ के गहने मिले हैं। सोने और हीरे के गहने और 38 लाख का बैंक बैलेंस भी मिला। संपत्ति की कुल कीमत 5.05 करोड़ से ज़्यादा है। अचल संपत्तियों की बाज़ार कीमत, उनके कागज़ों में दर्ज कीमत से काफ़ी ज़्यादा हो सकती है। एक अधिकारी ने बताया कि हमें 12 एकड़ और कृषि भूमि के दस्तावेज़ भी मिले हैं।

# 'विकसित ग्राम-विकसित भारत' पर दो दिन दिल्ली में होगा बड़ा मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में 28 और 29 जून को नई दिल्ली के पूसा स्थित भारत रत्न सी. सुब्रमण्यम ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ शामिल होंगे, जहां गांवों के समग्र विकास, प्रमुख योजनाओं की समीक्षा और भविष्य की रणनीति पर व्यापक चर्चा की जाएगी। केंद्र सरकार ग्रामीण भारत के तेज, समावेशी और सतत विकास को नई दिशा देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा मंथन करने जा रही है।

- राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन 28-29 जून को

### विकसित भारत के विजन को जमीन पर उतारना

केंद्रीय चौहान के नेतृत्व में पहली बार व्यापक रूप से आयोजित इस राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन-2026 में केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए गांवों के विकास के लिए साझा रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य 'विकसित ग्राम, विकसित भारत' के विजन को जमीन पर उतारना है।

### सभी राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्री होंगे शामिल


इस सम्मेलन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्री भाग लेंगे। सम्मेलन में केंद्र और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों, नीति-निर्माताओं और विभिन्न योजनाओं से जुड़े विशेषज्ञों की भी सक्रिय भागीदारी रहेगी। इस राष्ट्रीय मंथन में राज्यों के अनुभव, नवाचार और जमीनी चुनौतियों पर खुलकर चर्चा होगी, जिससे नीतिगत स्तर पर मजबूत और व्यावहारिक समाधान सामने आ सकें।

### तकनीक और एआई के उपयोग पर जोर

चौहान ने बताया कि सम्मेलन में ग्रामीण विकास योजनाओं में तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को विशेष महत्व दिया जाएगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म, रियल टाइम मॉनिटरिंग, पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करने के लिए विभिन्न तकनीकी समाधानों पर चर्चा की जाएगी, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी और प्रभावशीलता लाई जा सके।

# जन धन, डिजिटल भुगतान समेत भारत की वित्त से संबंधी उपलब्धियों पर की बातचीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



पीएम नरेंद्र मोदी ने नीदरलैंड की महारानी मैक्सिमा से मुलाकात की। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि नीदरलैंड्स की रानी मैक्सिमा से मिलकर खुशी हुई। वह संयुक्त राष्ट्र महासचिव की वित्तीय स्वास्थ्य के लिए विशेष प्रतिनिधि (यूएनएसजीएसए) भी हैं और लंबे समय से दुनिया भर में वित्तीय समावेशन की समर्थक रही हैं। बैठक के दौरान उन्होंने इस बात पर चर्चा की कि कैसे भारत में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए हो रहा बदलाव कैसे वित्तीय सेवाओं को ज्यादा लोगों तक पहुंचा रहा है और उन्हें किफायती बना रहा है। इससे लोगों की 'जीवन को आसान बनाने' में मदद मिल रही है और बड़े स्तर पर लोगों को सशक्त बनाया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत अपने अनुभवों को दुनिया भर के साझेदार देशों के साथ साझा करने के लिए हमेशा तैयार है।

- पीएम मोदी की नीदरलैंड्स की रानी मैक्सिमा से मुलाकात

### आज से पीएम का तीन दिवसीय सेशेल्स दौरा

*पीएम नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय (27-29 जून 2026) दौरे पर सेशेल्स जाएंगे। पीएम मोदी सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस के मौके पर आयोजित गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। इस समारोह में भारतीय रक्षा बलों की एक टुकड़ी और भारतीय नौसेना के दो जहाज हिस्सा लेंगे। सेशेल्स में भारत के उच्चायुक्त रोहित रथीश ने कहा कि पीएम मोदी के इस दौरे से हमारे संबंध सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, केपेसिटी बिल्डिंग, समुद्र और विज्ञान समेत तमाम क्षेत्रों में और भी गहरे और मजबूत हो जाएंगे।*

### निकम करेंगे पैरवी, केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलेगा

**पुणे।** केतन अग्रवाल के पिता विशाल अग्रवाल ने पुणे में सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की और बेटे के लिए न्याय की मांग की। फडणवीस ने शुक्रवार को केतन अग्रवाल के परिवार को भरोसा दिलाया कि सरकार दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उनकी मंगेतर और उसके प्रेमी ने लोहागढ़ किले से धक्का देकर हत्या कर दी थी। फडणवीस ने इस मांग को भी स्वीकार कर लिया है कि मामले की सुनवाई त्वरित अदालत में कराई जाए। केतन की मंगेतर सिया गोयल और उसके प्रेमी चेतन चौधरी पर हत्या का आरोप है ।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा.(छ.ग.)**

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र. 1507/ज.प्र./ 2026 दिनांक 23.06.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु शेडयूल अनुसार लमसम दरों पर E-tendering के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | Design, construction, erection, testing and commissioning of 20 MLD Tertiary Treatment Plant for NTPC Korba including operation and maintenance of entire scheme for 15 Years (2nd Call) | 16438.95 | 09.07.2026 (T.No. 193926) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in एवं www.korba.urbanecg.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

**आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATIONRaipur (C.G.)**

**e-Procurement Tender Notice**

**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

(First Call)

NIT NO: 231 RAIPUR DATED: 25.06.26

Online bids are invited for the following works of works up to 17/07/2026 at 17:00 Hrs

| S. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract | Class of Contract or registered in P.W.D. C.G. | Tender form | SOR Applicable |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 194210 | Request for Proposal (RFP) for Design, Development, Beautification, Installation of Waste-to-Wonder Park Structures (one per ward) and Two-Year Operation & Maintenance Across 70 Wards of Raipur Municipal Corporation | 1.50 Cr. | - | RFP | - |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 25/06/2026 at 10.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**NOTE:** - 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18002582502 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
3. For More Details please download NIT details.
4.Contact Details : Yogesh Kumar Kadu, Mo. No. - 9425213321

घरों से निकलने वाले गीला और सुखा, कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें।

**EXECUTIVE ENGINEER MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)**

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद खरसिया जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक /424 / न.पा.प./ लो.नि.वि / 2026-27 खरसिया, दिनांक 25/06/2026

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षमत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. Bid Start Date :- 25-06-2026 Time 5.30 PM
2. Last Date of Online Submission for Technical & Financial Bid :- 16-07-2026 Time 5.30 PM
3. Last Date for Submission of physical bid :-20-07-2026 Time 5.30 PM
4. Bid Open Date :- 21-07-2026 Time 11.00 AM

| क्र. | सि.नि.क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि एफ.डी. आर/टी.डी. आर के रूप में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 194205 | वार्ड क्र. 15 नवीन स्कूल पानी टंकी में सम्पवेल निर्माण कार्य। | 15.25 | 12000.00 |
| 2 | 194137 | वार्ड क्र. 08 मेन रोड नाला से ईश्वर साहू घर तुरीभाठा तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 11.42 | 9000.00 |
| 3 | 194158 | वार्ड क्र. 08 परमेश्वर राठौर घर से फकीर दास महंत घर (तुरीभाठा) तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 12.16 | 10000.00 |
| 4 | 194168 | वार्डक्र. 01 होम गैलरी से सीमा अग्रवाल घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 11.22 | 9000.00 |
| 5 | 194195 | वार्ड क्र. 16 मेन रोड (डभरा रोड) न्यूगबेल टेलर्स से बंधवा तालाब तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य। | 9.38 | 7200.00 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। रोड निर्माण तथा सम्पवेल कार्य में 18 प्रतिशत जी.एस.टी. छोड़कर निविदा जारी किया गया है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद् खरसिया**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक 1446/न.पा.नि./2026 रायगढ़ दिनाँक 25/06/26


ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सि.नि.क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि रू. (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 194232 | वार्ड क्र. 42 अमलीभौना में आई.एस.बी.टी. कार्य के कारण ट्रांसपोर्ट नगर में वितरण लाईन बिछाने का कार्य। | 33.10 | 17.07.2026 |
| 02 | 194248 | CONSTRUCTION OF SAMUDAYIK BHAVAN AND DEVELOPMENT WORK AT AMLIBHAUNA W.N. 42 | 20.00 | 17.07.2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता न.पा.नि., रायगढ़**



2 हजार से अधिक लोगों ने शहर के विभिन्न थानों में धारा 420, 406, 407 के तहत एफआईआर भी दर्ज कराई

10 साल पहले बिलासपुर में एक ऐसा भी समय आया जब पूरा शहर ही देशी-विदेशी पुस्तकों की स्कैनिंग कर पीडीएफ फाइल बनाने लग गया था। इसमें आम आदमी के साथ ही शहर के बड़े कारोबारी, नेता, डाक्टर, सीए और दूसरे लोग शामिल थे। जब तक लोगों को इस पूरे खेल का पता चलता, गुड़गांव की सेमटाइम कंपनी 100 करोड़ रुपए से अधिक की गड़बड़ी कर फरार हो गई। 2 हजार से अधिक लोगों ने शहर के विभिन्न थानों में धारा 420, 406, 407 के तहत एफआईआर भी दर्ज कराई, लेकिन शहर के एक दो लोगों की गिरफ्तारी के अलावा कंपनी संचालक का आज तक पता नहीं चल सका।

# किताबों को स्कैनिंग करने का झांसा, 100 करोड़ लेकर फरार हो गई सेमटाइम कंपनी

● बिलासपुर से विकास चौबे


पीड़ितों के मुताबिक पुरानी देसी व विदेशी पुस्तकों को स्कैन करके पीडीएफ फॉर्मेट में काम करने कहा जाता था। बाद में इन डॉक्यूमेंट को गूगल में अपलोड करने की बात कही गई। लोगों को लगा कि ई-बुक्स के दौर में गूगल ही ऐसी कंपनी चला रहा होगा। बाद में मालूम पड़ा कि सेम टाइम कंपनी का छत्तीसगढ़ में बिलासपुर में ही दफ्तर है। यहां गुजरात व महाराष्ट्र वालों ने भी अपना पैसा लगाया था। कोरबा, जांजगीर चांपा, रायपुर सहित प्रदेश के अन्य लोग भी ठगी के शिकार हुए। यह एक बहुत बड़ी करोड़ों की धोखाधड़ी (स्कैम) का मामला है, जो मुख्य रूप से 2016-2017 के दौरान बिलासपुर में सामने आया। सेम टाइम कंपनी लोगों/एजेंटों को किताबें घर लाकर उन्हें स्कैन करके पीडीएफ बदलने का काम देती थी। इसके बदले एजेंटों को हर महीने लाखों रुपए कमाने का लालच दिया जाता था। काम शुरू करने के लिए कंपनी पहले एजेंटों से मोटी रकम (रजिस्ट्रेशन या किट के नाम पर) वसूलती थी। बाद में कंपनी के संचालक दफ्तरों में ताला लगाकर अचानक फरार हो गए। इसका नतीजा यह निकला कि बिलासपुर में ही करीब 2,000 एजेंटों के घरों में लाखों रुपए की किताबें डंप हो गईं और वह पूरी तरह कबाड़ में तब्दील हो गईं। शहर के लोगों ने कंपनी में एक लाख रुपए से लेकर 40-50 लाख और एक करोड़ तक लगा दिया। कुछ बैंक अधिकारियों के नामों का भी पता चला, जिन्होंने बैंक का पैसा इस कंपनी में अपने रिश्तेदारों के माध्यम से लगा दिया। पैसा डूबने के बाद और कार्रवाई के डर से इधर-उधर से भरपाई की गई।



## देशी व विदेशी पुस्तकों को स्कैन करके पीडीएफ फॉर्मेट में काम करने कहा जाता था, कई जिलों के लोग हुए शिकार

### छत्तीसगढ़ और बाहरी राज्यों में नेटवर्क

जब कंपनी अचानक बिलासपुर का अपना दफ्तर बंद कर गायब हो गई, तब ठगे गए एजेंटों ने बिलासपुर के सिविल लाइन थाने और तारबाहर थाने में शिकायतें दर्ज कराईं। इस पूरे फर्जीवाड़े का मुख्य संचालक छत्तीसगढ़ और बाहरी राज्यों में नेटवर्क चला रहा था। वह लोगों को वर्क फ्रॉम होम और पार्ट-टाइम जॉब का लालच देता था। पीड़ितों में बड़ी संख्या में छात्र और गृहणियां भी शामिल थीं, जो कि इस झांसे में आकर अपनी जमा पूंजी गंवा चुके हैं। पुलिस के मुताबिक महाराणा प्रताप चौक में एक आफिस था, जहां से लोगों को पुस्तकें दी जाती थी। इसे लेने रोज पहुंचते थे। लगातार दो दिन यह आफिस बंद मिला, तो लोगों ने शहर में फ्रेंचाइजी लेने वाले आशीष सिन्हा के नंबर पर कॉल किया। यह नंबर स्विच आफ था, रकम लगाने वालों ने गुड़गांव हेड आफिस भी संपर्क किया। पुलिस ने कंपनी के संचालक गुड़गांव के राघवेंद्र सलूजा व शहर के आशीष सिन्हा के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया। पुलिस ने कंपनी के केंद्रों पर छापेमारी की, तो वहां केवल हजारों की संख्या में पुरानी और रद्दी किताबें मिलीं।




### चालान पेश, मुख्य आरोपी फरार

इस मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रकरण में मुख्य आरोपी फरार है। बाकी कुछ लोगों की गिरफ्तारी की गई है, मामले का चालान भी अदालत में पेश कर दिया गया है। कुछ आरोपी जमानत पर हैं। फैसला आना बाकी है।

### 100 करोड़ की लागत से यूनिवर्सिटी खोलना चाहता था आशीष

पुलिस की पूछताछ में इस बात का भी खुलासा हुआ कि बिलासपुर में सेमटाइम कंपनी का संचालक आशीष सिन्हा बिलासपुर में 100 करोड़ की लागत से यूनिवर्सिटी खोलने वाला था। गुड़गांव की कंपनी एपीएस ने इसमें उसे मदद करने का आश्वासन दिया था। सेमटाइम संचालक आशीष सिन्हा को एपीएस कंपनी के संचालक राघवेंद्र सलूजा ने कारोबार करने के एवज में कई बड़े लालच दिए थे। आशीष ने यूनिवर्सिटी के लिए जगह भी देख ली थी। इस बीच एपीएस संचालक ने गड़बड़ी कर दी। उसका दफ्तर बंद हो गया तो लोगों को ठगी का संदेह हुआ और उन्होंने पुलिस से शिकायत कर दी। हेड आफिस बंद होने की खबर मिलते ही आशीष भी सेमटाइम बंद कर भूमिगत हो गया था। पैसा लगाने वालों को जबरदस्त इनकम नजर आई तो किताब स्कैन करने के नाम पर कंप्यूटर खरीदकर आफिस भी खोल रखे थे।

### कई करोड़पति भी जुड़े और लाखों लगा दिए

ठेके के नाम पर शहर में रहने वाले लोगों को लाभ कमाने का लालच देकर प्रति कापी 6 रुपए मिलने की बात कहकर सैकड़ों लोगों को कंपनी से जोड़ लिया गया। लाभ कमाने के चक्कर में शहर के कई करोड़पति भी जुड़ गए और लाखों रुपए कंपनी में पीडीएफ बनाने के लिए लगा दिए। शहर के कई क्षेत्रों में बकायदा बड़े बड़े आफिस भी खुल गए और स्टाफ रखे गए। जब गुड़गांव की कंपनी के खाते में 100 करोड़ के लगभग आ गए तो कंपनी संचालक कार्यालय में ताला लगाकर फरार हो गया। सबसे पहले कंपनी में 55 लाख लगाने वाले सूर्या हाटल के संचालक सुनील छाबड़ा सिविल लाइन थाना पहुंचे रिपोर्ट लिखाई। इसके बाद शहर के बड़े-बड़े 30 से ज्यादा रसूखदारों ने कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

### चार और कंपनियों में भी डाले गए पैसे

बिलासपुर में सबसे पहले नीतेश चौबे नाम के एक व्यक्ति ने सेमटाइम कंपनी का पहला फ्रैंचाइजी लिया था। नीतेश चौबे के संपर्क में आकर आरोपी आशीष सिन्हा ने भी अक्टूबर 2016 में कंपनी शुरू कर दी। इन्होंने सेमटाइम कंपनी की मेन ब्रांच इंदू चौक के पास खोल रखी थी। कंपनी में इन्वेस्ट करने वाले अपनी इच्छानुसार अलग-अलग जगहों में आफिस खोल कर कर्मचारियों की नियुक्ति करके किताबें स्कैन करने का काम करते थे। इसके बाद सेमटाइम कंपनी के चार से अधिक सिस्टर कंसर्न कंपनियां भीं थी। इनमें सेमटाइम आईटी केयर, सेमटाइम इंफो केयर, सेमटाइम एजुकेशन केयर ( ईडीयू), सेमटाइम इंफोटेक सहित अन्य शामिल थे। इनके भी बैंकों में खाते हैं और जानकारी मिली है कि इनमें बाकायदा पैसे भी जमा कराए जा रहे थे। इन कंपनियों के पार्टनर सेमटाइम कंपनी के आशीष सिन्हा के साथी व कथित सीए के फैमिली के लोग जुड़े थे और कंपनियों के डायरेक्टर भी थे।

---

अंधविश्वास के खिलाफ उसने आवाज उठाई। उसने भारी पंचायत में अंधविश्वास फैलाने वाले को ना सिर्फ बेनकाब किया, बल्कि उसे सर्थ दण्ड भी दिलवाया। लेकिन उसे क्या पता था कि इसका खामियांजा उसे अपनी जान देकर चुकानी पड़ेगी। यह सनसनीखे मामला राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मारगांव का है, जहां अंधविश्वास उजागर करने पर अंधविश्वास फैलाने वाले को सजा तो मिली, लेकिन इसके खिलाफ आवाज उठाने वाला हमेशा के लिए खामोश कर दिया गया।




● राजनांदगांव से हफीज खान

# अंधविश्वास का विरोध, बैठक में मिला अर्थ दण्ड फिर हुई हत्या की सनसनीखेज वारदात

क्वांर नवरात्रि वर्ष 2025 को अंधविश्वास का एक ऐसा मामला सामने आया, जिसने गांव के ही एक व्यक्ति की जान ले ली। दरअसल जिले के मारगांव निवासी महेश सिन्हा ने नवरात्रि पर्व के दौरान गांव की ही एक महिला के घर के बाहर माता लक्ष्मी के पदचिह्न बनाकर चमत्कार की अफवाह फैला दी। कुछ लोग इसे दैवीय चमत्कार मानने लगे, लेकिन इसे अंधविश्वास मानकर गांव के ही अंगेश्वर साहू ने इसके खिलाफ आवाज उठाई। जिसके बाद इस अंधविश्वास को लेकर गांव में एक बैठक रखी गई। सबूत और तर्कों के बाद, इस बैठक में महेश सिन्हा और महिला ने छल करने माता लक्ष्मी का पदचिह्न बनाना स्वीकार किया। जिसको लेकर अंगेश्वर साहू ने धर्म के नाम पर छल करते हुए अंधविश्वास फैलाकर धोखाधड़ी करने का विरोध किया और गांव की बैठक में उसके कहने पर फैसला सुनाते हुए महेश सिन्हा पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगा दिया गया। इधर जुर्माना लगने से आक्रोशित महेश सिन्हा ने अंगेश्वर से बदला लेने की फिराक में अवसर तलाशता रहा। 9 नवंबर की सुबह आंगेश्वर अपने खेत की ओर साइकिल से गया हुआ था, शाम तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। खोजबीन के दौरान अंगेश्वर की साइकिल खेत के पास मिली, लेकिन अंगेश्वर लापता था। अगले दिन 10 नवम्बर की सुबह ग्रामीणों ने महेश सिन्हा को खून से सने कुछ कपड़ों को कुएं में पैरा के साथ डालते देखा। संदेह होने पर पानी से भरे गड्ढे नुमा कुए में अंगेश्वर की तलाश की गई तो उसका शव वहां से बरामद हो गया।

### ग्रामीणों ने लगाया 50 हजार का जुर्माना



### अंगेश्वर की वजह से मिला था दंड

आरोपी महेश सिन्हा ने पुलिस को बताया कि उसने गांव में नवरात्रि के समय लक्ष्मी माता के चरण का चिन्ह बनाकर गांव वालो को भ्रम में डाला था। इस बात को लेकर गांव में बैठक हुई थी, जिसमें अंगेश्वर साहू की वजह से उसे गांव में दंड मिला था। जिसका बदला लेने उसने 9 नवम्बर को अंगेश्वर की धारदार हथियार से हत्या कर दी और उसका शव कुएं में फेंक दिया। इस पूरे मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (1) के तहत हत्या प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया और उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



### पुलिस ने शुरू की तफ्तीश

10 नवंबर वर्ष 2025 को ग्रामीणों और मृतक के परिजनों से पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम मारगांव के राधे सतनामी के कुएं में लापता अंगेश्वर का शव मिला है, जिसके सिर में चोट लगना प्रतीत हो रहा है। सूचना पर थाना डोंगरगांव की टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई। शव को पानी से बाहर निकल गया, जिसके सिर पर धारदार हथियार से चोट के निशान थे। प्रथम दृष्टिया ही यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा था। पुलिस ने इसी दिशा में अपनी जांच की कड़ी आगे बढ़ाई। नवरात्रि में अंधविश्वास के हुए मामले और बैठक के विवाद को जोड़ते हुए पुलिस ने संदेह के आधार पर 48 वर्षीय आरोपी महेश सिन्हा को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की, जिसमें उसने अंगेश्वर की हत्या कर उसका शव कुएं में फेंकना स्वीकार किया।

---

घटना दिनांक को दोनों बच्चे स्कूल गए थे, शाम पांच बजे के आसपास जब वे घर लौटे तो देखा कि मोहिनी खून से लथपथ घर के कमरे में पड़ी थी। घनी आबादी के बीच घर में रहने वाली महिला की हत्या की वारदात को किसने अंजाम दिया होगा, यह विचार गांव वालों को परेशान कर रहा था। वहीं, पुलिस भी घटना की बारीकी से हर एंगल से जांच में जुट गई।



● खैरागढ़ से चैतेंद्र तिवारी

पहले गला घोंटा, फिर हंसिये से काट दिया

# टोनही कहना विधवा मोहिनी को पड़ा भारी

छुईखदान ब्लाक के ग्राम पंचायत डोकराभाठा आश्रित छोटा सा गांव खैरबना, जहां ज्यादातर लोगों का जीवन खेती किसानी और मजदूरी के भरोसे चलता है। उसी गांव मे 26 जून 2025 की दोपहर घनी आबादी के बीच बसे घर में 25 साल की विधवा और दो छोटे छोटे मासूम बच्चों की मां मोहिनी साहू की अज्ञात लोगों द्वारा नृशंस हत्या कर दी जाती है। मजदूरी करके जीवन यापन करने वाली विधवा महिला के पास इतना पैसा और जेवरात भी नहीं था कि डकैती या चोरी की नीयत निर्ममता से हत्या का कारण बनती। पुलिस टीम गांव पहुची, गुस्साए लोगों को शांत किया और मोहिनी के बारे मे पतासाजी शुरू करने लगी। फिर पता चला कि पति कीर्तन साहू की दो साल पहले मौत होने के बाद से मोहिनी खैरबना मे ही रह रही थी। अपने दोनों बच्चों के साथ मायके पद्मावतीपुर से गर्मी की छुट्टी बिताकर इसी सप्ताह खैरबना आई थी। घटना दिनांक को दोनों बच्चे स्कूल गए थे, शाम पांच बजे के आसपास घर लौटे तो देखा कि मोहिनी खून से लथपथ घर के कमरे में पड़ी थी। घनी आबादी के बीच घर में रहने वाली महिला की हत्या की वारदात को कब, किसने आकर अंजाम दिया होगा, यह विचार गांव वालों को परेशान कर रहा था। वहीं, पुलिस भी घटना की बारीकी से हर एंगल से जांच कर रही है, लेकिन गांव वालों के मन में अजीब सी दहशत दिख रही है।

### गुमराह करने की हुई भरपूर कोशिश

पुलिस ने मामले में अपराध क्रमांक 313/2025, धारा 332, 103-1 बीएनएस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। गांव में लगातार चार दिन तक कैंप लागया और आरोपियों की पातासजी मे जुट गई। दोबारा क्राइम सीन क्रियेट करने पर मृतका मोहिनी की पड़ोसी सविता साहू और उसके परिवार पर संदेह पाया गया। संदेह के आधार पर सविता, उसकी बेटी जसिका और भतीजा दीपेश साहू से कड़ाई से पूछताछ की गई। पहले वो गुमराह करते रहे, लेकिन अलग अलग बिंदुओं पर लगातार कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने जुर्म करना स्वीकार कर बताया कि मृतका मोहिनी आरोपिया सविता साहू को टोनही कहते हुए जादू टोना करते हो कहकर बदनाम करती थी। जिससे सविता क्षुब्ध थी और अपमानित महसूस कर रही थी। इसी बात का बदला लेने के लिए उसने मोहिनी को जान से मारने का प्लान बनाया और बेटी जसिका व भतीजा दीपेश के साथ 26 जून 2025 को दोपहर करीब 2 बजे जब मोहिनी घर में अकेली थी, तो तीनों छत के रास्ते से आकर गाय बांधने वाली रस्सी से गला घोंटा और उसके बाद धारदार हंसिया से लगातार कई बार गले व चेहरे पर वर किया। जिससे मोहिनी की मौत हो गई। इसके बाद वे अपराध छिपाने के वापस घर आ गए और सभी खेत में रहने का बहाना कर रहे थे। बारीकी से पूछताछ करने पर तीनों ने एकराय होकर अपराध करना स्वीकार किया। हथियार बरामद कर सविता पति मानसिंग साहू (39), जसिका पिता मानसिंग साहू (19) और दीपेश पिता शेरसिंग साहू (24) साल तीनों को रिमांड में लेकर पुलिस ने जेल भेज दिया, घटना के एक साल बाद भी जेल की काल कोठरी में किए की सजा भुगत रहे हैं। जबकि मोहिनी के दोनों छोटे बच्चे नाना नानी के घर पद्मावतीपुर में रहकर पढ़ाई पूरी कर रहे हैं।

## जैकेट के शेष

### सैकड़ों की मौत...

को मलबे से बाहर निकाला गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मलबे के अंदर से आवाजें आ रहीं हैं। वेनेजुएला में आए दो बड़े भूकंप और उसके बाद आए कई आफ्टर शॉक से सबसे अधिक तबाही ला गुआइरा राज्य में हुई है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, यहां 200 से ज्यादा इमारतें ढह गई हैं।

### चमत्कार की कहानी ....

इस चमत्कारिक घटना के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं , जिसमें लोग मां की हिम्मत और बचाव दल के काम की जमकर तारीफ कर रहे हैं। इन्हीं में सबसे चर्चित तस्वीर एक चीनी महिला की रही, जिसे बचावकर्मियों ने इमारत का कंक्रीट और छत काटकर सुरक्षित बाहर निकाला। बाहर आते ही उसने राहतकर्मियों की ओर देखकर सिर्फ इतना कहा, 'आप सभी का धन्यवाद!' यह छोटा-सा वाक्य उस पूरी त्रासदी के बीच उम्मीद का सबसे बड़ा मैसेज बन गया।

**बच्चा भी मलबे से सुरक्षित निकला:** इसी बीच एक बच्चे को भी मलबे के नीचे से सुरक्षित निकाल लिया गया। वहीं, 12 वर्षीय सैमुअल ब्रिटो के मलबे में फंसे होने की जानकारी सामने आई है। बताया गया है कि वह अपना दाहिना हाथ नहीं हिला पा रहा है। हालांकि, उसके रेस्क्यू की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।दिल छू लेने वाली एक और तस्वीर पिंटो सालिनास से सामने आई, जहां बचावकर्मियों ने मलबे के नीचे दबे एक छोटे से पिल्ले को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया। यह नन्ही-सी जान तबाही के बीच उम्मीद की बड़ी मिसाल बन गई।

### आखिरकार चंपत और ....

चंपत राय और अनिल मिश्रा के इस्तीफों को भी जांच से जोड़कर देखा जा रहा है। फिलहाल इस पूरे मामले में कई सवालों के जवाब अभी आने बाकी हैं। क्या एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट में और बड़े खुलासे होंगे? क्या जांच का दायरा और बढ़ेगा? और क्या ट्रस्ट की कार्यप्रणाली में कोई बदलाव देखने को मिलेगा? इन सभी सवालों के जवाब आने वाले दिनों में जांच के साथ सामने आएंगे। अयोध्या स्थित राम मंदिर की दान राशि में आठ करोड़ रुपये से अधिक के हेरफेर के संकेत और साक्ष्य सामने आए हैं।

**13 जून को बनाई गई थी एसआईटी :** चोरी का मामला पहली बार 7 जून को सामने आया था। यूपी सरकार ने 13 जून को एसआईटी बनाई। एसआईटी ने 23 जून को एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (गृह) संजय प्रसाद को प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी। इसके 2 दिन बाद कार्रवाई हुई और मंदिर से जुड़े 8 लोगों को गिरफ्तार किया।

### जानिए किस पर ....

निकालकर बाद में उसका दुरुपयोग किया गया। सुभाष चंद्र श्रीवास्तवः ये कैश काउंटिंग स्टाफ के प्रभारी थे। मतलब गिनती की पूरी व्यवस्था पर निगरानी रखने की जिम्मेदारी इन्हीं की थी। एफआईआर में उन पर निगरानी में कथित लापरवाही और अनियमितताओं में संलिप्तता के आरोप हैं। करुणेश पांडेयः इनकी जिम्मेदारी दान की रकम को गिनती वाले कमरे तक पहुंचाने की थी। जांच एजेंसियों का आरोप है कि उन्होंने भी कथित हेराफेरी में भूमिका निभाई और उससे संपत्ति अर्जित की।

**मनीष कुमार यादवः** मनीष यादव भी कैश काउंटिंग टीम में शामिल थे। एफआईआर के मुताबिक, जांच के दौरान उनके घर से करीब 36 लाख रुपये नकद मिलने का दावा किया गया है। अब जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि यह रकम कहां से आई।

**अविनाश शुक्लाः** अविनाश शुक्ला भी दान की रकम को सुरक्षित तरीके से काउंटिंग रूम तक पहुंचाने और पूरी प्रक्रिया में शामिल थे। उन पर भी चढ़ावे की रकम के कथित दुरुपयोग और उससे संपत्ति बनाने का आरोप लगाया गया है।

**रामशंकर मिश्रा उर्फ रवि मिश्रा :** जांचकर्ताओं का आरोप है कि इसने पूरी साजिश में अहम भूमिका निभाई और सांठगांठ करके अपने बेटे और दामाद को भी कैश काउंटिंग टीम में शामिल करवा दिया।

### घर में घुस युवती ....

युवक बाइक से सक्ती के जोंगरा निवासी पूर्णिमा चौहान के घर पहुंचे। एक आरोपी बाहर निगरानी करता रहा, जबकि दूसरा घर के अंदर जाकर सामान्य तरीके से पूर्णिमा के बारे में पूछताछ करने लगा। जैसे ही वह सामने आई, आरोपी ने बिना किसी विवाद के लगातार तीन गोलियां दाग दीं। गोली सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में लगने से वह मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ी। फायरिंग की आवाज सुनकर परिजन और ग्रामीण दौड़े, लेकिन तब तक दोनों आरोपी बाइक से फरार हो चुके थे। सूचना मिलते ही डायल-112 और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घायल महिला को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि पूर्णिमा पिछले चार वर्षों से स्वामिनी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कार्यरत थी। कुछ वर्षों पहले उसकी शादी हुई थी और वह अपने पति से अलग रहती थी। बरहाल घटना का कारण अभी ज्ञात नहीं हो पाया है ,पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

**मामले की जांच के लिए टीम का गठनः एसपी :** घटना की गंभीरता को देखते हुए सक्ती पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर तत्काल घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने मौके का बारीकी से निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। फोरेंसिक साक्ष्य सुरक्षित रखने, सीसीटीवी फुटेज खंगालने और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि मामले की जांच के लिए विशेष टीम गठित कर दी गई है और सभी संभावित पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है।

### बसों के संचालन ....

सूत्रों की मानें, तो यह दरअसल बस संचालकों का टाइमिंग घोटाला है। वे अपनी गाड़ी में सवारी भरने के लिए अधिक समय लेने के लिए अपनी टाइमिंग के आगे के समय पर दो-तीन परमिट लेते हैं, लेकिन उस परमिट पर गाड़ी नहीं चलाते। इसी वजह से उनकी चलने वाली गाड़ी को अधिक समय मिल जाता है।

**खाली रूटों पर नए बस संचालकों को मिलेगा मौका :** परिवहन प्राधिकरण ने कहा है कि जिन रूटों के परमिट रद्द होंगे, उन पर यात्री सुविधा बनाए रखने के लिए नए आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। इसके बाद इच्छुक बस संचालकों को नियमानुसार नए परमिट जारी करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, ताकि सार्वजनिक परिवहन सेवाएं बाधित न हों।

### ये है मामला.....

लिए अधिक समय मिल जाता है। यह फर्जीवाड़ा करने वाले अब परिवहन विभाग की नजर से बच नहीं सकते। इन्हें पकड़ने के लिए बसों में जीपीएस सिस्टम अनिवार्य किया गया है।

### अब जीपीएस से ....

बस को किस समय पर कहां से कहां तक जाने के लिए परमिट दिया गया है। उस परमिट के आधार पर वे बस का संचालन कर रहे हैं या नहीं। अगर ये साफ होता है कि परमिट लेने के बाद भी परमिट के आधार पर तय समय पर बस नहीं चल रही है, तो इस तरह की बसों के परमिट निरस्त किए जाएंगे।

### इस्लाम अपनाने के बाद ....

मुस्लिम लेब्बाई प्रमाण-पत्र जारी करने के आवेदन को खारिज करने वाले आदेश को बरकरार रखा। साथ ही याचिका खारिज करते हुए कोर्ट ने कहा, 'हम मानते हैं कि इस्लाम धर्म अपनाने वाला व्यक्ति पिछड़े वर्ग के मुस्लिम का दर्जा हासिल करने का दावा नहीं कर सकता। वह केवल एक मुस्लिम है, और बस इतना ही।'

## बांद्रा-वर्ली सी लिंक से कूदकर व्यवसायी ने की आत्महत्या

**मुंबई।** ठाणे निवासी 51 वर्षीय एक व्यवसायी ने शुक्रवार को मुंबई में बांद्रा-वर्ली सी लिंक से कथित तौर पर समुद्र में कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान ठाणे निवासी भावेश नवीनचंद्र मजेठिया के तौर पर हुई है। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि टैक्सी में सवार मजेठिया ने जी मिचलाने की बात कहते हुए चालक से सी लिंक पर गाड़ी रोकने को कहा। उन्होंने कहा कि गाड़ी रुकने के बाद मजेठिया बाहर निकले और समुद्र में कूद गए। अधिकारी ने बताया कि काफी प्रयास के बाद मजेठिया का शव बरामद कर लिया गया। उन्होंने कहा कि बाद में वर्ली थाने में आकस्मिक मौत की रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने कहा कि घटना की जांच जारी है।

**कांग्रेस ने उप्र, हरियाणा और ओडिशा के प्रभारी नियुक्त किए : नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को अपने संगठन में फेरबदल करते हुए राजेंद्र पाल गौतम को उत्तर प्रदेश, संजय दत्त को हरियाणा और लालजी देसाई को ओडिशा का प्रभारी नियुक्त किया। इसके साथ ही, भारतीय युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. को कांग्रेस के अग्रिम संगठन सेवा दल का मुख्य संगठक नियुक्त किया गया है। राजेंद्र पाल गौतम को अविनाश पांडे के स्थान पर उत्तर प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

अधिसूचना क्रमांकः जी27/पीएच/मेन/नोटिफिकेशन/02, नागपुर, दिनांकः 18.06.2026

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के लिये निम्नलिखित 05 (पांच) पैसेन्जर हाल्ट स्टेशनों पर पैसेन्जर टिकट बेचने के लिये कमीशन एजेंट की नियुक्ति हेतु व्यक्तियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1. GARRA (GRHX) गर्रा | 2. BOTHIYA (BOYA) बोथिया |
| 3. JAMTARA-PARASWARA (JPV) जमतरा–परसवारा | |
| 4. SIMRIA KAJARWADA (SAKA) सिमरिया–कजरवाड़ा | |
| 5. PUTARRA (PRTR). पुतर्रा. | |

पात्रता/योग्यताः 1. आवेदक उस प्रखंड (ब्लॉक)/तहसील/मंडल का निवासी होना चाहिए, जहाँ पर वह स्टेशन है तथा जिसके लिए वह आवेदन कर रहा है। 2. आवेदक 18 वर्ष से कम आयु का नहीं होना चाहिए। 3. आवेदक कम से कम दसवी कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। 4. आवेदक को स्थानीय पुलिस स्टेशन से उसके विरुद्ध कोई अपराधिक मामले लंबित नहीं है, इस आशय का प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना आवश्यक है। 5. आवेदक को चिकित्सा प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह दर्शाया गया हो कि वह सक्रिय सेवा के लिए योग्य है और उसे किसी भी प्रकार का संक्रामक रोग नही है। 6. चयनित आवेदक के पास स्वयं का मोबाइल फोन होना आवश्यक है।

शर्ते एवं निबंधन युक्त आवेदन प्रपत्र, **मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), द.पु.म. रेलवे, नागपुर** के कार्यालय से **दिनांक 01.07.2026 से 24.07.2026 तक, प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 14.00 बजे के मध्य** किसी भी कार्यालयीन दिवस में ₹ 200/– (रु. दो सौ मात्र) का भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है।

भरे हुए आवेदन पत्र समस्त सलंग्नको सहित मुहरबंद लिफाफे में (जिस पर स्टेशन जिस हेतु आवेदन किया गया है तथा स्वयं का नाम, पता व दूरभाष नंबर लिखा हो) **मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), द.पु.म. रेलवे, नागपुर,** के कार्यालय में मुहरबंद डिब्बे में व्यक्तिगत रुप से डाले जाएं। आवेदन स्वीकार करने की तारीख **24.07.2026 को प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 15.00 बजे के मध्य** है। मुहरबंद डिब्बा दिनांक **24.07.2026 को 15.30 बजे** खोला जायेगा।

PAM/05/09 मंडल रेलवे प्रबंधक (वाणिज्य)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे/नागपुर

South East Central Railway @secrail



**आम सूचना/ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण विश्वजीत कृदत्त पिता स्व. चूड़ामणी, श्रीमति संयोगिता राजे छत्रपति (भोसले) पति श्री युवराज संभाजी राजे छत्रपति एवं श्रीमति अंजली राजे कृदत्त पति स्व. चुड़ामणी राव निवासीगण-सिनियर भोसले पैलेस नागपुर शहर तह. व जिला नागपुर (महाराष्ट्र), वर्तमान निवास-चूड़ामणी राव साहेब कृदत्त बाड़ा मराठापारा धमतरी के निवासी हैं। मेरे पक्षकारगण के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम अकलाडोंगरी, प.ह.नं. 50 रा.नि.मं. रूद्री तह. व जिला धमतरी में स्थित है। इसके अतिरिक्त धमतरी शहर एवं अन्य जिले में भी परिवर्तित भूमि मेरे पक्षकारगण के नाम पर है तथा मेरे पक्षकारगण नागपुर (महाराष्ट्र) में निवासरत होने के कारण ग्राम अकलाडोंगरी में स्थित संपत्ति के संबंध अपने पुत्र एवं भाई के रिश्ते में दिग्विजय सिंह कृदत्त पिता स्व. चुडामणी निवासी मराठापारा धमतरी को उपरोक्त भूमियों के संबंध में नोटरी के माध्यम से अपंजीकृत आम मुख्तियारनामा दिनांक 15.07.2024 को उसके पक्ष में आम मुख्तियारनामा निष्पादित किया था। जिसके तहत सभी भूमियों के उचित व्यवस्थापन एवं वर्णित संपत्ति के बाबत् न्यायालयों में उपस्थित होकर कार्यवाही में भाग लेने हेतु आम मुख्तियारनामा निष्पादित किया था, किन्तु संपत्ति विक्रय करने के लिये मुख्तियारनामा निष्पादित नहीं किया था लेकिन मुख्तियार पाने वाले दिग्विजय सिंह कृदत्त द्वारा मुख्तियारनामा में वर्णित संपत्तियों को अन्य लोगों के पास विक्रय किये जाने का प्रयास किया जा रहा है और आम मुख्तियारनामा में दिये गये अधिकार का दुरूपयोग कर मेरे पक्षकारगण के स्वत्व की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से विक्रय के प्रयास में है। इसलिये मेरे पक्षकारगण द्वारा दिग्विजय सिंह कृदत्त के पक्ष में किये गये आम मुख्तियारनामा दिनांक 15.07.2024 को रद्द कर रहे है। इसी प्रकार मेरे पक्षकारगण के नाम के संपत्ति के संबंध में दिग्विजय सिंह कृदत्त से उपरोक्त भूमियों के बाबत् किसी भी प्रकार से कोई सौदा क्रय-विक्रय रहन-गिरवी एवं लेन-देन से संबंधित कोई भी संव्यवहार ना करे तथा धमतरी जिले के अलावा अन्य जिलों में स्थित मेरे पक्षकारगण के स्वत्व की भूमि के संबंध में यदि किसी व्यक्ति के द्वारा आम मुख्तियार या खास मुख्तियार बनाया गया होगा तो उसे भी मेरे पक्षकारगण रद्द करते है। और यदि इसके बाद भी कोई व्यक्ति, संस्था या अन्य आम लोगों द्वारा मेरे पक्षकारगण के स्वामित्व एवं नाम के संपत्ति बाबत् क्रय-विक्रय अथवा अन्य संव्यवहार करते हैं तो वह अवैध होगा इसमें मेरे पक्षकारगण की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी तथा मेरे पक्षकारगण की भूमि से संबंधित कोई भी जानकारी चाहे तो व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर संपर्क कर सकते हैं।

सो यह आम सूचना मेरे पक्षकारगण की ओर से आम मुख्तियारनामा दिग्विजय सिंह कृदत्त के पक्ष में किया गया था और इनके अलावा अन्य कोई व्यक्ति के नाम से आम मुख्तियारनामा या खास-मुख्तियारनामा बनाया गया हो उसे भी मेरे पक्षकारगण द्वारा निरस्त किया जा रहा है, तथा भविष्य में कोई भी संव्यवहार दिग्विजय सिंह कृदत्त से और अन्य कोई व्यक्ति से ना किया जावें।

स्थान-धमतरी
दिनांक-26/06/2026

सूचनाकर्ता
शंकर देवांगन (अधिवक्ता)
निवास-शोभाराम देवांगन हायर सेकेण्डरी स्कूल के सामने, रामपुर वार्ड धमतरी
जिला-धमतरी (छ.ग.) मो-99261-43202



**OFFICE OF THE PRINCIPAL**
**GOVT. NAGARJUNA P.G. AUTONOMOUS COLLEGE OF SCIENCE, RAIPUR (C.G.)**
Website:- www.gnscr.ac.in E-mail:- principal.npgcsr@gmail.com

Letter No- 635/1101/2026 Raipur, Date 18/06/2026

**Advertisement for the post of Project Assistant in (Sponsoring Agency- Chhattisgarh Environment Conservation Board Raipur, Chhattisgarh) funded Research Project**

Applications are invited from Indian nationals for the position of project assistant in a CECB Project funded research project with the following details:

**Title of the Project:** "Sustainable Plastic Waste Conversion into Carbon Ash, Oil, Fuel and Construction Bricks" **Reference No.: 230/2026, Dated: 07/04/2026**

**Principal Investigator:** Dr. Sunita Sanwaria Singh, Asst. Professor, Department of Chemistry, Govt. Nagarjuna Post Graduate College, Raipur (C.G.)

**Name of the position:** Project Assistance (PA)

**Number of Positions:** 01

**Essential qualifications:** Master of Science

**Desirable:** As required by PI

MSc from Chemistry/Materials Science/Nanoscience/Polymer Science or MTech from Materials science/Nanotechnology/ Polymer Science or related topics with a minimum of 60% aggregate score (6.5 grade points on a scale of 10). NET/GATE qualified candidates will be preferred.

**Salary:** 20,000/- per month.

**Duration:** 3 years

**How to apply:** Interested candidates bring all documents along with them during interview.

**Date of Walk-in:** 30/06/2026.

**Venue:** Department of Chemistry, Govt. Nagarjuna Post Graduate College, Raipur (C.G.).

**Time:** 12:00 am

**Terms & Conditions: iv** No TA/DA will be provided to the candidate for the interview, **v** The decision of the selection committee will be final.

**Principal Investigator (PI):**
**Dr. Sunita Sanwaria Singh**
**Department of Chemistry Govt Nagarjuna Post Graduate College**

**Forwarded through Principal**
**Dr. Amitabh Banerjee**


## पेज एक के शेष

### नक्सल खात्मे के बाद ...

योजना तैयार की है। पर्यटक खुली जीप में वन भैंसा, टाइगर और अन्य वन्य जीवों का दीदार कर सकेंगे। तीन राज्यों तेलंगाना, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की सीमा में लगभग 2799 वर्ग किलोमीटर में फैला इंद्रावती टाइगर रिजर्व देश के प्रमुख बाघ अभयारण्यों में शामिल है, इसे वर्ष 1983 में टाइगर रिजर्व घोषित किया गया था। यह क्षेत्र घने साल के जंगलों, मिश्रित वन और विशाल जलग्रहण क्षेत्र के लिए जाना जाता है। यहां 8 टायगर के अलावा तेंदुआ, भालू, सांभर, चीतल, 18 दुर्लभ वन भैंसा (राजकीय पशु), गिद्ध एवं कई जंगली जानवर और पक्षी मौजूद हैं। वन विभाग की योजना के अनुसार इंद्रावती नदी के खूबसूरत तटों पर पर्यटन ग्राम विकसित किए जाएंगे। इसके तहत दो प्रमुख प्रवेश द्वार निर्धारित किए गए हैं। पहला प्रवेश कुटरू-फरसेगढ़ क्षेत्र से होगा, जबकि दूसरा प्रवेश भोपालपटनम के पास मट्टीमरका क्षेत्र से तय किया गया है। इन पर्यटन ग्रामों के माध्यम से पर्यटकों को स्थानीय संस्कृति, रहन-सहन और प्राकृतिक जीवनशैली को करीब से देखने का अवसर मिलेगा। साथ ही, स्थानीय आदिवासी समुदाय के लिए स्वरोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। बताया जा रहा है कि कुटरू-फरसेगढ़ क्षेत्र को टाइगर रिजर्व का मुख्य केंद्र माना जाता है। यहां से अभयारण्य के भीतरी हिस्सों में प्रवेश किया जा सकेगा। भोपालपटनम से लगभग 20 किलोमीटर दूर मट्टीमरका क्षेत्र को दूसरा प्रवेश द्वार बनाया जाएगा, जो अपनी सुनहरी रेत और प्राकृतिक दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है। वन विभाग इन क्षेत्रों में सड़क और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की योजना पर काम कर रहा है, ताकि पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### देर रात पुरुष से बात ...

हिंसा के एक मामले में उसकी पत्नी और एक अन्य व्यक्ति के सीडीआर को सुरक्षित रखने की उसकी मांग को ठुकरा दिया गया था। अदालत ने आदेश में कहा, 'मेरी राय में किसी भी व्यक्ति से, चाहे देर रात ही क्यों न हो, फोन पर बात करना अपने आप में किसी महिला के चरित्र पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाता। जब तक यह आरोप न हो कि महिला का संबंधित व्यक्ति के साथ कोई अवैध या विवाहेतर संबंध है, तब तक केवल बातचीत के आधार पर संदेह नहीं किया जा सकता।'

### पति का तर्क...

सुरक्षित रखने की किसी भी मांग के पीछे ठोस और उचित कारण होने चाहिए। जज ने कहा, 'भारतीय समाज अब ऐसा पिछड़ा समाज नहीं रहा है जहां किसी पुरुष से बात करने वाली महिला को गलत माना जाए।' अदालत ने गौर किया कि न तो ट्रायल कोर्ट के सामने दी गई अर्जी और न ही अपील में रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने की ज़रूरत का कोई ठोस कारण बताया गया था।

### सीएम साय बोले- हर...

अधोसंरचना विकास मंडल के नवीन लोगो का विमोचन किया। इस अवसर पर वर्ष 2025 के आवास मेले में आवास बुक करने वाले हितग्राहियों को लकी ड्रा के माध्यम से कार, स्कूटी, फ्रीज, वॉशिंग मशीन, एलईडी टीवी सहित विभिन्न पुरस्कार वितरित किए गए। साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल का नया लोगो तैयार करने वाले अंशुल कश्यप को प्रतियोगिता की पुरस्कार राशि ढाई लाख रुपए का चेक सौंपा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, पूर्व में केवल गृह निर्माण तक सीमित रहा मंडल अब अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, पिछले दो वर्षों में मंडल ने उल्लेखनीय प्रगति की है और आर्थिक चुनौतियों से उबरते हुए मंडल ने लगभग 7,388 संपत्तियों का विक्रय कर 1,532 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है।

**गृह निर्माण मंडल की अब नई पहचान : चौधरी :** आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विभाग में व्यापक प्रशासनिक सुधार लागू किए गए हैं। गृह निर्माण मंडल को अधोसंरचना विकास मंडल के रूप में नई पहचान देकर प्रदेश के पूंजीगत व्यय और विकास कार्यों में इसकी भूमिका का विस्तार किया गया है। मंत्री ने कहा कि पूंजीगत व्यय करने वाले विभागों को वित्तीय और मानव संसाधन के माध्यम से सक्षम बनाने का काम किया है ताकि प्रदेश में आर्थिक गतिविधियां तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि अब किसी भी नई आवासीय परियोजना का निर्माण तभी प्रारंभ होगा जब पर्याप्त बुकिंग सुनिश्चित हो जाएगी, जिससे अनावश्यक निर्माण और वित्तीय जोखिम से बचा जा सके।

**मंडल ने नई कार्य संस्कृति अपनाई : अनुराग :** मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने कहा, मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में मंडल ने नई कार्य संस्कृति अपनाई है। गृह निर्माण मंडल का विस्तार कर अधोसंरचना विकास मंडल बनाया जाना प्रदेश के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, पिछले दो वर्षों में मंडल ने रिकॉर्ड संपत्तियों का विक्रय कर नई उपलब्धियां हासिल की हैं और भविष्य में मांग आधारित, गुणवत्तापूर्ण तथा वित्तीय रूप से व्यवहारिक परियोजनाओं पर विशेष जोर दिया जाएगा।

**लक्की ड्रा के विजेताओं को पुरस्कार :** कार्यक्रम में लकी ड्रा के नौ विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। सारंगढ़ की पूजा बरेठ को प्रथम पुरस्कार के रूप में कार प्रदान की गई। इसके अलावा स्कूटी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एलईडी टीवी सहित अन्य आकर्षक पुरस्कार भी वितरित किए गए। इस अवसर पर आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव अंकित आनंद, मंडल के आयुक्त अवनीश शरण, तथा विभाग एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारी और हितग्राही उपस्थित थे।

### तालाब में डूबने से ...

तालाब पहुंचे। पानी में खोजबीन की। 7 फीट अंदर पानी में दोनों बच्चियां डूबी हुई थी। दोनों को पानी से निकालकर निजी वाहन से शासकीय अस्पताल मगरलोड लाया गया। डॉक्टरों ने दोनों बच्ची को मृत घोषित कर दिया। बच्चियों की मौत से परिवार वाले सदमे में हैं। पुलिस ने मर्ग, पंचनामा, पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। दोनों बच्ची कक्षा चौथी की छात्रा थीं।

### 10वीं तक पुराने...

से कम दो भारतीय भाषाएं पढ़ने की अनिवार्यता केवल आगे आने वाले छात्रों पर लागू होगी। यह व्यवस्था कक्षा 6 से भविष्य के बैचों के लिए लागू की जाएगी। पहले से कक्षा 7, 8 और 9 में पढ़ रहे छात्रों पर इसे पिछली तारीख से लागू नहीं किया जाएगा।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई–निविदा सूचना**

क्र.सं. (1) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-116-26-27, दिनांकः 23.06.2026

**कार्यः** 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए एसएसई/हॉर्टिकल्चर/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत महाप्रबंधक कार्यालय के हॉर्टिकल्चर जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य (रू): 55,25,302.80/-, अमानत राशि (रू): 1,10,500/-, कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।

क्र.सं. (2) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-117-26-27, दिनांकः 23.06.2026

**कार्यः** 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए एसएसई/हॉर्टिकल्चर/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत अधिकारियों के बंगलो और स्टाफ क्वार्टरों के रखरखाव के साथ साथ हॉर्टिकल्चर जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य (रू.): 1,20,44,114.50/-, अमानत राशि (रू.): 2,40,900.00/-, कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।

क्र.सं. (3) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-118-26-27, दिनांकः 23.06.2026

**कार्यः** 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए एसएसई/हॉर्टिकल्चर/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ऑफिस एकोमोडेशन, सर्विस बिल्डिंग, खेल के मैदान और इको पार्क के रखरखाव के साथ साथ हॉर्टिकल्चर जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य (रू.): 1,04,48,055.04/-, अमानत राशि (रू.): 2,09,000.00/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह। निविदा जमा की आरंभ तिथिः-** दिनांकः 07.07.2026 से। **निविदा जमा की अंतिम तिथिः-** दिनांकः 21.06.2026 के 11:00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/239 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail



**आम सूचना**

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालयः आईसीआई बैंक टॉवर, चकली सर्कल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा – 390007
कॉरपोरेट कार्यालयः आईसीआईसीआई बैंक टॉवर्स, बांद्रा –कुरला कॉम्पलेक्स मुंबई – 400051

**स्वर्ण नीलामी और आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित ऋणधारक(ओं) को आईसीआई बैंक लिमिटेड से सोने के गहनों के बदले लिए गए ऋण की बकाया राशि चुकाने के लिए नोटिस जारी किया गया था। बकाया राशि न चुका पाने के कारण, गिरवी रखे गए सोने के गहनों की नीलामी 27 जुलाई, 2026 को की जाएगी। यदि ऋणधारक की मृत्यु हो गई है, तो सभी नियम और शर्तें संबंधित कानूनी उत्तराधिकारी (उत्तराधिकारियों) पर लागू होंगी।

| ऋण खाता संख्या | ऋणधारक का नाम | नीलामी शाखा का पता |
|---|---|---|
| शाखा का नाम – बस्तर, छत्तीसगढ़ | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एसडीएम रोड, राजेंद्र नगर वार्ड, नगर पंचायत, पोस्ट बस्तर, बस्तर, छत्तीसगढ़ – 494223 |
| 360157000061 | रूपेश कुमार भोयर | |
| 360157000240 | कैलाश दास | |
| शाखा का नाम –बिलासपुर–सरकंडा | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मेन रोड, न्यू सरकंडा, मॉडर्न एजुकेशनल एकेडमी स्कूल के पीछे, बिलासपुर – 495001, छत्तीसगढ़ |
| 734957000070 | आलोक कुमार हथगैन | |
| शाखा का नाम – चिरमिरी | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पंखा दफाई, हल्दीबाड़ी, चिरमिरी, कोरिया जिला, छत्तीसगढ़ – 497451 |
| 162505003145 | सोनिया सिंह | |
| शाखा का नाम – दंतेवाड़ा | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, खसरा नंबर 315/3, एस.पी. बंगला के सामने, चितालंका दंतेवाड़ा, तहसील एवं जिला दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़ – 494449 |
| 829857000019 | वरदा वेंकट सत्य अनिरुद्ध सोनी | |
| शाखा का नाम – जगदलपुर | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लक्ष्मण एवेन्यू, मंडी के पास, बालाजी वार्ड, जगदलपुर बस्तर जिला, छत्तीसगढ़ – 494001 |
| 108557000141 | रामेश्वरी ध्रुव | |
| शाखा का नाम – खरसिया | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, गांधी चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया रायगढ़ जिला, छत्तीसगढ़ – 496661 |
| 202262003644 | कुबेर राम जांगड़े | |
| शाखा का नाम – कुरुद, छत्तीसगढ़ | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, नगर पंचायत परिषद के बगल में, सामुदायिक भवन, जिला – धमतरी, कुरुद, छत्तीसगढ़ 493663 |
| 371657000120 | राजेंद्र प्रसाद गुप्ता | |
| शाखा का नाम – नारायणपुर | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, खसरा नंबर 405/3, मेन रोड, भकरूपारा, नारायणपुर – 494661, छत्तीसगढ़ |
| 783505000354 | रजनीश मिश्रा | |
| 783557000085 | रवीन्द्र कुमार यादव | |
| शाखा का नाम – रायगढ़ | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मोदी प्लाजा रेजीडेंसी, जगतपुर रोड, रायगढ़ छत्तीसगढ़ – 496001 |
| 092657000218 | अनिल कुमार सिंह | |
| शाखा का नाम – रायपुर – सुंदर नगर | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, अश्विनी नगर, सुंदर नगर, मेन रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492013 |
| 409505001357 | मुकेश देवांगन | |
| शाखा का नाम – रायपुर–समता कॉलोनी | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, समता आर्केड के पास, समता कॉलोनी, रायपुर 492001, छत्तीसगढ़ |
| 134805002673 | दिशा पंजवानी | |
| शाखा का नाम – राजनांदगांव | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्लॉट नंबर 156/1234, नंदई चौक, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ – 491441 |
| 062405003111 | रौनक सिंह भाटिया | |
| शाखा का नाम – खरियार रोड, ओडिशा | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, वार्ड नंबर 18, खरियार रोड, नुआपाड़ा, ओडिशा – 766104 |
| 368462003764 | चसंत सिंह ठाकुर | |

नीलामी ऊपर दी गई टेबल में बताए गए पते/पतों और तारीख/तारीखों पर होगी। समयः दोपहर 3.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक। कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक के पास बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तारीख/जगह/तरीके को बदलने का अधिकार सुरक्षित है। इच्छुक पक्ष नीलामी की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए ऊपर बताई गई शाखा/शाखाओं पर जा सकते हैं।

दिनांकः 27.06.2026
स्थानः बस्तर, रायगढ़, रायपुर, महेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर, बिलासपुर, धमतरी, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, राजनांदगांव, नारायणपुर, महासमुंद

भवदीय,
सही/– अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता,
कृते/–आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


## जम्मू-कश्मीर में 150 करोड़ रु से अधिक का मादक पदार्थ जब्त

**जम्मू।** 'नशा मुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान' के तहत सिर्फ 76 दिनों में नशीले पदार्थों से जुड़े 1,527 मामलों में 1,700 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।'नशा मुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान' केंद्र शासित प्रदेश में मादक पदार्थ तस्करी और 'मादक पदार्थ की तस्करी और आतंकवाद के बीच गठजोड़' के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत अब तक मादक पदार्थों की जब्ती और 280 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की संपत्तियों को कुर्क करने और ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई है। यह अभियान 11 अप्रैल को शुरू किया गया जिसके तहत 1,527 प्राथमिकी दर्ज की हैं और इस कार्रवाई के दौरान 1,731 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 362 किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त किए, जिनमें 17 किलोग्राम हेरोइन शामिल है, साथ ही 26,308 नशीली गोलियां भी बरामद कीं। अधिकारियों ने जब्त किए गए नशीले पदार्थों की कीमत 150 करोड़ रुपये से ज्यादा आंकी है। इस अभियान के तहत मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़े 108 अपराधियों को एनडीपीएस अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया।

## राशिफल

**मेष:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**वृष:** कारोबार से आय में वृद्धि होगी। मानसिक तनाव ये परेशान हो सकते हैं। खर्चों की अधिकता एवं आय में कमी से चिन्तित रहेंगे।

**मिथुन:** कारोबार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**कर्क:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। कारोबार में सुधार होगा। भाग–दौड़ की अधिकता रहेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**सिंह:** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी भी आ सकती है। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे।

**कन्या:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। खर्च की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

**तुला:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में कमी एवं खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन में प्रसन्नता के भाव रहेंगे।

**वृश्चिक:** कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें।

**धनु:** पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन कष्टमय रहेगा।

**मकर:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु परिवार में सामन्जस्य बनाये रखने के प्रयास करें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** परिवार का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**मीन:** परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। मन में नकारात्मकता का प्रभाव रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 6269



**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -6268 का हल**



## सूडोकु नवताल- 6279

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6278 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

# फॉक्सवैगन में बड़ी छंटनी की तैयारी, 1 लाख नौकरियां खत्म करने की योजना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑडी और पोर्श जैसी लग्जरी कार बनाने वाली यूरोप की सबसे बड़ी ऑटो कंपनी अब ग्लोबल स्तर पर लोगों को नौकरी से निकालने की तैयारी कर रही है। फॉक्सवैगन एजी को लग्जरी और स्पोर्ट्स कार बनाने के बारे में जाना जाता है। लैम्बोर्गिनी, स्कोडा और डुकाटी को भी इसी कंपनी ने बनाया है। यह कंपनी करीब 1 लाख लोगों को नौकरी से निकालने पर विचार कर रही है और कई कारखानों को भी बंद किया जा सकता है। मैनेजर मैगजिन की रिपोर्ट में कहा गया है कि यूरोप की सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी ज्यादा कम्प्टेटिव बनाने के लिए एक्स्ट्रा जॉब्स में कटौती की योजना बना रही है। छंटनी का ये प्लान कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओलिवर ब्लूम के प्रयासों का हिस्सा है।

### 657,000 लोग करते हैं काम

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस सप्ताह की शुरुआत में मैनेजिंग बोर्ड की बैठक के दौरान सीईओ ने एक प्रस्ताव पेश किया था, जिसके तहत कर्मचारियों की संख्या में दोगुनी कटौती करके 100,000 तक की छंटनी शामिल है। पोर्श और ऑडी की मालिक कंपनी फॉक्सवैगन ग्रुप में मौजूदा समय में लगभग 657,000 लोग काम करते हैं। सीईओ के इस नए प्रस्ताव को अगले महीने बोर्ड के सामने रखा जाएगा। ऐसे में फैसला अब सिर्फ बोर्ड के ऊपर है कि वह कितने लोगों की छंटनी पर मोहर लगाता है या फिर कोई अन्य रास्ता तलाश लेता है।

## यूरोप की सबसे बड़ी कंपनी अपने चार प्लांट भी बंद करेगी



### खर्चों में 11 अरब यूरो की कटौती करना है

रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी रणनीति में इस दशक के अंत तक सामान्य खर्चों में 11 अरब यूरो (12.5 अरब डॉलर) की कटौती करना है, जिस कारण इतने बड़े स्तर पर छंटनी की तैयारी चल रही है। वहीं मिड टर्म में जर्मनी में चार कारखाने बंद करना भी शामिल है। इनमें नेकरसुलम में ऑडी का एक कारखाना और हनोवर, ज़्विकाऊ और एम्डेन में वीडब्ल्यू के प्लांट शामिल हैं।

### कंपनी पर आया संकट

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि फॉक्सवैगन समूह को और अधिक सुव्यवस्थित बनाने के लिए कंपोनेंट प्लांटों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से वीडब्ल्यू ब्रांड को अलग करने पर भी विचार कर रहे हैं। यह ब्रांड लंबे समय से कम मुनाफे से जूझ रहा है। कंपनी पर यह संकट तक आया है जब कंपनी अमेरिकी टैरिफ, चीन में लगातार कमजोर सेल और यूरोप में बीवाईडी और स्टेलेंटिस एनवी समेत कई कम्प्टेटिव प्लेयर आ गए हैं। जिस कारण कंपनी फाइनेंशियल दिक्कतों से जूझ रही है।

### आसान नहीं होगी छंटनी की राह

श्रमिक नेताओं ने नई योजनाओं का तुरंत विरोध किया है। कंपनी की श्रमिक परिषद और आईजी मेटल यूनियन के संयुक्त बयान के अनुसार, ये योजनाएं कर्मचारियों और उन क्षेत्रों में अशांति पैदा करती हैं जहां हम काम करते हैं। अगर ऐसी योजनाओं को आगे बढ़ाया जाता है, तो हम उनका पूरी ताकत से विरोध करेंगे। खैर रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि फॉक्सवैगन में छंटनी करना मुश्किल है। कार निर्माता कंपनी के बोर्ड में आधी सीटें श्रमिक प्रतिनिधियों के पास हैं और जर्मनी के लोअर सैक्सोनी राज्य (जो आमतौर पर श्रमिक संघों का पक्ष लेता है) के पास दो और सीटें हैं।

## खबर संक्षेप



### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 672.58 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 जून को समाप्त सप्ताह में 96.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 672.58 अरब डॉलर पर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 9.98 अरब डॉलर घटकर 671.62 अरब डॉलर रह गया था। आरबीआई के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) 3.07 अरब डॉलर घटकर 541.217 अरब डॉलर रह गईं।

### मुहर्रम के कारण भारतीय शेयर बाजार रहा बंद

मुंबई। भारतीय शेयर, मुद्रा और जिंस बाजार मुहर्रम के कारण शुक्रवार को बंद रहा। बंद के कारण व्यापारिक गतिविधियां देखने नहीं मिली। शनिवार और रविवार को शेयर बाजार बंद रहेगा। रोज की तरह शेयर बाजार में सोमवार को कामकाज होगा।

### बजाज ऑटो में साइबर घटना के बाद कामकाज संचालित




**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि 23 जून 2026 को सामने आई साइबर घटना के बावजूद उसकी सभी प्रमुख व्यावसायिक गतिविधियां सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं। बजाज ऑटो ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि जांच जारी रहने के बावजूद वह कारोबार की निरंतरता और ग्राहकों, डीलर, विक्रेताओं तथा अन्य साझेदारों को निरंतर सेवाएं उपलब्ध कराने पर ध्यान केंद्रित किए हुए है।

## रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने जारी रिपोर्ट में कहा

# युद्धविराम कायम रहने से भारतीय कंपनियों पर पश्चिम एशिया संघर्ष का असर होगा आधा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम कायम रहने और ऊर्जा आपूर्ति सामान्य बनी रहने से पश्चिम एशिया संघर्ष का भारतीय कंपनियों के लाभ पर पड़ने वाला असर शुरुआती आशंका की तुलना में लगभग आधा रह जाएगा। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने यह जानकारी दी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उसे उम्मीद है कि यह संघर्ष वित्त वर्ष 2026-27 में भारतीय कंपनियों के परिचालन मुनाफे में लगभग एक प्रतिशत की कमी लाएगा। पहले लंबे समय तक संघर्ष जारी रहने और होर्मुज जलडमरूमध्य से आवाजाही बाधित होने की स्थिति में दो प्रतिशत की गिरावट का अनुमान लगाया गया था।

**वित्त वर्ष 2026-27 में कंपनियों के मुनाफे में एक फीसदी की कमी आएगी**

## होर्मुज दोबारा खुलने से कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट आई

### भू-राजनीतिक जोखिम अब भी बने हुए

'संशोधित अनुमान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका-ईरान के बीच हुए नाजुक समझौते के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य दोबारा खुलने से कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट आई है। हालांकि, क्रिसिल ने आगाह किया कि भू-राजनीतिक जोखिम अब भी बने हुए हैं और गैस आपूर्ति को पूरी तरह सामान्य होने में अधिक समय लग सकता है।




### पहले छमाही की भरपाई दूसरी छमाही में

क्रिसिल रेटिंग्स के प्रबंध निदेशक सुबोध राय ने कहा, " यदि युद्धविराम कायम रहता है, तो हमारे आकलन वाले 34 क्षेत्रों में से दो-तिहाई का न्यूनतम असर पड़ेगा। पहली छमाही के दबाव की भरपाई दूसरी छमाही में मुनाफे में सुधार से काफी हद तक हो जाएगी। हालांकि, संघर्ष बढ़ने का जोखिम बना हुआ है। इसलिए हमारा मानना है कि भारतीय कंपनियां सतर्क रहेंगी और आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने पर ध्यान देती रहेंगी।"

### क्रिसिल ने 34 क्षेत्रों का किया आकलन

क्रिसिल के 34 क्षेत्रों पर आधारित इस आकलन में यह पाया गया कि चालू वित्त वर्ष में ब्रेंट कच्चे तेल का औसत भाव 80-85 डॉलर प्रति बैरल रहेगा और गैस आपूर्ति में व्यवधान करीब चार महीने तक बना रहेगा। संशोधित परिदृश्य में अब केवल 10 क्षेत्रों की लाभप्रदता में उल्लेखनीय गिरावट आने की आशंका है, जबकि एजेंसी के पहले के तनावपूर्ण परिदृश्य में 22 क्षेत्रों पर असर का अनुमान था।

### गैस की उपलब्धता में धीरे-धीरे सुधार

एजेंसी ने कहा कि कच्चे तेल की कम कीमतें और गैस की उपलब्धता में धीरे-धीरे सुधार से अधिकतर उद्योगों को राहत मिलेगी। वहीं, सरकार का बुनियादी ढांचा खर्च और घरेलू मांग में स्थिरता राजस्व वृद्धि को समर्थन देते रहेंगे। तेल विपणन कंपनियां और उर्वरक विनिर्माता ऊर्जा कीमतों में नरमी के सबसे बड़े लाभार्थियों में शामिल हो सकते हैं।

### 45,000 करोड़ की शुद्ध कम वसूली

क्रिसिल का अनुमान है कि मार्च और मई के बीच सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं को 40,000-45,000 करोड़ रुपये की शुद्ध कम वसूली का सामना करना पड़ा। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के साथ चालू वित्त वर्ष में उनके फिर से परिचालन लाभ में लौटने की उम्मीद है। बेहतर परिदृश्य के बावजूद, क्रिसिल ने दो प्रमुख जोखिमों की ओर इशारा किया है।

# एसबी बाय एटी ज्वेलर्स के डबल बेनिफिट ऑफर के अंतिम 2 दिन



**भिलाई।** नेहरू नगर स्थित एसबी बाय एटी-अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स के भव्य शुभारंभ पर शुरू किया गया विशेष 'डबल फायदा-डबल बचत' ऑफर अब अपने अंतिम दो दिनों में पहुंच गया है। 28 जून तक चलने वाले इस आकर्षक ऑफर का लाभ उठाने के लिए शोरूम में ग्राहकों की लगातार भीड़ उमड़ रही है। दुर्ग, भिलाई सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग परिवार के साथ पहुंचकर खरीदारी कर रहे हैं। ग्राहकों के जबरदस्त रिस्पांस से पूरे शोरूम में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है।

शोरूम संचालक शांतिलाल बरड़िया, सौरभ बरड़िया एवं सिद्धार्थ बरड़िया ने बताया कि संस्था अपने गौरवशाली 70वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इस विशेष अवसर पर ग्राहकों को पुराने सोने के एक्सचेंज पर बाजार मूल्य के अतिरिक्त 1957 रुपए प्रति 10 ग्राम का अतिरिक्त लाभ दिया जा रहा है। वहीं नई स्वर्ण ज्वेलरी की खरीद पर प्रति तोला 7000 रुपए तक की सीधी बचत का विशेष ऑफर भी उपलब्ध है, जिसका बड़ी संख्या में ग्राहक लाभ उठा रहे हैं।

**ग्राहकों की उमड़ रही भीड़, पुराने सोने के एक्सचेंज पर अतिरिक्त लाभ**

सौरभ बरड़िया ने बताया कि अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स पूरे छत्तीसगढ़ का अग्रणी ज्वेलरी प्रतिष्ठान है, जिसकी स्वयं की अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है। यहां तैयार होने वाले नवीनतम डिजाइनों के आभूषण सीधे शोरूम तक पहुंचते हैं, जिससे ग्राहकों को गुणवत्ता के साथ बेहतर कीमत का लाभ मिलता है।

### लाइटवेट कलेक्शन की आकर्षक श्रृंखला


सिद्धार्थ बरड़िया ने बताया कि शोरूम में गोल्ड, डायमंड, पोलकी, जड़ाऊ, टेम्पल ज्वेलरी, रत्नजड़ित आभूषण और लाइटवेट कलेक्शन की आकर्षक श्रृंखला उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि उद्घाटन का यह विशेष ऑफर केवल 28 जून 2026 तक ही मान्य रहेगा।

## अभिनेत्री श्वेता करेंगी 'रायपुर की सिंड्रेला' का ऐलान

# नवकार ज्वेलर्स की प्रथम वर्षगांठ आज

**रायपुर।** शहर के प्रतिष्ठित ज्वेलरी प्रतिष्ठान नवकार ज्वेलर्स अपनी स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 27 जून को भव्य प्रथम वर्षगांठ समारोह का आयोजन करने जा रहा है। इस विशेष अवसर पर लोकप्रिय अभिनेत्री श्वेता तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी और विभिन्न आकर्षणों के बीच 'रायपुर की सिंड्रेला' प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा करेंगी।

- चार विजेताओं को मिलेगा क्राउन और डायमंड रिंग




शोरूम के संचालक प्रीतम जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों में से चार भाग्यशाली विजेताओं का चयन लकी ड्रॉ के माध्यम से किया जाएगा। विजेताओं को श्वेता तिवारी स्वयं 'रायपुर की सिंड्रेला' का क्राउन पहनाकर सम्मानित करेंगी तथा डायमंड रिंग भी अपने हाथों से प्रदान करेंगी। संचालक आंचल जैन ने कहा कि यह आयोजन केवल प्रथम वर्षगांठ का उत्सव नहीं, बल्कि ग्राहकों के विश्वास और सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर भी है।

### सांस्कृतिक समारोह

समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, मनोरंजन कार्यक्रम और आकर्षक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही आगंतुकों को श्वेता तिवारी से मुलाकात और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाने का अवसर भी मिलेगा। नवकार ज्वेलर्स ने रायपुर और आसपास के नागरिकों से सपरिवार समारोह में शामिल होकर इस विशेष आयोजन का हिस्सा बनने की अपील की है।

# एप्पल ने मैकबुक और आईपैड की कीमतें 20-42% तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल ने मेमोरी चिप की बढ़ती लागत के कारण भारत सहित वैश्विक स्तर पर मैकबुक और आईपैड के सभी मॉडल की कीमतों में 20 से 42 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है। एप्पल इंडिया की वेबसाइट पर जारी नई मूल्य सूची के अनुसार, कंपनी ने एम5 सीरीज चिप वाले मैकबुक प्रो की कीमत में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि की है। एम5 प्रो चिप वाले 14 इंच के मैकबुक प्रो की कीमत 2,49,900 रुपये से बढ़ाकर 2,99,900 रुपये प्रति इकाई कर दी गई है।

**भारत में 90 अरब डॉलर से अधिक निवेश की घोषणा : नई दिल्ली।** भू-राजनीतिक तनाव, व्यापारिक व्यवधानों और वैश्वि1क आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद वैश्विक कंपनियों तथा संस्थागत निवेशकों ने हाल के महीनों में भारत में 90 अरब डॉलर से अधिक के नए निवेश की घोषणा की है।

# भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.8 फीसदी रहने का अनुमानः ईवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक ऊर्जा बाजारों में धीरे-धीरे सामान्य स्थिति बहाल होने और घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद के साथ चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.6 से 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्तीय सेवा कंपनी ईवाई की रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

'ईवाई इकॉनमी वॉच' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा गया कि हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए यदि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें अपेक्षाकृत निचले स्तर पर स्थिर रहती हैं और होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही सामान्य हो जाती है, तो




भारत की आर्थिक वृद्धि की सकारात्मक गति फिर से मजबूत हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 से 6.8 प्रतिशत, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत, बाजार मूल्य पर जीडीपी वृद्धि 12.5 प्रतिशत, केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4 प्रतिशत तथा चालू खाते का घाटा जीडीपी का 1.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं: पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट: खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफडे का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Skin Care
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन
सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
› प्रसूति › नवजात › शिशु रोग › बांझपन › सोनोग्राफी › आयुष्मान कार्ड › बच्चों एवं बडों के आपरेशन › अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

सुविधाएं: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



# इक्वाडोर ने किया बड़ा उलटफेर

## 4 बार की चैंपियन जर्मनी को हराया

गोंजालो प्लाटा के 77वें मिनट में दागे गोल की बदौलत इक्वाडोर ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जर्मनी को 2-1 से हराकर 2006 के बाद पहली बार विश्व कप के नॉकआउट चरण में जगह बनाई।

- गोंजालो प्लाटा ने 77वें मिनट में दागा निर्णायक गोल
- जर्मनी को 2-1 से हराकर 2006 के बाद पहली बार नॉकआउट में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड

अब मंगलवार को नॉकआउट चरण में मैक्सिको सिटी में उसका मुकाबला मैक्सिको से हो सकता है। अपने शुरुआती दो मैच जीतकर पहले ही नॉकआउट में जगह पक्की कर चुकी चार बार की चैंपियन जर्मनी की टीम सोमवार को फॉक्सबोरो में अपना राउंड ऑफ 32 का मैच खेलेगी। टीम का मुकाबला पैराग्वे, ऑस्ट्रेलिया या स्वीडन में से किसी एक से होने की संभावना है। जर्मनी की लगातार जीत का सिलसिला इस हार के साथ 11 मैच पर रुक गया, जो 1979-80 में बने टीम रिकॉर्ड से बस एक मैच कम था।

## ऑस्ट्रेलिया ने खेला ड्रॉ, नॉकआउट में बनाई जगह

### पैराग्वे के आगे बढ़ने की उम्मीद



सांता क्लारा। ऑस्ट्रेलिया ने पैराग्वे के साथ गोल रहित ड्रॉ खेलकर फुटबॉल विश्व कप के नॉकआउट में जगह पक्की की। पैराग्वे के लिए भी आगे बढ़ने की उम्मीद बढ़ गई है। टूर्नामेंट में अब 48 टीमें हैं और ग्रुप चरण में तीसरे स्थान पर रहने वाली 12 में से आठ टीम भी नॉकआउट राउंड में जगह बनाएंगी। इसी वजह से ग्रुप डी के अपने आखिरी मैच में दोनों टीमों ने सावधानी दिखाई क्योंकि तुर्की पर जीत के बाद दोनों के पास तीन-तीन अंक थे। इस मैच के विजेता को ग्रुप में अमेरिका के बाद दूसरा स्थान मिलना तय था। ऑस्ट्रेलिया ने ड्रॉ के साथ यह स्थान हासिल कर लिया क्योंकि उसका गोल अंतर पैराग्वे से बेहतर था लेकिन इस ड्रॉ से पैराग्वे को ग्रुप में चार अंक मिले, जो शायद नॉकआउट चरण में प्रवेश के लिए काफी होंगे। यह तीसरी बार है जब ऑस्ट्रेलिया नॉकआउट दौर में पहुंचा है। इससे पहले 2006 और 2022 में वे प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए थे। ऑस्ट्रेलिया की टीम तीन जुलाई को अर्लिंगटन में राउंड ऑफ 32 का मैच खेलेगी। उनका मुकाबला ग्रुप जी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा।



# पहली बार नॉकआउट में आइवरी कोस्ट

**फिलाडेल्फिया।** निकोलस पेपे के दो गोल की बदौलत आइवरी कोस्ट ने क्यूरासाओ को 2-0 से हराकर पहली बार फुटबॉल विश्व कप के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। मैच के बाद आइवरी कोस्ट के खिलाड़ी खुशी से झूम उठे। वे टीम फोटो के लिए पिच पर घुटनों के बल बैठ गए और सभी ने एक अंगुली आसमान की ओर उठाई। यह इस पश्चिम अफ्रीकी टीम के विश्व कप नॉकआउट दौर में पहली बार पहुंचने की खुशी थी। स्टार फारवर्ड पेपे ने कहा, 'हम अपने लिए कोई सीमा तय नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है कि हमारे अंदर बहुत क्षमता है।' आइवरी कोस्ट की टीम अब नॉकआउट में 30 जून को ग्रुप आई में उप विजेता रहने वाली फ्रांस या नॉर्वे की टीम से भिड़ेगी।

**पेपे ने सातवें मिनट में दिलाई बढ़त**


पेपे ने मैच के सातवें मिनट में ही आइवरी कोस्ट को बढ़त दिला दी, जिसके बाद टीम ने पूरे मैच में अपना दबदबा बनाए रखा। आइवरी कोस्ट को आगे बढ़ने के लिए सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी लेकिन उन्होंने पूरे जोश के साथ खेला और क्यूरासाओ को बराबरी करने का कोई मौका नहीं दिया। आइवरी कोस्ट को स्टेडियम में दर्शकों का भरपूर समर्थन मिल रहा था और जब पेपे ने 64वें मिनट में बाएं पैर से दनदनाता हुआ शॉट मारकर जीत पक्की की तो नारंगी जर्सी पहने टीम के प्रशंसक खुशी से झूम उठे।

# नीदरलैंड ग्रुप एफ में शीर्ष पर



**कन्सास सिटी।** ब्रायन ब्रॉबी ने विश्व कप में अपना तीसरा गोल किया जबकि ट्यूनीशिया के खिलाड़ियों ने दो आत्मघाती गोल दागे, जिससे नीदरलैंड ने बारिश के बीच 3-1 की जीत के साथ ग्रुप एफ के विजेता के तौर पर नॉकआउट चरण में जगह बनाई। विश्व कप के शुरुआती मैच में हार के बाद अपने कोच को हटाने वाला ट्यूनीशिया पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुका था। शुरुआती कुछ मिनटों में ही तय हो गया कि चीजें ट्यूनीशिया के पक्ष में नहीं हो रहीं। डेन्जेल डमफ्रीज ने गोल के सामने से गेंद भेजी और ट्यूनीशियाई कप्तान एलिस स्खिरी ने उसे क्लियर करने की कोशिश में पैर से मारा लेकिन गेंद उनके ही गोल में चली गई। सातवें मिनट में ब्रॉबी ने स्कोर 2-0 कर दिया जब डच टीम को लगभग 25 गज की दूरी से फ्री किक मिली। वैन डाइक ने शानदार ढंग से हेडर से गेंद को बॉक्स के पार भेजा और ब्रॉबी ने गोलकीपर आयमेन डाहमेन के ऊपर से चिप करके गेंद को नेट में डाल दिया।

# जापान और स्वीडन ने खेला ड्रॉ, नॉकआउट में एंट्री



**अर्लिंगटन।** डाइजेन माएदा ने जापान को बढ़त दिलाई लेकिन 6 मिनट बाद एंथनी एलंगा ने बराबरी का गोल कर स्वीडन को 1-1 से ड्रॉ दिलाया, जिससे दोनों ही टीमें विश्व कप के नॉकआउट दौर में पहुंच गईं।

एलंगा ने 62वें मिनट में बॉक्स के दाहिने कोने के ठीक बाहर से बाएं पैर से दनदनाता हुआ शॉट लगाकर इस टूर्नामेंट में अपना दूसरा गोल किया और स्वीडन को नॉकआउट में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई। एलंगा ने न्यूकासल के लिए 49 मैच में केवल तीन गोल किए हैं जबकि पिछले 32 प्रीमियर लीग मैच में कोई गोल नहीं किया है। इससे छह मिनट पहले माएदा ने पेनल्टी एरिया में रित्सु दोआन के बेहतरीन पास को बाएं पैर से रोका और आसानी से जैकब विडेल जेटरस्ट्रॉम को छकाते हुए दाहिने पैर से गोल दाग दिया। यह टूर्नामेंट में जापान का सातवां गोल था, जो किसी एक विश्व कप में देश का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

# तुर्की की पहली जीत



**इंगलवुड।** कान आयहान ने मैच की आखिरी किक पर गोल किया और तुर्की ने अमेरिका को 3-2 से हराकर विश्व कप में अपनी एकमात्र जीत दर्ज की। ऑस्टन ट्रस्टी ने तीसरे मिनट में गोल करके अमेरिका को बढ़त दिलाई लेकिन तुर्की ने आर्डा गुलेर (10वें मिनट) और बारिस अल्पर यिलमाज (31वें मिनट) के गोल की बदौलत स्कोर 2-1 कर दिया। अमेरिका ने 49वें मिनट में सबेस्टियन बरहाल्टर के गोल से बराबरी हासिल की लेकिन आयहान ने अंतिम लम्हों में गोल दागकर तुर्की की जीत सुनिश्चित कर दी। अमेरिकी टीम पहले ही पैराग्वे और ऑस्ट्रेलिया को हराकर ग्रुप डी जीतकर नॉकआउट में जगह बना चुकी थी। तुर्की ने शानदार खेल दिखाते हुए पहले हाफ में दो गोल की बदौलत दबदबा बनाया और अंततः रोमांचक जीत दर्ज करने में सफल रहा। तुर्की अपने पहले दो मैच हारने के बाद पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुका था जबकि आंकड़ों के लिहाज से उसने दोनों मैचों में काफी हद तक दबदबा बनाए रखा था।

## खबर संक्षेप

### रॉटरडैम डॉकर्स के सह-मालिक बने जॉन अब्राहम



**रॉटरडैम।** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम रॉटरडैम डॉकर्स के सह-मालिक बन गए हैं। यह उन छह फ्रेंचाइजी टीमों में से एक है, जो 26 अगस्त से 20 सितंबर तक होने वाली पहली यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) में भाग लेंगी। अब्राहम उस नेतृत्व समूह का हिस्सा बन गए हैं, जिसमें क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी जॉन्टी रोड्स, फाफ डु प्लेसी और हेनरिक क्लासेन के अलावा मैनेजिंग पार्टनर मधुकर शामिल हैं।

### स्टोक्स के टेस्ट क्रिकेट में 250 विकेट पूरे

**नॉटिंघम।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टेस्ट क्रिकेट में अपना 250वां विकेट हासिल किया, जिससे उनकी टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और निर्णायक मैच के दूसरे दिन वापसी की अपनी कवायद जारी रखी। टॉम लैथम (151) और डेवोन कॉनवे (157) ने पहले विकेट के लिए 317 रन की विशाल साझेदारी की, जिससे पहले दिन इंग्लैंड पर भारी दबाव था। इंग्लैंड ने हालांकि पहले दिन के आखिरी ओवरों में चार विकेट लेकर वापसी की अच्छी कोशिश की। स्टोक्स ने दूसरे दिन पहले सत्र में तीन और विकेट लेकर इसे जारी रखा।

# आयरलैंड ने किया बड़ा उलटफेर

## 17 साल बाद भारत पर मिली पहली

एजेंसी ▶▶| बेलफास्ट

आयरलैंड ने आक्रामक बल्लेबाजी के बाद मैट हॉलार्ड (28 रन पर 3 विकेट) की अगुवाई में अनुशासित गेंदबाजी के दम पर दो मैचों की श्रृंखला में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भारत को 34 रन से हराकर इतिहास रच दिया। मौजूदा टी20 विश्व चैंपियन भारत के खिलाफ किसी भी प्रारुप में आयरलैंड की यह पहली जीत है। इसके साथ ही दो मैचों की श्रृंखला में उसने 1-0 की बढ़त बना ली। आयरलैंड के कप्तान लोर्कान टकर ने 36 गेंदों में 50 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उन्हें गेराथ डेलानी (32 गेंदों में 49 रन) का अच्छा साथ मिला। पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड ने खराब शुरुआत से उबरते हुए 9 विकेट पर 182 रन बनाए।

**जय ने किया डेब्यू मैच में कमाल**

आयरलैंड की टीम से भारतीय मूल के तेज गेंदबाज जय मूंदड़ा ने डेब्यू किया और कमाल कर दिया। जय ने भारत के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर की पहली ही गेंद पर आउट कर दिया। इसके बाद उन्होंने टीम इंडिया को जीत की तरफ ले जा रहे शिवम दुबे को आउट कर अहम समय पर बड़ा झटका दिया। यहीं से टीम इंडिया जीत से काफी दूर हो गई।



### वैभव को करना होगा इंतजार : अय्यर

भारत ने 15 वर्षीय विस्फोटक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को पदार्पण का मौका नहीं दिया। सूर्यवंशी को टीम में शामिल नहीं किए जाने के बारे में पूछे जाने पर अय्यर ने कहा, 'दुर्भाग्य से नहीं (वह नहीं खेल रहे हैं)। वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, लेकिन हमारी टीम में कई अनुभवी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने भारत के लिए पिछली कुछ श्रृंखलाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। इसलिए फिलहाल हम उन्हीं खिलाड़ियों पर भरोसा जता रहे हैं, जिन्होंने पूरे सत्र में बेहतरीन खेल दिखाया है।' उन्होंने कहा, 'उन्हें समय आने पर मौका जरूर मिलेगा।

### स्कोर बोर्ड

| आयरलैंड पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| टिम टेक्टर का अय्यर बो राणा | 17 | 12 | 2 | 1 |
| एडेयर का सैमसन बो राणा | 12 | 7 | 2 | 0 |
| हैरी टेक्टर का सैमसन बो अर्शदीप | 00 | 3 | 0 | 0 |
| टकर का तिलक बो राणा | 50 | 36 | 5 | 2 |
| बेन कैलिट्ज का प्रसिद्ध बो दुबे | 15 | 11 | 0 | 2 |
| डेलानी का अक्षर बो अक्षर | 49 | 32 | 3 | 3 |
| डोकरेल का अर्शदीप बो अक्षर | 19 | 10 | 2 | 1 |
| मैकार्टी का तिलक बो अक्षर | 07 | 5 | 1 | 0 |
| मैथ्यू हंफहरेज रन आउट | 02 | 3 | 0 | 0 |
| जय मूंदड़ा नाबाद | 02 | 2 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 09, कुल योग: 20 ओवर में 182/9 रन
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-28-2, राणा 4-0-24-3, प्रसिद्ध 4-0-57-0, दुबे 3-0-18-1, अक्षर 4-0-33-2, वाशिंगटन 1-0-19-0

| भारत पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का कालिट्ज बो मैकार्टी | 49 | 20 | 7 | 2 |
| संजू सैमसन बो मूंदड़ा | 05 | 4 | 1 | 0 |
| इशान का टकर बो हॉलार्ड | 01 | 5 | 0 | 0 |
| अय्यर का डॉकरेल बो हॉलार्ड | 03 | 7 | 0 | 0 |
| तिलक वर्मा का एडेयर बो हंफहरेज | 19 | 21 | 3 | 0 |
| वाशिंगटन का कालिट्ज बो हॉलार्ड | 09 | 12 | 0 | 0 |
| शिवम दुबे का एवं बो मूंदड़ा | 25 | 14 | 1 | 2 |
| अक्षर का टिम टेक्टर बो डेनाली | 15 | 16 | 1 | 0 |
| राणा का कालिट्ज बो हंफहरेज | 08 | 9 | 0 | 1 |
| अर्शदीप का टिम टेक्टर बो हंफहरेज | 02 | 4 | 0 | 0 |
| प्रसिद्ध कृष्णा नाबाद | 01 | 2 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 11, कुल योग: 18.5 ओवर 148/10 रन
गेंदबाजी: मैथ्यू हंफहरेज 3.5-0-38-3, जय मूंदड़ा 4-0-25-2, लियाम मैकार्टी 3-0-29-1, मैट हॉलार्ड 4-0-28-3, हैरी टेक्टर 3-0-22-0, गेराथ डेलानी 1-0-3-1

# इंडिया ए ने 452 रन पर घोषित की पहली पारी

एजेंसी ▶▶| गॉल



इंडिया ए की टीम ने श्रीलंका ए के दौरे पर खेले जा रहे पहले चार दिवसीय मैच की पहली पारी में धमाल मचा दिया। इंडिया ए के लिए पहले दिन साई सुदर्शन (132) ने शतक जड़ा।

इसके बाद दूसरे दिन इंडिया ए के कप्तान ध्रुव जुरेल (141) ने भी शतक जड़ दिया। जुरेल के अलावा शेख रशीद ने 63 रन बनाए, जिससे इंडिया ए ने छह विकेट पर 452 रन का विशाल स्कोर बनाने के बाद पहली पारी घोषित कर दी। गॉल के मैदान में इंडिया ए के कप्तान ध्रुव जुरेल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इसके जवाब में साई सुदर्शन ओपनिंग करने आए और उन्होंने पहले दिन ही 175 गेंदों में 132 रन की शानदार पारी खेली। उनकी पारी की बदौलत इंडिया ए ने पहले दिन चार विकेट पर 333 रन बना लिए थे। दूसरे दिन जुरेल ने 68 रन और शेख रशीद ने 53 रन से आगे खेलना शुरू किया। रशीद ने दूसरे दिन 10 रन और जोड़कर 63 रन बनाए।

### राइफल-पिस्टल स्पर्धाओं में शीर्ष पर भारत



**सुहल।** भारतीय निशानेबाजों ने आईएसएसएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में 7 स्वर्ण पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने पिस्टल और राइफल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर अपने अभियान का शानदार समापन किया, लेकिन शॉटगन स्पर्धा में उसे कोई पदक नहीं मिला। भारत ने 24 पदकों (सात स्वर्ण, आठ रजत और नौ कांस्य) के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा। व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ियों ने छह स्वर्ण सहित 14 पदक जीते जबकि इटली ने छह स्वर्ण सहित 10 पदकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।


### एफआईएच प्रो लीग

## इंग्लैंड से पेनल्टी में हारा भारत

**लंदन।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को इंग्लैंड के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग मैच के नियमित समय में 2-2 से बराबर रहने के बाद पेनल्टी में 1-4 से हार झेलनी पड़ी। ली वैली हॉकी एवं टेनिस सेंटर में भारत के लिए दिलप्रीत सिंह (10वें और 58वें मिनट) ने दोनों गोल दागे जबकि इंग्लैंड के लिए डेविड गुडफील्ड (29वें मिनट) और निकोलस बांड्रुक (56वें मिनट) ने गोल किए। बाद में शूटआउट में मेजबान टीम के लिए थॉमस सोर्सबी, जेम्स अल्बेरी और कप्तान जैकरी वालेस ने अपने मौकों को गोल में बदला। इसके अलावा एक मौके पर पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे भी वालेस ने गोल में बदला। शूटआउट में भारत के लिए एकमात्र गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने किया।

**पहला हाफ रहा रोमांचक :** इससे पहले नियमित खेल के दौरान पहला हाफ रोमांचक रहा क्योंकि दोनों टीमों ने गोल किए और कुछ मौके भी बनाए। भारत ने पहले क्वार्टर में अच्छी शुरुआत की और जल्द ही एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। हालांकि कप्तान हरमनप्रीत की ड्रैग फ्लिक को इंग्लैंड के गोलकीपर जेम्स माजारेलो ने रोक दिया।

### 20 वर्षीय माया से भिड़ेंगी 44 साल की सेरेना



*लंदन। सात बार की विम्बलडन एकल चैंपियन सेरेना विलियम्स सोमवार से शुरू हो रहे इस ग्रैंड स्लैम के पहले दौर में ऑस्ट्रेलिया की 20 वर्षीय माया जॉइंट से भिड़ेंगी। यह लगभग चार वर्षों के अंतराल के बाद इस टूर्नामेंट में उनका पहला एकल मुकाबला होगा। इस 44 वर्षीय दिग्गज को घसियाले कोर्ट पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट के लिए लिए वाइल्ड कार्ड मिला है। वह एकल के अलावा अपनी बड़ी बहन वीनस विलियम्स (46) के साथ युगल स्पर्धा में भी हिस्सा लेंगी।*

### अमेरिकी ओपनः दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी को सीधे गेम में हराया

# रौनक ने किया उलटफेर, टिएन को हराया, क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

एजेंसी ▶▶| फुलर्टन

युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी रौनक चौहान ने अमेरिकी ओपन में बड़ा उलटफेर करते हुए चीनी ताइपे के दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी और शीर्ष वरीय चाउ टिएन चेन को सीधे गेम में हरा दिया। दुनिया के 80वें नंबर के खिलाड़ी रौनक ने टिएन को 21-17, 26-24 से हराया और इजराइल के मिशा जिल्बरमैन के साथ क्वार्टर फाइनल मुकाबला तय किया। भारत के 18 साल के रौनक ने शुरू से ही अपने अधिक अनुभवी प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बनाए रखा। हालांकि टिएन 17-15 तक आगे रहे लेकिन इसके बाद रौनक ने लगातार छह अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम कर लिया।



**दूसरे गेम में रौनक ने की वापसी**

दूसरे गेम में अधिकतर समय टिएन का दबदबा रहा और वह 17-11 से आगे थे लेकिन फिर रौनक ने लगातार छह अंक जीतकर जोरदार वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें रौनक ने चार गेम प्वाइंट बचाए और फिर अपने दूसरे मैच प्वाइंट को भुनाते हुए 49 मिनट में जीत हासिल की।

### अंतिम आठ में तन्वी रक्षिता और देविका

महिला एकल में विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा, रक्षिता श्री और देविका सिहाग भी अंतिम आठ में पहुंच गईं। पांचवीं वरीय तन्वी ने चीनी ताइपे की तुंग सिउ तोंग को 21-12, 21-19 से हराया जबकि रक्षिता ने भी चीनी ताइपे की ही चेन सु यू को 21-4, 21-19 से शिकस्त दी। छठी वरीय देविका ने थाईलैंड की टोनरुग साएहेंग को 21-17, 21-19 से हराया। अनुभवी किदांबी श्रीकांत ने पुरुष एकल में मलेशिया के ली जी जिया को 21-14, 21-13 से हराकर भारत के लिए एक शानदार दिन का समापन किया।

UCO BANK
(A Govt. of India Undertaking)
सम्मान आपके विश्वास का — Honours Your Trust

अंचल कार्यालय, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल : zoraipur.rec@ucobank.co.in

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस ।

आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **भौतिक/सांकेतिक कब्जा** प्रतिभूत लेनदार यूको बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर **29/07/2026** को **11.00** बजे से दोपहर **5.00** बजे तक बकाया राशि की वसूली के लिए बेचा जाएगा । आरक्षित मूल्य एवं अन्य विवरण नीचे दिए गए हैं। **बयाना राशि** प्रस्तुत करने की अंतिम समय नीलामी **29/07/2026, 3.00 बजे** के पूर्व सुनिश्चित की गई है। **ई-नीलामी की तिथि व समय- 29/07/2026** को सुबह **11.00 बजे** से उपरान्ह **5.00 बजे** तक प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ ।

**संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 24/07/2026 एवं ई-नीलामी की तिथि: 29/07/2026**

| क्र. सं. | शाखा का नाम/ संपर्क विवरण | ऋणी एवं गारंटर का नाम | बकाया राशि / कब्जा का प्रकार | मांग सूचना/ कब्जा सूचना तिथि | संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य व बयाना राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | MID CORPORATE Mr. Satish Kumr 09816087587 | मेसर्स कान्हा कंस्ट्रक्शन, प्रोप. धर्मेन्द्र द्विवेदी, गारंटर- धर्मेन्द्र द्विवेदी, ज्योति द्विवेदी, मेसर्स आर एंड डी इंटरप्राईजेस | ₹ 41.10 लाख + ब्याज / सांकेतिक कब्जा | 17/05/2025 / 07/08/2025 | संपत्ति के स्वामी- मेसर्स आर एंड डी इंटरप्राईजेस (कुरूद, मंदिर हसौद, रायपुर) पार्टनर- धर्मेन्द्र द्विवेदी एवं ज्योति द्विवेदी, खसरा नं. 924/5, प.ह.लनं. 74/13, कुरूद मंदिर हसौद, आरंग, जिला-रायपुर, क्षेत्रफल- 18292 वर्गफीट में स्थित भूमि एवं शेड सहित बाउंड्री । | 52,53,000/- / 5,25,300/- / 25,000/- |
| 02 | MID CORPORATE Mr. Satish Kumr 09816087587 | श्री चन्देश रायचुरा एवं भारती रायचुरा | ₹ 24.01 लाख + ब्याज / सांकेतिक कब्जा | 01/07/2025 / 29/09/2025 | संपत्ति के स्वामी- चंद्रेश रायचुरा एवं भारती रायचुरा, चौथी मंजिल, मल्टी स्टोरी भवन, अशोका रतन, शंकर नगर, डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड नं. 27, रायपुर छ.ग. में स्थित संपत्ति फ्लैट नं. 402. | 48,75,000/- / 4,87,500/- / 25000/- |
| 03 | Parsada Branch Mr. Arjun Ghosh 99932 56355 | जफर खान मोती | ₹ 27.67 लाख + ब्याज / सांकेतिक कब्जा | 08/10/2025 / 09/03/2026 | संपत्ति के स्वामी- जफर खान मोती के संपत्ति का विवरण- ख.नं. 655/23, प.ह.नं. 40, बिलासपुर, मौजा- तिफरा, रा.नि.मं.- सिरगिट्टी, विकासखंड- बिल्हा, भारतीय नगर, तैयबा मस्जिद के पीछे, बिलासपुर क्षेत्रफल- 1200 वर्गफीट, निर्मित क्षेत्रफल- 770 वर्गफीट में स्थित आवासीय भवन । | 53,00,000/- / 5,30,000/- / 25000/- |
| 04 | Jagdalpur Branch Mr. Jagjiban Nayak 94393 47578 | सत्य प्रसाद रथ एवं उषा रानी रथ | ₹ 20.93 लाख + ब्याज / सांकेतिक कब्जा | 10/01/2025 / 28/03/2025 | संपत्ति के स्वामी- उषा रानी रथ के संपत्ति का विवरण- प्रथम तल छ.ग. हाऊसिंग बोर्ड, अघनपुर, जगदलपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल- 716.93 वगफीट में स्थित फ्लैट नं. एमआईजी-33. | 25,81,000/- / 2,58,100/- / 25000/- |

**ई-नीलामी की तिथि एवं समयः 29/07/2026, सुबह 11:00 बजे से शाम 5.00 बजे** तक एव **संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समयः 24/07/2026, दोपहर 1:00 बजे से शाम 4:00 बजे** तक । बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए, कृपया **https://baanknet.com** पर दिए गए लिंक को देखें । इसके अलावा, संभावित बोलीदाता अधिक जानकारी के लिए ऊपर बताए गए शाखा प्रमुख से संपर्क कर सकते हैं । बैंक बिना कोई कारण बताए नीलामी प्रक्रिया को स्वीकार/अस्वीकार/रद्द करने का पूरा अधिकार सुरक्षित रखता है और इस संबंध में किसी भी प्रश्न पर विचार नहीं किया जाएगा ।

**यह प्रकाशन उपर्युक्त उधारकर्ताओं/गारंटीकर्ताओं/बंधककर्ताओं को 30 दिनों की नोटिस भी है ।**

दिनांक : 26.06.2026 स्थान : रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी/यूको बैंक, रायपुर (छ.ग.)

# फ्लैट में रह रहे शख्स ने पाल रखे थे 300 से ज्यादा अजगर, भारी-भरकम बिजली बिल ने खोली पोल

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

चीन में एक बैचलर के फ्लैट में 300 ज्यादा अजगर मिले हैं, जो वहां रह रहे शख्स ने पाल रखे थे। होश उड़ा देने वाले इस मामले की पोल फ्लैट के भारी-भरकम बिजली के बिल से खुली। शख्स के फ्लैट के बिजली का बिल इतना था कि पुलिस छानबीन के फ्लैट पर पहुंच गई और फ्लैट में मिले अजगरों को बरामद किया और दुर्लभ जीवों की अवैध ब्रीडिंग के आरोप में फ्लैट में रह रहे शख्स को अब जेल भेज दिया गया है। दुर्लभ जीवों की अवैध ब्रीडिंग के आरोप में जेल भेजा गया शख्स पुलिस की पकड़ में भी नहीं आता, लेकिन फ्लैट के लगातार आ रहे भारी-भरकम बिजली के बिल ने उसकी पोल खोलकर रख दी। आरोपी सांपों को जिंदा और आरामदायक माहौल देने के लिए दिन-रात हाई-पावर हीटर चला रहा था, जिससे उसके फ्लैट का बिजली का बिल आसमान छू रहा था।

### किराए के फ्लैट को शख्स ने बनाया अजगरों का ब्रीडिंग केंद्र

मामला चीन के झेजियांग प्रांत के ताइझोऊ शहर का है, जहां शख्स ने रहने के लिए किराए पर एक फ्लैट लिया था। शख्स काफी दिनों से उस फ्लैट में रह रहा था और जल्द ही उसने फ्लैट को अजगरों की ब्रीडिंग केंद्र बना लिया. फ्लैट के भारी-भरकम बिजली के बिल की छानबीन करते हुए पुलिस जब उसके फ्लैट में पहुंची तो अंदर का नजारा उसके होश उड़ गए, क्योंकि फ्लैट में 300 से ज्यादा खतरनाक अजगर मौजूद थे।



### पहाड़ के नीचे मिले विशालकाय अजगर से थाने पहुंचा मामला

मामले का खुलासा एक बुजुर्ग ने किया, जिसे एक पहाड़ के नीचे बहुत बड़ा सांप दिखाई दिया था। किसी वयस्क इंसान के हाथ जितने मोटे सांप का रंग इलाके में पाए जाने वाले आम सांपों से बिल्कुल अलग था। बुजुर्ग को शंका हुई और उसने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस की जांच में स्पष्ट हो गया कि पहाड़ के नीचे मिला भारी-भरकम सांप स्थानीय नहीं है। पुलिस का शक था कि सांप कहीं से भागकर वहां पहुंचा है।

### फ्लैट से बरामद किए गए विशालकाय अजगर

छापेमारी के दौरान फ्लैट में आरोपी अकेला मिला, लेकिन फ्लैट के अलग-अलग कोनों से 300 से ज्यादा अजगर बरामद किए गए। चीन में 'ग्रेड टू' संरक्षित जीवों की कैटेगरी में शामिल अजगर की अवैध ब्रीडिंग को लेकर सख्त कानून है। चीनी कानून के मुताबिक, बिना सरकारी अनुमति के ऐसे संरक्षित जीवों को खरीदना, बेचना, पालना या दूसरी जगह ले जाना पूरी तरह गैरकानूनी है।

### पुलिस को शक हो गया कि कहीं सांपों की ब्रीडिंग हो रही है

वन्यजीव विशेषज्ञों से सलाह लेकर जांच में जुटी पुलिस के हाथ जल्द आरोपी के गिरेहबां तक जा पहुंचे। पुलिस को अंदेशा था कि कहीं किसी घर में सांपों की ब्रीडिंग हो रही है, जिसके लिए 24 घंटे हीटर चलाए जाने से बिजली की खपत ज्यादा होती होगी। पुलिस अब ऐसे फ्लैट की तलाश में जुट गई, पुलिस ने ऐसे फ्लैट खंगालने शुरू किए और जल्द ही उसे वह फ्लैट मिल गया, जहां का सांप पाले जा रहे थे।

## बचाने के लिए अंतरिक्ष में तैनात हुआ 'रक्षक'

# आसमान से बरस रही भयंकर गर्मी, भयानक आग का खतरा झेल रहा ये खूबसूरत देश!

दुनिया का एक खूबसूरत देश इस समय खतरनाक संकट का सामना कर रहा है। आसमां से आ रही तेज धूप और रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के बीच ग्रीस के जंगलों में ऐसी तबाही मच सकती है, जो सब कुछ राख कर सकती है। ग्रीस इस समय इतिहास के सबसे भयानक वाइल्डफायर सीजन यानी जगंलों में लगने वाली भयनाक आग का सामना करने के लिए सांसें थामे खड़ा है। लेकिन, इस बार ग्रीस बेबस नहीं है। इस बार जमीन पर लगने वाली आग का मुकाबला करने के लिए अंतरिक्ष में एक महाशक्तिशाली 'रक्षक' को तैनात कर चुका है। जो ग्रीस को आग से बचाने के काम करेगा।

एजेंसी ▶▶| एथेंस

यूरोप इस समय भीषण गर्मी का सामना कर रहा है और लगातार बढ़ता तापमान आने वाली बड़ी आफत का संकेत है। ग्रीस का इलाका काफी सूखा और पहाड़ी है, और यहां 100 से ज्यादा ऐसे द्वीप हैं जहां आबादी रहती है। ऐसे में यहां आग पर काबू पाना बेहद मुश्किल काम होता है। भयानक गर्मी के कारण ग्रीस के जंगलों में लगने वाली आग को कंट्रोल करने के लिए ग्रीस को सीधे अंतरिक्ष से मदद मिलने जा रही है। धरती की कक्षा यानी ऑर्बिट में चक्कर काट रहे छोटे सैटेलाइट्स की एक नई फौज अब ग्रीस को इन खतरों से बचाने का काम करेगी।

छोटे आकार के सैटेलाइट्स जंगलों में आग की पहली चिंगारी को भी जान लेंगे। यह एक ऐसी एडवांस सिस्टम है जो न सिर्फ लोगों की जान बचाएगी, बल्कि पूरे यूरोप को तकनीक के मामले में आत्मनिर्भर भी बनाएगी।



### जर्मनी की कंपनी ने बनाए हैं सैटेलाइट

इन सैटेलाइट्स को जर्मनी की कंपनी ओरोराटेक ने तैयार किया है। इनमें बहुत ही एडवांस थर्मल सेंसर लगे हुए हैं, जो जमीन पर लगी मात्र 4 मीटर चौड़ी आग को भी आसानी से पकड़ सकते हैं। आम सैटेलाइट्स केवल तभी आग देख पाते हैं जब वह किसी बड़े समुद्री जहाज जितनी फैल जाती है।

### सिर्फ आग नहीं, सीमाओं पर भी होगी नजर

यूरोपीय देशों का प्लान इस नेटवर्क का इस्तेमाल सिर्फ आग देखने के लिए नहीं, बल्कि सीमाओं की सुरक्षा, फसलों के प्रबंधन, आपदा प्रबंधन और शहरों के उन हिस्सों की पहचान करने के लिए भी करना है ,जहां गर्मी बहुत ज्यादा बढ़ जाती है।

### एआई रोकेगा गलत अलार्म

जैसे ही कहीं भी आग की घटना सैटेलाइट को दिखेगी, वैसे ही कमांडर्स के पास एक अलर्ट पहुंच जाएगा। इसमें आग की सटीक लोकेशन, उसका आकार और वह कितनी तेजी से फैल रही है, इसकी पूरी डिटेल्स होगी। अगर एक साथ कई जगहों पर आग लगती है, तो यह लाइव डेटा यह तय करने में मदद करेगा कि फायर ब्रिगेड को पहले कहां जाना है। ये थर्मल सेंसर सोलर पैनल, फैक्ट्री की गर्मी छटों और धूप से तपती चट्टानों को भी पकड़ लेते हैं। इसके साथ ही अलर्ट भेजने से पहले ही एआई मॉडल इन सभी गलत अलार्मों को खुद ही फिल्टर कर देगा।

### *तकनीक पर ग्रीस का बड़ा दांव*

*ग्रीस ने साल 2024 में अपने इतिहास की सबसे गर्म गर्मी दर्ज की थी। साल 2018 में एथेंस के पास लगी आग में 100 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी, जिसके बाद से ग्रीस ने आग के खतरों से बचने के लिए अपने पूरे सिस्टम को बदल दिया है। अब सैटेलाइट्स के साथ-साथ ड्रोन्स और ग्राउंड सेंसर्स का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। यह प्रोजेक्ट यूरोप के सपोर्ट की एक बड़ी कंपनी के योजना का हिस्सा है। ग्रीस तीन यूरोपीय कंपनियों के साथ मिलकर 200 मिलियन यूरो की लागत से एक बड़ा ऑब्जर्वेशन नेटवर्क तैयार कर रहा है, जिसे यूरोपीय संघ फंडिंग कर रहा है। इसमें थर्मल सैटेलाइट्स के साथ-साथ ऐसे रडार सैटेलाइट भी होंगे जो बादलों और धुएं के पार भी देख सकेंगे। यह पूरा प्रोजेक्ट इस साल के अंत तक तैयार हो जाएगा।*

# लंबी जिंदगी पाने का सीक्रेट क्या है? 3 बहनों की कहानी खोलेगी इस मिस्ट्री से पर्दा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लंबी उम्र और स्वस्थ रहने की ख्वाहिश हर किसी की होती है। पूरी दुनिया में इसे लेकर प्रयोग हो रहे हैं कि कैसे इंसान की उम्र बढ़ाई जा सके। यहां तक कि ऐसी खबरें आती रहती हैं कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी अपनी उम्र बढ़ाने को लेकर फिक्रमंद रहते हैं और कोशिशें कर रहे हैं। मगर, अब शायद लंबी उम्र पाने का राज मिल सकता है।

**ब्राजील की तीन बहनों की उम्र 316 साल:** वैज्ञानिकों को लंबे जीवन का राज शायद ब्राजील की उन तीन बहनों में मिल सकता है, जिनकी संयुक्त रूप से उम्र 316 साल है। इसी महीने उनके नाम दुनिया की सबसे ज्यादा उम्र वाली तीन बहनों के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल हो सकते हैं। ब्राजील के रियो डी जनेरियो में रहने वाली तीन बहनें ज़ुलिना डी डेउस नुनेस (103), जोराइडे डी डेउस मोटा (104) और लेविटा डी डेउस नुनेस (109) उम्र के इस पड़ाव पर भी बेहद स्वस्थ जिंदगी जी रही हैं।

### *क्या है यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट*

*इस प्रोजेक्ट का नाम है डीएनए लॉन्गेवो प्रोजेक्ट। इसकी अगुवाई ब्राजील की साओ पाउलो यूनिवर्सिटी की वैज्ञानिक मयाना जैट्ज कर रही हैं। इस प्रोजेक्ट का मकसद है एजिंग के पीछे का जैविक फैक्टर का पता लगाना। इस स्टडी का मकसद 500 ऐसे लोगों तक पहुंचना है, जिनकी उम्र 100 साल या उससे ज्यादा है, ताकि हम लंबी उम्र के बारे में ज्यादा पक्के नतीजे निकाल सकें।*

### *रिसर्चर जोआओ पाउलो गुइलहर्मे*

*इन तीन बहनों से वैज्ञानिक इस बात को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे कि कुछ लोग ज्यादा उम्र में भी क्यों शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बने रहते हैं। रिसर्चर यह भी समझ पाएंगे कि कैसे बढ़ती उम्र में मानसिक गिरावट और क्रॉनिक बीमारियां बढ़ती जाती हैं। ऐसे लक्षणों के बारे में पता लगा पाएंगे, जो उम्र को बढ़ाने के पीछे जिम्मेदार हैं।*

### *डीएनए टेस्टिंग से प्रोटेक्टिव जीन को समझने की कोशिश*

*मयाना जैट्ज के मुताबिक, डीएनए टेस्टिंग की बदौलत हम प्रोटेक्टिव जीन को समझेंगे। हम जानते हैं कि उनमें से कई हैं। वह ह्यूमन जीनोम रिसर्च सेंटर को भी कोऑर्डिनेट कर रही हैं।*

सड़कों पर गाड़ियां चलाने की नहीं है इजाजत

# घोड़े से आते हैं डिलीवरी ब्वॉय बग्घी पर लाते हैं पार्सल

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

आज के डिजिटल युग में अमेजन, फ्लिपकार्ट जैसी कंपनियां सेकंडों में ऑर्डर प्लेस करवा लेती हैं और कुछ ही घंटों में बाइक या वैन से डिलीवरी हो जाती है। लेकिन, अमेरिका के मिशिगन राज्य में एक ऐसा आइलैंड है जहां 21वीं सदी में भी डिलीवरी का सबसे पुराना और रोमांचक तरीका इस्तेमाल होता है। ये है घोड़े और बग्घी।

मकिनैक आइलैंड उत्तरी मिशिगन में स्थित है। यहां मोटर वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध है। पूरे आइलैंड पर सिर्फ घोड़े, बग्घी, साइकिल और पैदल चलने की इजाजत है। नतीजतन, यहां अमेजन के पार्सल, किराने का सामान, रेस्टोरेंट का खाना और हर तरह का ऑर्डर घोड़े खींची बग्घी पर आता है।



**19वीं सदी का जीवंत संग्रहालय:** मकिनैक आइलैंड को अक्सर 'समय में यात्रा' कहा जाता है। यहां 19वीं सदी की वास्तुकला, घोड़ों की आवाज, बग्घी की घंटियों की आवाज और फ्यूज की मीठी खुशबू हर तरफ फैली रहती है।

***कैसे होती है डिलीवरी*** *यहां स्थानीय दुकानें, होटल और रेस्टोरेंट घोड़ों द्वारा माल मंगवाते हैं। अमेजन और अन्य ऑनलाइन शॉपिंग के पार्सल फेरी से आइलैंड तक पहुंचते हैं। फिर विशेष डिलीवरी बग्घी या घोड़ों द्वारा पूरे आइलैंड पर घर-घर पहुंचाए जाते हैं। फूड डिलीवरी भी बग्घी पर होती है। कूड़ा-करकट भी घोड़े द्वारा खींची गाड़ी में इकट्ठा करके ले जाया जाता है। आइलैंड पर सिर्फ इमरजेंसी सेवाओं (फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस) के लिए कुछ सीमित इलेक्ट्रिक वाहनों को छूट है, लेकिन आम नागरिकों और पर्यटकों के लिए बिल्कुल नहीं।*

***क्यों लगाया गया कारों पर बैन:*** *1875 में आइलैंड को पर्यटक स्थल बनाया गया था। उस समय घोड़े ही मुख्य साधन थे। 1896 में आइलैंड के काउंसिल ने मोटर वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया, ताकि शांत वातावरण, साफ हवा और पुरानी संस्कृति बनी रहे। यह नियम आज भी सख्ती से लागू है। आइलैंड पर करीब 500 स्थायी निवासी हैं। गर्मियों में पर्यटकों की संख्या लाखों में पहुंच जाती है। यहां का सबसे मशहूर आकर्षण ग्रैंड होटल है, जिसकी पोर्च दुनिया की सबसे लंबी मानी जाती है।*

# बाजार में जामुन की भरमार मतलब इस साल पड़ेगा सूखा?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में इस साल बाजार में जामुन की भरमार है, क्या यह सूखे की आहट है। सोशल मीडिया में ऐसी पोस्ट वायरल हैं, जिसमें दादी-नानी के जमाने की पुरानी कहावत का जिक्र करते हुए लोग कह रहे हैं कि जिस साल ज्यादा जामुन की पैदावार होती है, उस साल सूखा पड़ने का खतरा रहता है। अल नीनो के कारण कमजोर मॉनसून और जून में अब तक बारिश में 43 फीसदी की कमी ने टेंशन और बढ़ा दी है। लोगों का कहना है कि 2026 की गर्मियों में जामुन की इतनी पैदावार का सीधा रिश्ता मॉनसून बारिश में कमी से है और यह असामान्य तौर पर सूखे का इशारा करता है।

### *इस साल जामुन की बंपर पैदावार*

*इस गर्मी में भारत के कई इलाकों में बाजारों में गहरे बैंगनी रंग के जामुन की भारी*



*आवक है। ग्रामीण इलाकों में भी जामुन के पेड़ फलों से लदे हैं। अगर गर्मियों में जामुन के पेड़ों से असामान्य रूप से बड़ी संख्या में फल झड़ते हैं, तो उस साल सूखा पड़ने की आशंका ज्यादा होती है। सोशल मीडिया पोस्टों में इस भारी पैदावार को कम बारिश और सूखे से लोग जोड़ रहे हैं। पुराने वक्त की कहावतों में कहा जाता है कि ज्यादा जामुन घटते भूजल स्तर का संकेत देते हैं। जल संकट से जूझ रहे पेड़ों में ऐसा होता है।*

### *बंपर पैदावार का मतलब*

*जामुन के पेड़ में मार्च-अप्रैल के बीच फूल आते हैं। इनमें छोटे, सफेद और खुशबूदार फूलों के गुच्छे बन जाते हैं। फल बनने से पहले परागण होता है। उस दौरान बारिश नहीं होने से बेहतर होता है।*

# यहां जहरीले कोबरा के साथ सोते हैं लोग, सांप से खेलते हैं बच्चे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आमतौर पर लोग सांप देखते ही दहल जाते हैं, खासकर जहरीले कोबरा को देखकर तो लोग भाग खड़े होते है। लेकिन, महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में स्थित शेतपाल गांव इस सोच को पूरी तरह चुनौती देता है। यहां के लोग जहरीले कोबरा सांपों के साथ एक ही घर में रहते हैं, उनके साथ सोते हैं और बच्चे उनके साथ खेलते है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि सदियों पुरानी इस परंपरा में आज तक एक भी सांप काटने का मामला दर्ज नहीं हुआ है।

शेतपाल गांव पुणे से करीब 200 किलोमीटर दूर मोहोल तालुका में बसा है।



### गली-गली घूमते हैं कोबरा

इस गांव में कोबरा, वाइपर और अन्य सांपों की भरमार है, लेकिन कोई डर नहीं है। बच्चे स्कूल जाते समय, घर में खेलते समय या सोते समय भी सांपों को सहजता से देखते है। एक गांववासी ने बताया, 'हमारे यहां सांप मेहमान की तरह आते हैं। हम उन्हें जगह देते हैं, दूध-फल चढ़ाते हैं। वे भी हमें कभी नहीं काटते। यह हमारी आस्था और विश्वास का नाता है।' वैज्ञानिक और वन्यजीव विशेषज्ञ इस घटना का अध्ययन कर चुके हैं, लेकिन पूरा रहस्य अभी भी अनसुलझा है।

### *देखने आते हैं लोग*

*पर्यटक दूर-दूर से आकर इस अनोखे सह-अस्तित्व को देखने आते है। हालांकि, गांववासी पर्यटकों से भी सांपों का सम्मान बनाए रखने की अपील करते हैं। वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि दुनिया में इंसान और वन्य जीवों के बीच ऐसे सहजीवन के उदाहरण बहुत कम हैं। शेतपाल इस बात का प्रमाण है कि अगर प्रकृति के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए तो हिंसक जीव भी शांतिपूर्ण रह सकते हैं। गांव में सांप काटने का कोई रिकॉर्ड ना होने के कारण डॉक्टर और वैज्ञानिक भी हैरान है। कुछ अध्ययनों में पाया गया कि यहां के सांपों में आक्रामकता कम है, क्योंकि उन्हें कोई खतरा महसूस नहीं होता।*

### शरीर खुद उगाएगा अपने कटे हुए अंग!

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की टेक्सास एएंडएम यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने एक ऐसा कमाल किया है, जो आने वाले समय में इंसानों को अपने खोए हुए अंग वापस पाने की ताकत दे सकता है। वैज्ञानिकों ने बिना किसी स्टेम सेल या जेनेटिक इंजीनियरिंग से, सिर्फ दो नेचुरल प्रोटन की सहायता से चूहों की कटी हुई उंगलियों को फिर से उगाने में कामयाबी हासिल की है। आमतौर पर इंसानों या चूहों जैसे स्तनधारी जीवों में जब भी कोई अंग कटता है, तो वहां घाव भरने के बाद स्कार टिश्यू यानी निशान बन जाता है, लेकिन अंग दोबारा नहीं उगता। वैज्ञानिकों ने चूहों की कटी हुई उंगलियों पर दो खास प्रोटीन्स का समय-समय पर लगाया।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com